www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...
राष्ट्रीय संस्करण



पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
नई दिल्ली, बुधवार, 22 नवम्बर, 2023 | वर्ष-16 | अंक-227 | पृष्ठ-10 | मूल्य - 3.00 रुपए



मध्य प्रदेश में मतगणना की तैयारियों में जुटे राजनीतिक दल 02
■ राजधानी दिल्ली में अब चलेंगी एप आधारित प्रीमियम...
■ श्रद्धालुओं को छठ घाटों पर अव्यवस्था का सामना... 03
■ इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने इमरान की 'जेल सुनवाई'...
■ जम्मू कश्मीर में घुसपैठ की घटनाओं में आई तेजी 07
मेरी मां ने मुझे फैशन की दुनिया से परिचित ... 10

## सार संक्षेप

### सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 11 दिसम्बर तक बढ़ी



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 11 दिसंबर तक बढ़ा दी, जिन्हें अब खत्म हो चुकी उत्पाद शुल्क नीति में कथित अनियमितताओं के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि कई दस्तावेज जमा करना लंबित है और आरोपी व्यक्तियों के लिए प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दाखिल किया जाना है।

### मेघालय में शुरू हुआ भारत-अमेरिका संयुक्त अभ्यास



**नई दिल्ली।** भारत-अमेरिका संयुक्त विशेष बल अभ्यास 'वज्र प्रहार 2023' मंगलवार को मेघलय के उमरोई में संयुक्त प्रशिक्षण नोड में शुरू हुआ। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि अमेरिकी दल का प्रतिनिधित्व प्रथम विशेष बल समूह (एसएफजी) के कर्मियों द्वारा किया जाता है, जबकि भारतीय सेना दल का नेतृत्व पूर्वी कमान के विशेष बल के कर्मियों द्वारा किया जाता है।

### 2020 दिल्ली दंगे: सबूतों के अभाव में 7 लोग हुए बरी



**नई दिल्ली।** साल 2020 के दिल्ली दंगों से जुड़े एक मामले में यहां की एक अदालत ने सोमवार को सात आरोपियों को सभी आरोपों से बरी कर दिया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रमाचला की अगुवाई वाली अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष उचित संदेह से परे यह साबित करने में विफल रहा कि आरोपी शिकायतकर्ता की दुकान में आगजनी, तोड़फोड़ और चोरी में शामिल दंगाई भीड़ का हिस्सा थे।

### खालिस्तान समर्थक नारे लिखने वाला पुलिस ने धरा



**नई दिल्ली।** पंजाब और हरियाणा में तलाशी के बाद, दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल ने सितंबर में आईएसबीटी फ्लाईओवर की दीवारों पर खालिस्तान समर्थक नारे लिखे जाने के मामले में लगभग 35 साल की उम्र के एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। शख्स की पहचान मालक सिंह के रूप में हुई है और उसे हरियाणा के कुरुक्षेत्र से हिरासत में लिया गया।

### भारत ब्रिटेन संयुक्त कार्य समूह की बैठक संपन्न

**नई दिल्ली।** भारत-ब्रिटेन इलेक्ट्रिक उत्प्रेरक (प्रोपल्शन) क्षमता साझेदारी संयुक्त कार्य समूह की दूसरी बैठक मंगलवार को यहां संपन्न हुई । बैठक की सह-अध्यक्षता रक्षा उत्पादन विभाग के संयुक्त सचिव राजीव प्रकाश और ब्रिटिश नौसेना के रियर एडमिरल स्टीव मेक्कार्थी ने की।

---

दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई

# किसानों को दोष न दे सरकार

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा, किसानों को उनकी बात सुने बिना बनाया जा रहा है खलनायक

**नई दिल्ली**, 21 नवम्बर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने पराली जलाने के मुद्दे पर पंजाब सरकार को खूब फटकारा है। अदालत ने कहा कि खेतों में आग लगाने की घटनाएं कम नहीं हुई हैं। कोर्ट ने पंजाब सरकार से पूछा कि आप पराली निपटाने की प्रक्रिया को 100 फीसदी मुफ्त क्यों नहीं करते? सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि किसानों को वित्तीय प्रोत्साहन देने के तरीके में पंजाब राज्य को भी हरियाणा राज्य से सीख लेनी चाहिए। अदालत ने अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि 'किसानों को खलनायक बनाया जा रहा है' और यहां अदालत में उनकी बात नहीं सुनी जा रही है। कोर्ट ने कहा, पराली जलाने के लिए किसान के पास कुछ कारण होगा। अदालत पंजाब की जमीन में पानी की कमी को लेकर भी चिंतित नजर आई। सुप्रीम कोर्ट ने 5 दिसंबर को सुनवाई की अगली तारीख कर दी है।

**मशीन ही सब कुछ नहीं है**

सुप्रीम कोर्ट ने पूछा, पंजाब सरकार पराली निपटान प्रक्रिया को 100 फीसदी मुफ्त क्यों नहीं करती? इसे जलाने के लिए किसान को बस एक माचिस की तीली



जलानी होगी। किसानों के लिए फसल अवशेष प्रबंधन के लिए मशीन ही सब कुछ नहीं है। भले ही मशीन मुफ्त में दी जाती है, मगर इसमें डीजल की लागत, मैनपावर

- पराली के मुद्दे पर पंजाब सरकार को फटकारा
- 5 दिसम्बर को होगी इस पर अगली सुनवाई

आदि शामिल है। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि पंजाब डीजल, मैनपावर आदि को वित्तीय सहायता क्यों नहीं कर सकता और बाई-प्रोडक्ट का उपयोग क्यों नहीं कर सकता। सुप्रीम कोर्ट ने कहा पंजाब को वित्तीय प्रोत्साहन देने के तरीके में हरियाणा से सीख लेनी चाहिए।

### दिल्ली व उप्र से रिपोर्ट तलब

सुनवाई के दौरान, सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली और उत्तर प्रदेश सरकार को खुले में कूड़ा जलाने की घटनाओं पर रिपोर्ट दाखिल करने को कहा। सुप्रीम कोर्ट ने कैबिनेट सचिव की समिति को निजी स्थलों पर निर्माण के पहलू पर भी गौर करने को कहा।

---

फंड न देने पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई नाराजगी

## आरआरटीएस प्रोजेक्ट को 415 करोड़ दे दिल्ली सरकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली-मेरठ रीजनल रैपिड ट्रांसपोर्ट सिस्टम (आरआरटीएस ) प्रोजेक्ट को फंड न देने पर सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार से नाराजगी जताई है।

कोर्ट ने मंगलवार 21 नवंबर को कहा कि सरकार एक हफ्ते के अंदर 415 करोड़ रुपए दे। अगर नहीं दिया तो दिल्ली सरकार के विज्ञापन बजट पर रोक लगाकर फंडिंग दे देंगे। जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस सुधांशु धूलिया की बेंच अब 28 नवंबर को मामले की सुनवाई करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार से कहा कि विज्ञापनों पर आपका तीन साल का बजट 1100 करोड़ और



- सरकार एक हफ्ते के अंदर करे राशि का भुगतान
- कोर्ट ने सरकार से विज्ञापन खर्च की डिटेल मांगी

इस साल का बजट 550 करोड़ है। आपके पास विज्ञापनों के लिए पैसा है, लेकिन आपके पास उस परियोजना के लिए पैसा क्यों नहीं है, जो लोगों को बेहतर सुविधा देगी। अगर विज्ञापन पर पैसे खर्च किए हैं तो विकास कार्यों पर भी करें। साथ ही कोर्ट ने दिल्ली सरकार से 2 हफ्ते में एक एफिडेविट फाइल करने को कहा है। साथ ही इसमें पिछले 3 वित्तीय वर्ष के दौरान विज्ञापनों पर किए गए खर्च की डिटेल देने का निर्देश दिया है।

आरआरटीएस प्रोजेक्ट के जरिए दिल्ली को राजस्थान और हरियाणा से जोड़ा जाना है। इसके तहत हाईस्पीड कंप्यूटर बेस्ड रेलवे सर्विस दी जाएगी।

---

उत्तरकाशी टनल हादसा

## 41 मजदूरों का पहली बार वीडियो आया सामने

**उत्तरकाशी**, 21 नवम्बर (देशबन्धु)। उत्तरकाशी के सिलक्यारा टनल हादसे के दसवें दिन मंगलवार को 41 मजदूरों का पहली बार वीडियो सामने आया। सभी मजदूर ठीक हैं। इस वीडियो के सामने आने के बाद रेस्क्यू टीम का उत्साह भी बढ़ गया है। अब सुरंग के ऊपर से ड्रिलिंग होगी, जिसकी पूरी तैयारी हो चुकी है। इसके लिए ओडिशा से सेना के हेलीकॉप्टर से मोटे पाइप लाकर सिलक्यारा टनल पहुंचाए गए हैं। कोटियाला से बड़ी वर्टिकल मशीन बोर (ड्रिलिंग) करने के लिए सिलक्यारा लाई गई है। अब इन भारी भरकम पाइप और वर्टिकल मशीन को टनल के ऊपर पहाड़ी पर ले जाकर ड्रिलिंग होगी।



**ऑस्ट्रेलिया के विशेषज्ञ कर रहे नेतृत्व**

ऑस्ट्रेलिया के इंटरनेशनल टनलिंग एक्सपर्ट अर्नोल्ड डिक्स रेस्क्यू ऑपरेशन को लीड कर रहे हैं। टनल के ऊपर पहले ही ड्रिलिंग वाला स्थान चिन्हित किया जा चुका है। रेस्क्यू टीम पूरे ऑपरेशन को अंजाम देने

- सभी मजदूर ठीक, बचाव टीम का भी उत्साह बढ़ा
- अब सुरंग के ऊपर से ड्रिलिंग करने की तैयारी

को तैयार है। वर्टिकल मशीन सुरंग के ऊपर से नीचे की तरफ ड्रिलिंग करेगी। इस मशीन की खासियत है कि यह बड़े एरिया में ड्रिलिंग करती है। बता दें कि सिलक्यारा में चारधाम रोड परियोजना के तहत टनल निर्माण हो रहा है। दीपावली के दिन टनल में मलबा आ गया था। 12 नवंबर की सुबह से 41 मजदूर मलबे के कारण सुरंग के अंदर की तरफ फंसे हुए हैं। उन्हें बचाने के लिए पिछले दस दिनों से रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है।

---

राहुल ने मोदी पर साधा निशाना

## हमारे लड़के अच्छा खासा वर्ल्ड कप जीत रहे थे

**उदयपुर**, 21 नवम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी को पनौती बता दिया है। राजस्थान में चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि पीएम का मतलब है पनौती मोदी। उन्होंने विश्व कप क्रिकेट फाइनल मैच का जिक्र करते हुए कहा कि हमारे लड़के अच्छा खासा वर्ल्ड कप जीत रहे थे। उन्हें हरवा दिया। इसके साथ ही राहुल ने उद्योगपति अडानी को जेब काटने वाला बताया और कहा कि मोदी का काम आपके ध्यान को इधर-उधर करने का है। अडानी का काम आपकी जेब काटना है। राहुल ने मंगलवार को बाड़मेर के बायतु और उदयपुर के वल्लभनगर में जनसभा को संबोधित किया।

राहुल ने उद्योगपति अडानी को भी घेरा



मोदी का काम आपके ध्यान को इधर-उधर करने का है। अडानी का काम आपकी जेब काटना है: राहुल गांधी

राहुल ने कहा कि ये नफरत और हिंसा क्यों फैलाते हैं और इनको क्या फायदा होता है। मैं आज ये समझाने आया हूं। जब दो जेबकतरे किसी की जेब काटना चाहते हैं तो क्या करते हैं? ध्यान हटाने का काम करते हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी ने राजस्थान में रोड शो किया

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को चुनावी राज्य राजस्थान के बीकानेर शहर में एक रोड शो किया। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रोड शो जूनागढ़ से शुरू होकर गोकुल में खत्म हुआ। सुरक्षा के लिए कम से कम 250 अधिकारी और 1200 पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे। मोदी के साथ केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल भी थे। प्रधानमंत्री के लिए सड़क के किनारे सात स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए मंच लगाए गए थे, जहां कलाकारों ने 'कालबेलिया' नृत्य किया।

---

राजस्थान में कांग्रेस का घोषणा पत्र जारी

## 10 लाख युवाओं को नई नौकरियां देने का वादा

**जयपुर**, 21 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान में 25 नवंबर को विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। चुनाव को देखते हुए कांग्रेस ने मंगलवार को प्रदेश की जनता के लिए अपना घोषणापत्र जारी कर दिया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जयपुर में कांग्रेस के वार रूम से ये घोषणात्र जारी किया।

कांग्रेस ने अपने घोषणात्र में राज्य के किसानों, महिलाओं और युवाओं सभी को साधने का प्रयास किया है। इनमें किसानों, युवाओं से लेकर महिलाओं को ध्यान में रखकर ऐलान किए गए हैं। घोषणापत्र में वादा किया गया है कि कांग्रेस की सरकार बनने के बाद घर की महिला मुखिया को हर साल 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी



- घर की महिला मुखिया को हर साल मिलेंगे 10 हजार रुपए
- चिरंजीवी बीमा की राशि को 25 लाख से बढ़ाकर 50 लाख किया जाएगा

जाएगी। साथ ही 10 लाख युवाओं को नई नौकरियां देने का वादा भी किया गया। कांग्रेस ने घोषणापत्र में वादा किया है कि पंचायत स्तर पर सरकारी नौकरी का नया काडर बनाया जाएगा। कांग्रेस ने घोषणापत्र में प्रदेश की महिलाओं को भी साधने का प्रयास किया है। कांग्रेस ने वादा किया है कि गैस सिलेंडर अभी 500 रुपए का मिल रहा है, उसे 400 किया जाएगा।

**घोषणापत्र की खास बातें**

- स्वामीनाथन कमेटी की सिफारिशों के मुताबिक एमएसपी कानून लाया जाएगा
- परिवार की महिला मुखिया को सालाना 10 हजार रुपए दिए जाएंगे
- चिरंजीवी बीमा की राशि को 25 लाख से बढ़ाकर 50 लाख किया जाएगा
- 4 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी जाएगी, 10 लाख युवाओं को रोजगार दिया जाएगा
- गैस सिलेंडर अभी 500 रुपए का मिल रहा है, उसे 400 रुपए किया जाएगा
- मनरेगा और इंदिरा गांधी शहरी रोजगार में 125 से बढ़ाकर 150 दिन किया जाएगा
- 100 तक जनसंख्या वाले गांवों और ढाणियों को सड़क से जोड़ा जाएगा
- हर गांव एवं शहरी वार्ड में सिक्योरिटी गार्ड लगाए जाएंगे
- आवास का अधिकार कानून लाकर सभी को आवास दिए जाएंगे
- जातिगत जनगणना का भी वादा किया गया है

---

आईसीएमआर ने किया दावा

## कोरोना टीकाकरण ने भारतीयों में मौत के जोखिम को कम किया

**नई दिल्ली**, 21 नवम्बर (एजेंसियां)। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) द्वारा मंगलवार को किए गए अध्ययन के निष्कर्ष के अनुसार, कोविड-19 टीकाकरण से भारत में युवा वयस्कों में अचानक होने वाली अज्ञात मौतों का खतरा नहीं बढ़ता है।

इंडियन जर्नल ऑफ मेडिकल रिसर्च में प्रकाशित शोध से पता चला है कि लाइफस्टाइल फैक्टर्स जैसे वर्तमान धूम्रपान की स्थिति, अत्यधिक शराब पीना, ड्रग्स/नशीले पदार्थों का सेवन आदि अचानक होने वाली अज्ञात मौतों से जुड़े हैं।

अन्य चीजों की तुलना में, शराब के सेवन की आवृत्ति जितनी अधिक होगी, अचानक होने वाली अज्ञात मौत की संभावना उतनी ही अधिक होगी। अनुसंधान निकाय ने भारत के स्पष्ट रूप से स्वस्थ युवा वयस्कों में अचानक होने वाली अज्ञात मौतों की वास्तविक रिपोर्टों को देखते हुए एक अध्ययन किया, जो कि कोविड -19 संक्रमण या टीकाकरण से जुड़ा हुआ है।

**मौतों से जुड़े कारकों का विश्लेषण किया**

शोधकर्ताओं ने पूरे भारत में 47 तृतीयक देखभाल अस्पतालों से 18-45 वर्ष की आयु के व्यक्तियों में ऐसी मौतों से जुड़े कारकों का विश्लेषण किया। विश्लेषण में कम से कम 729 मामले और 2,916 नियंत्रण शामिल किए गए। शोधकर्ताओं ने खुलासा किया, कोविड-19 टीकाकरण से भारत में युवा वयस्कों में अचानक होने वाली अज्ञात मौतों का खतरा नहीं बढ़ा। पिछले कोविड-19 अस्पताल में भर्ती होने के बजाय पारिवारिक इतिहास और कुछ जीवनशैली व्यवहारों ने अचानक होने वाली अज्ञात मौतों की संभावना को बढ़ा दिया है।



- युवा वयस्कों में अचानक होने वाली अज्ञात मौतों के खतरे को नकारा

---

नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी की बड़ी कार्रवाई

## यंग इंडिया की 751.9 करोड़ की संपत्ति जब्त

**नई दिल्ली**, 21 नवम्बर (एजेंसियां)। ईडी ने नेशनल हेराल्ड केस में यंग इंडिया की 751.9 करोड़ रुपए की संपत्ति अटैच की है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने कहा कि जब्त की गई संपत्ति में एजेएल की दिल्ली, मुंबई और लखनऊ सहित कई जगहों की प्रॉपर्टी है। कांग्रेस से जुड़े यंग इंडिया के खिलाफ ये कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में की गई है। इस कंपनी में सोनिया-राहुल की 76 फीसदी हिस्सेदारी है। इसी मामले में ईडी ने 3 अगस्त 2022 को दिल्ली की हेराल्ड बिल्डिंग में स्थित यंग इंडिया कंपनी का ऑफिस सील कर दिया था। 2 और 3 अगस्त को ईडी की टीम ने सुबह से देर शाम तक नेशनल हेराल्ड के दिल्ली, मुंबई और कोलकाता समेत 16 ठिकानों पर छापेमारी की थी। यह कार्रवाई सोनिया और राहुल से पूछताछ के बाद की गई थी।

नेशनल हेराल्ड केस का मामला सबसे पहले भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने 2012 में उठाया था। अगस्त 2014 में ईडी ने इस मामले में स्वत: संज्ञान लेते हुए मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया।




- दिल्ली, मुंबई व लखनऊ सहित कई जगहों की प्रॉपर्टी है शामिल

---

## बिहार में आरक्षण का दायरा बढ़कर 75 फीसदी हुआ

**पटना**, 21 नवम्बर (देशबन्धु)। बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने मंगलवार को 'बिहार आरक्षण संशोधन विधेयक- 2023' को मंजूरी दे दी। बिहार में अब सरकारी नौकरियों और शिक्षण संस्थाओं में आरक्षण का दायरा बढ़कर 75 प्रतिशत हो जाएगा। इससे पहले विधानमंडल के शीतकालीन सत्र में इस विधेयक को सर्वसम्मति से पास कर दिया गया था और राज्यपाल के पास भेजा गया था। नई आरक्षण नीति के तहत एससी के लिए मौजूदा 16 प्रतिशत की बजाए 20 प्रतिशत, एसटी के लिए 1 प्रतिशत की जगह 2 प्रतिशत, पिछड़े वर्गों के लिए 12 प्रतिशत की जगह 18 प्रतिशत और इबीसी के लिए 18 फीसदी की बजाय 25 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की गई है।

राज्यपाल आर्लेकर ने दी मंजूरी

---

राजनीति | छोटे दल असमंजस में आ रहे हैं नजर

## बिहार में छोटे दल तय नहीं कर पा रहे 'सियासी मित्र'

**पटना, 21 नवम्बर (एजेंसियां)। अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर लगभग सारी पार्टियों ने तैयारी शुरू कर दी है। लेकिन, प्रदेश के छोटे दल अब तक सियासी मित्र को लेकर असमंजस की स्थिति में हैं। इस बीच, अपने वोट बैंक को जोड़ कर रखने और दूसरे के वोट बैंक में सेंध लगाने को लेकर सभी दल प्रयास जरूर कर रहे हैं, लेकिन सियासी मित्र को लेकर अपने पत्ते नहीं खोल रहे हैं।**

विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के प्रमुख मुकेश सहनी ने 101 दिनों की संकल्प यात्रा के जरिए अपने वोट बैंक को जोड़ने की कोशिश की तो पूर्व सांसद पप्पू यादव की पार्टी जन अधिकार पार्टी स्थानीय मुद्दों के समाधान को लेकर संघर्ष करते नजर आ रही है।

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की नजर भी उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों पर लगी है। बसपा ने अनिल कुमार को बिहार प्रभारी बनाकर पार्टी में जान फूंकने की कोशिश की है। कुमार भी बक्सर, भोजपुर, रोहतास सहित कई जिलों में बसपा को मजबूत करने में जुटे हैं। ये दल हालांकि किस गठबंधन के साथ लोकसभा चुनाव में उतरेंगे इसकी तस्वीर अब तक साफ नहीं कर सके हैं।



- गठबंधन को लेकर अपने पत्ते नहीं खोल रहे छोटे दल

वीआईपी 6 दिसंबर को मुजफ्फरपुर में एक बड़ी रैली का आयोजन करने जा रही है, जिसमे संभावना व्यक्त की जा रही है कि वीआईपी इस दिन सियासी मित्र को लेकर अपने पत्ते खोले। वीआईपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता देव ज्योति हालांकि यह भी कहते हैं कि किस गठबंधन के साथ जाना है, इसका फैसला पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी को करना है।

उन्होंने आगे कहा कि वीआईपी निषादों के आरक्षण की लड़ाई लड़ रही है और यही मुद्दा है जो गठबंधन भी तय करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि हमारी अपनी ताकत है और यह सभी राजनीतिक दल जानते हैं।

बसपा के बिहार प्रभारी अनिल कुमार भी गठबंधन को लेकर विशेष कुछ नहीं बोलते। उन्होंने कहा कि हमारा दायित्व पार्टी को बिहार में मजबूत करना है, जिस पर तेजी से काम चल रहा है।

# देश

**उवाच** “ सावंत के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल में कांग्रेस विधायक सिकेरा को शामिल करना निराशाजनक है। राजनीतिक वादों से समझौता किए जाने, लोगों के विश्वास को धोखा देने की यह याद दिलाता है। कांग्रेस नुवेम के मतदाताओं और गोवा के लोगों के साथ खड़ी है।

**–मनिकम टैगोर, गोवा कांग्रेस प्रभारी**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 22.0 | 14.0 |
| मुंबई | 31.0 | 26.0 |
| कोलकाता | 27.0 | 19.0 |
| चेन्नई | 26.0 | 25.0 |

# राजस्थान विस चुनाव में चालीस से अधिक सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबला

## भजपा-कांग्रेस के लिए बागी उम्मीदवार व अन्य दल के प्रत्याशी बने चुनौती

**जयपुर,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान में राज्य की दो सौ विधानसभा क्षेत्रों में से 199 सीटों पर 25 नवम्बर होने वाले विधानसभा आम चुनाव में डेढ़ सौ से अधिक सीटों पर सत्तारुढ़ कांग्रेस एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच सीधा मुकाबला होने के आसार नजर आने लगे हैं वहीं दोनों पार्टियों में बागी उम्मीदवार एवं अन्य दल के प्रत्याशियों की वजह से चालीस से अधिक सीटों पर त्रिकोणीय एवं कुछ स्थानों पर चतुष्कोणीय मुकाबला होने के आसार है।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का जोधपुर के सरदारपुरा सीट पर भाजपा प्रत्याशी डा. महेन्द्र सिंह राठौड़ से सीधा मुकाबला हैं। इसी तरह पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे का झालरापाटन सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार राम लाल चौहान, विधानसभा अध्यक्ष डा सी पी जोशी का नाथद्वारा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार विश्वराज सिंह मेवाड़, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़ का चुरु जिले में तारानगर सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी नरेन्द्र बुढ़ानिया, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट का टोंक सीट पर भाजपा प्रत्याशी अजीत सिंह मेहता एवं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा का चुनाव पहले भाजपा में शामिल हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया से सीधा मुकाबला माना जा रहा है। इसी तरह गहलोत सरकार के कई मंत्री जिनमें कोटा उत्तर से शांति धारीवाल, बीकानेर पश्चिम से बी डी कल्ला, लालसोट से परसादी लाल मीणा, सिविल लाइंस से प्रताप सिंह खाचरियावास सहित कई मंत्रियों का भाजपा प्रत्याशियों से सीधा चुनावी मुकाबला हैं। इसके अलावा पूर्व केंद्रीय मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ का जयपुर के झोंटवाड़ा, सांसद दिया कुमारी का विद्याधरनगर, डा. किरोडी लाल मीणा का सवाईमाधोपुर एवं महंत बालकनाथ का तिजारा में कांग्रेस प्रत्याशी के साथ सीधा मुकाबला होने के आसार हैं। इसके अलावा कांग्रेस एवं भाजपा के दर्जनों विधायकों एवं पूर्व विधायकों सहित कई नेताओं के बीच सीधा चुनावी मुकाबला माना जा रहा है।

इस बार चुनाव में कांग्रेस एवं भाजपा दोनों ही दलों में दर्जनों की संख्या में बागी उम्मीदवार सामने आएजिनमें दोनों ही दलों ने कई प्रत्याशियों के मनाने में सफल भी रहे और कई बागियों को पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित भी कर दिया गया लेकिन उसके बावजूद भी कई बागी चुनाव मैदान में डटे रहने के कारण पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों के लिए समस्या बने हुए हैं।



■ जोधपुर के सरदारपुरा सीट पर अशोक गहलोत को टक्कर दे रहे भाजपा प्रत्याशी महेन्द्र राठौड़

### त्रिकोणीय मुकाबले में सबसे हॉट सीट बनी चित्तौड़गढ़

इस बार त्रिकोणीय मुकाबले में सबसे हॉट सीट बनी चित्तौड़गढ़ में मौजूद भाजपा विधायक चन्द्र भान सिंह आक्या पूर्व मंती एवं भाजपा उम्मीदवार नरपत सिंह राजवी एवं कांग्रेस के उम्मीदवार सुरेन्द्र सिंह जाड़ावत के लिए मुश्किल बने हुए हैं। आक्या का टिकट कटने के बाद वह निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सी पी जोशी भी सांसद चित्तौड़गढ से ही हैं और चित्तौड़गढ़ उनका गृह जिला होने के बावजूद श्री आक्या के समर्थन में जनसैलाब उमड़ने से सबकी नजर चित्तौड़गढ़ पर टिकी हुई हैं। इसी तरह पूर्व विधानसभा अध्यक्ष दीपेन्द्र सिंह शेखावत श्रीमाधोपुर में भाजपा प्रत्याशी के अलावा कांग्रेस बागी बलराम यादव के चुनाव मैदान में होने से त्रिकोणीय मुकाबले की स्थिति में संघर्ष करते नजर आ रहे हैं।

# बिहार में छोटे दल असमंजस में

## तय नहीं कर पा रहे सियासी मित्र

**पटना,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर लगभग सारी पार्टियों ने तैयारी शुरू कर दी है। लेकिन, प्रदेश के छोटे दल अब तक सियासी मित्र को लेकर असमंजस की स्थिति में हैं। इस बीच, अपने वोट बैंक को जोड़ कर रखने और दूसरे के वोट बैंक में सेंध लगाने को लेकर सभी दल प्रयास जरूर कर रहे हैं, लेकिन सियासी मित्र को लेकर अपने पत्ते नहीं खोल रहे हैं। विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के प्रमुख मुकेश सहनी ने 101 दिनों की संकल्प यात्रा के जरिए अपने वोट बैंक को जोड़ने की कोशिश की तो पूर्व सांसद पप्पू यादव की पार्टी जन अधिकार पार्टी स्थानीय मुद्दों के समाधान को लेकर संघर्ष करते नजर आ रही है। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की नजर भी उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों पर लगी है। बसपा ने अनिल कुमार को बिहार प्रभारी बनाकर पार्टी में जान फूंकने की कोशिश की है। कुमार भी बक्सर, भोजपुर, रोहतास सहित कई जिलों में बसपा को मजबूत करने में जुटे हैं। ये दल हालांकि किस गठबंधन के साथ लोकसभा चुनाव में उतरेंगे इसकी तस्वीर अब तक साफ नहीं कर सके हैं। वीआईपी 6 दिसम्बर को मुजफ्फरपुर में एक बड़ी रैली का आयोजन करने जा रही है, जिसमे संभावना व्यक्त की जा रही है कि वीआईपी इस दिन सियासी मित्र को लेकर अपने पत्ते खोले।

# मध्य प्रदेश में मतगणना की तैयारियों में जुटे राजनीतिक दल

**भोपाल,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में मतदान के बाद अब मतगणना की तैयारियां शुरू हो गई हैं। भाजपा-कांग्रेस दोनों ही तीन दिसंबर की तैयारियों में जुटे हुए हैं। इसी बीच प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने राज्य की सभी 230 विधानसभा सीटों से कांग्रेस उम्मीदवारों को राजधानी भोपाल बुलाया है। इसी दिन सभी प्रत्याशियों को मतगणना को लेकर विशेष ट्रेनिंग दी जाएगी। दरअसल, कमलनाथ सभी कांग्रेस प्रत्याशियों को मतगणना के दिन की ट्रेनिंग दिलवाने वाले हैं। बताया जा रहा है कि कांग्रेस ने इसके लिए तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। 26 नवंबर को कांग्रेस अपने सभी प्रत्याशियों को मतगणना की ट्रेनिंग देगी। इस दौरान कमलनाथ समेत सभी वरिष्ठ नेता और सभी उम्मीदवार मौजूद रहेंगे।

इस दौरान विशेषज्ञ कांग्रेस के सभी प्रत्याशियों को कुछ जरूर टिप्स भी देंगे। जो मतदान के दौरान उनके काम आएंगे। कमलनाथ पहले सभी 230 प्रत्याशियों को ट्रेनिंग दिलवाएंगे। इसके बाद सभी प्रत्याशी अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में पहुंचकर अपने-अपने बूथ एजेंटों को ट्रेनिंग देंगे। ताकि मतगणना के दिन बूथ एजेंटों को भी मतदान से जुड़ी पूरी जानकारी रहे। बताया जा रहा है कि कमलनाथ ने इसके लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी में सभी तैयारियां करवा ली हैं, ताकि ट्रेनिंग के बाद आगे की प्रोसेस शुरू की जा सके। बताया जा रहा है कि वोटिंग के बाद भी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने एक सर्वे भी कराया है। इसमें सभी 230 विधानसभा सीटों पर हुई वोटिंग के बाद की स्थिति का अंदाजा लगाया जा रहा है। ऐसे में जिन सीटों पर मतगणना अंतिम दौर तक जाकर नतीजों पर रुकने वाली है, वहां के प्रत्याशियों को भी पहले से ही अलर्ट कर दिया गया है। इस बार प्रदेश में जमकर मतदान हुआ है। सूबे में 76 फीसदी तक वोटिंग हुई है। वहीं मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव के मतदान के बाद पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह की सक्रियता बढ़ गई है।



■ कमलनाथ ने सभी 230 उम्मीदवारों को भोपाल बुलाया
■ प्रत्याशियों को मतगणना को लेकर दी जाएगा विशेष प्रशिक्षण

## सार संक्षेप

### राजस्थान में मतदान दिवस पर रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**जयपुर।** राजस्थान के जयपुर जिले में मतदान दिवस 25 नवम्बर को सार्वजनिक अवकाश रहेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने कहा कि सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश की अनुपालना में जिले के समस्त विधानसभा क्षेत्रों में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। उन्होंने कहा कि जिले के समस्त विधानसभा क्षेत्र स्थित कार्यालयों में पराक्रम्य लिखित अधिनियम, 1881 के तहत अवकाश रहेगा। वहीं, श्रम विभाग द्वारा जारी आदेश के तहत जिले के समस्त विधानसभा क्षेत्र स्थित निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, दुकान, औद्योगिक उपक्रम या कारोबार, व्यवसाय में कार्यरत कामगारों को मतदान दिवस का सवैतनिक अवकाश देय होगा।

### तेलंगाना में वेंकटस्वामी के आवास व कार्यालयों पर छापा

**हैदराबाद।** तेलंगाना में आयकर विभाग अधिकारियों ने मंगलवार को पूर्व सांसद एवं कांग्रेस नेता विवेक वेंकटस्वामी के आवासों एवं दफ्तरों की तलाशी ली। सूत्रों ने बताया कि आयकर अधिकारियों में मंगलवार को तड़के सोमाजीगुडा हैदराद, मंचेरियाल तथा बेगमपेट में वेंकटस्वामी के दफ्तरों में छापा मारा। सूत्रों के मुताबिक आयकर अधिकारियों में ये कार्रवाई उनकी कंपनी में आठ करोड़ रुपए के लेनदेन की सूचना पर की।

### मप्र चुनाव निपटते ही कुछ नेताओं को भेजा राजस्थान

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में मतदान होने के चार दिन बाद ही कुछ उम्मीदवारों को राजस्थान चुनाव की जिम्मेदारी मिली है। अब यह नेता 25 नवम्बर तक राजस्थान में रख कर चुनाव प्रचार करेंगे। राऊ से कांग्रेस प्रत्याशी जीतू पटवारी को चुनाव प्रचार के लिए राजस्थान के कुछ जिलों की जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने राजस्थान के खेल मंत्री अशोक चांदना के विधानसभा क्षेत्र में कुछ चुनाव सभा ली। इसके अलावा वे प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों में भी जा रहे है। कांग्रेस विधायक महेश परमार, कुणाल चौधरी भी 2 दिन से राजस्थान में डेरा डाले हुए हैं। पंजाब के कांग्रेस अध्यक्ष राजा बरार के साथ उनकी ड्यूटी लगी हुई है।

### राजगढ़ में दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के राजगढ़ के दो मतदाताओं पर आरोप है कि उनके द्वारा निर्वाचन आयोग की गोपनीयता भंग करते हुए मतदान करने के दौरान ईवीएम मशीन की बैलेट यूनिट का फोटो लेकर सोशल मीडिया पर वायरल किया गया है। शिकायत रिटर्निंग अधिकारी के द्वारा की गई, जिस पर छापीहेड़ा वा मलावर थाना पुलिस के द्वारा कार्रवाई करते हुए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

# केटीआर ने सरकारी नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों को दिया भरोसा

**हैदराबाद,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। सरकारी विभागों में रिक्तियों को भरने में कथित विफलता और भर्ती परीक्षाओं के प्रश्नपत्रों के लीक होने को लेकर विपक्षी कांग्रेस और भाजपा के हमले के बाद बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के.टी.रामाराव ने सरकारी नौकरियों की तैयारी कर रहे युवाओं को आश्वासन दिया कि बीआरएस उनके साथ खड़ा है। बीआरएस की सत्ता बरकरार रहने को लेकर आश्वस्त केटीआर ने वादा किया कि वह वोटों की गिनती के एक दिन बाद 4 दिसंबर की सुबह नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों से मिलेंगे। उन्होंने मुख्य रूप से अशोक नगर में रहने वाले और तेलंगाना के विभिन्न जिलों से आने वाले उम्मीदवारों से मुलाकात की। मंत्री केटीआर ने एक्स पर पोस्ट किया अशोक नगर के सरकारी नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों के साथ एक गहन बातचीत हुई, जो आगे बढ़ने का रास्ता खोजने की उम्मीद के साथ मुझसे मिलने आए थे। उन्हें आश्वासन दिया कि भविष्य उज्ज्वल है और चुनाव के तुरंत बाद मैं उनसे उनके अड्डे पर मिलूंगा। केटीआर ने उन्हें आश्वासन दिया कि वह चुनाव परिणामों की घोषणा के बाद 4 दिसम्बर को अशोक नगर में सरकारी कर्मचारियों के साथ एक बैठक करेंगे, जिसमें सरकारी नौकरियों को भरने से संबंधित सभी मुद्दों पर गहन चर्चा की जाएगी।



# महाभारत के संग्राम की तरह दिखाई दे रहा राजस्थान चुनाव : कांग्रेस

## भाजपा पर लगाया गोडसे व सावरकर की विचारधारा का समर्थन करने का आरोप

**जयपुर,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता साधना भारती ने कहा कि राजस्थान विधानसभा चुनाव महाभारत के संग्राम की तरह दिखाई दे रहा है। एक तरफ दुराचारी और अत्याचारियों की सेना खड़ी है। यह लोग गोडसे और सावरकर की विचारधारा का समर्थन कर बलात्कारियों और किसानों को कुचलवाने वाले आरोपियों को संरक्षण देते हैं। भाजपा पीएम नरेंद्र मोदी और अमित शाह की भारत जलाओ सेना है। कौरवों के कुकर्मियों की सेना है। वहीं, दूसरी तरफ भारती ने कांग्रेस को सत्य, अहिंसा और धर्मनिरपेक्ष लोगों की सेना बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सेना सूचना का अधिकार और राजस्थान में गरीबों को 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने वालों की सेना है।

उन्होंने कहा कि अशोक गहलोत सरकार ने गरीबों को 25 लाख का मुफ्त उपचार दिया है। आमजन के लिए 10 लाख का बीमा कराया है। यह सेना मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की है। राजस्थान की जनता इस बार चुनाव का रिवाज बदलेगी। अशोक गहलोत की सरकार योजनाओं की वजह से वापसी करेगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भगवान श्रीकृष्ण की तरह फिर से राजस्थान में राज करेंगे।



बलात्कारियों व किसानों को कुचलवाने वाले आरोपियों को संरक्षण देती है भाजपा : साधना भारती

**भाजपा के पास मुख्यमंत्री का चेहरा नहीं**

साधना भारती ने कहा कि राजस्थान में भाजपा के पास मुख्यमंत्री का चेहरा नहीं है। पीएम मोदी कमल और खुद के चेहरे की बात कर मुख्यमंत्री बनाने के लिए कह रहे हैं। क्या वे राजस्थान के मुख्यमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा ओबीसी मुख्यमंत्री दिए हैं और आगे भी देते रहेंगे। चुनावी रणभूमि में भाजपा पहले ही परास्त हो चुकी है। कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। आम जनता से जो वादे किए हैं, उनको पूरा किया जाएगा। भारती ने कहा कि प्रधानमंत्री राजस्थान में महिला और बेटियों की सुरक्षा की बात कर रहे हैं। लेकिन, मणिपुर में बहन-बेटियों को नंगा घुमाया गया। इससे ज्यादा शर्म की बात क्या हो सकती है, पूर्व सैनिक की पत्नी के साथ भी बर्बरता की गई। पिता के सामने बेटियों को नग्न किया गया। उस समय पीएम मोदी को दया नहीं आई।

### राजस्थान में इस बार रिवाज बदलने का दावा

**अजमेर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अल्का लाम्बा ने दावा किया है कि राजस्थान में इस बार रिवाज बदलेगा और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत चौथी बार सरकार बनाएंगे। लाम्बा ने बातचीत में कहा कि राजस्थान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में दो फाड़ है और कांग्रेस संगठन एकजुटता के साथ संगठित होकर चुनाव लड़ रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि वह डबल इंजन का डी भी नहीं बोल पाते, जहां जहां डबल इंजन सरकार है वहां का क्या हश्र हो रहा है किसी से छीपा नहीं। उन्होंने कहा कि मोदी धर्म के नाम पर वोट मांगने का काम कर रहे हैं जबकि मुख्यमंत्री गहलोत काम के नाम पर वोट मांग रहे है। राजस्थान कांग्रेस के जारी हुए घोषणा पत्र का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस का घोषणा पत्र मतलब गारंटी, जो भाजपा के जुमला घोषणा पत्र पर भारी है। 85 पृष्ठों के घोषणा पत्र में कांग्रेस ने युवाओं को रोजगार, पांच लाख का युवाओं को बिना ब्याज के लोन, ओपीएस, फ्री लेपटॉप, 400 रुपए में गैस सिलेंडर के अलावा जातीय जनगणना की घोषणा प्रमुख है।

**मधिरा में आयोजित आशीर्वाद सभा में बोले केसीआर**

# लोगों के अधिकारों के लिए हुआ बीआरएस का जन्म

**मधिरा,**21 नवम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने मंगलवार को मधिरा में आयोजित आशीर्वाद सभा को संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस नहीं जीतेगी, कांग्रेस में एक दर्जन मुख्यमंत्री पद के दावेदार हैं। मैं गारंटी दे रहा हूं कि कांग्रेस पार्टी को बीस से कम सीटें मिलेंगी। राज्य में बीआरएस पार्टी को पुराने बहुमत से दो सीटें ज्यादा बढ़कर मिलेगी। बीआरएस सरकार दोबारा आ रही है, इसमें संदेह नहीं है। मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि कमल राज को विधायक जिताएं, मैं दलित बंधु प्रदान करूंगा। उन्होंने कहा कि मैं हर परिवार को एक दलित बंधु देने की जिम्मेदारी लेता हूं। मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि कांग्रेस नेता कहते कि रायथु बंधु फंड की बर्बादी है। केसीआर, बीआरएस ने रायथु बंधु शब्द को जन्म दिया। अगर बीआरएस जीतती है तो हम किसानों के रायथु बंधु की राशि दस हजार से बढ़ाकर सोलह हजार कर देंगे। जब ओलावृष्टि हुई तो मैने फसल का नुकसान देखा तो मौके पर ही दस हजार देने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि बीआरएस का जन्म लोगों के अधिकारों के लिए हुआ है। 1956 में, कांग्रेस पार्टी की सरकार ने हमारे तेलंगाना को जबरन आंध्र में विलय कर दिया। कांग्रेस ने 1969 में तेलंगाना आंदोलन में हमारे 400 बच्चों की गोली मारकर हत्या कर दी। 2004 में, हमारे तेलंगाना की गति को देखते हुए, उन्होंने हमारे साथ गठबंधन किया। उन्होंने गठबंधन बनाकर तेलंगाना चुनाव जीता और केंद्र और राज्य दोनों में जीत हासिल की। कांग्रेस का पूरा इतिहास धोखाधड़ी का इतिहास है। हमें देखना चाहिये कि कांग्रेस के पचास वर्षों के शासनकाल में गरीबों, किसानों और दलितों की स्थिति कैसी थी। हम सभी जानते हैं कि कांग्रेस शासन के दौरान बिजली नहीं थी और लोग मोमबत्तियां, मिट्टी के तेल के बल्ब और सूखे चावल की भूसी लेकर विधानसभा में आते थे। हमारे बीआरएस शासन के तहत पिछले दस वर्षों के दौरान, हमने यह सुनिश्चित किया है कि धान के खेत कहीं भी न सूखें। 24 घंटे बिजली और पानी आ रहा है।



■ कांग्रेस में एक दर्जन मुख्यमंत्री पद के दावेदार
■ तेलंगाना में बीआरएस सरकार बनने का किया दावा

### पार्टी के समर्थन में मांगे वोट

केसीआर ने कहा कि यह हमारी बीआरएस सरकार है जिसने मेडिकल दुकानों, उर्वरकों और सरकारी अनुबंध कार्यों में दलितों को आरक्षण दिया है। आप बताएं कि दलित बच्चों को कांग्रेस पार्टी को वोट क्यों देना चाहिए। यदि आप इस गैर जिम्मेदार भट्टी को वोट देंगे तो आपको क्या मिलेगा। कमल राज जीतेंगे तो आपको फायदा होगा। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि अगर विनम्र, शिक्षित और आपके बीच के कमल राज जीतते हैं, तो मैं हर तरह से आपका समर्थन करूंगा। आप कार चुनाव चिन्ह को वोट दें।

# केरल में कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ के लिए राहत

**तिरुवनंतपुरम,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट विपक्ष का नेतृत्व करने वाली कांग्रेस ने तब राहत की सांस ली है, जब आईयूएमएल सुप्रीमो पनक्कड़ सादिकली शिहाब थंगल ने कहा कि उनकी पार्टी की यूडीएफ छोड़ने की कोई योजना नहीं है। थंगल ने कहा, हम अपने रुख से और अपने राजनीतिक विचारों में बदलाव के लिए एक इंच भी पीछे नहीं हटेंगे। हम बैंक रूट नहीं अपनाना चाहते। और अगर कोई यह आशा कर रहा है कि हम अपने राजनीतिक विचारों को बदल देंगे, तो इसे हमेशा के लिए खत्म किया जा सकता है। पिछले कुछ सालों में आईयूएमएल बढ़त हासिल करने की कोशिश में लगातार उतार-चढ़ाव करती रही है, खासकर जब कांग्रेस दबाव में आ गई हो। 2011 में, जब ओमन चांडी सरकार ने 140 सदस्यीय केरल विधानसभा में सिर्फ दो सीटों के बहुमत के साथ अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा किया, तब आईयूएमएल ने अपनी ताकत दिखाई और पांचवां कैबिनेट पद हासिल किया। पिछले कुछ समय से पिनाराई विजयन की सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ वाम मोर्चा सरकार कठिन समय से गुजर रही है और आगामी लोकसभा चुनाव नजदीक होने के कारण वे आईयूएमएल को लुभाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। सीपीआई (एम) ने कांग्रेस को अस्थिर करने की पूरी कोशिश की जब उन्होंने आईयूएमएल को फिलिस्तीन समर्थक रैली के लिए आमंत्रित किया, लेकिन आईयूएमएल द्वारा निमंत्रण स्वीकार नहीं करने का फैसला करने के बाद कांग्रेस ने राहत की सांस ली।

**आईयूएमएल ने दोहराया समर्थन**


**निर्देश** *मप्र में मतगणना को लेकर चुनाव आयोग के दिशा-निर्देश जारी*

# प्रदेश में मतगणना केंद्रों पर वीआईपी को नहीं मिलेगा प्रवेश

**भोपाल, 21 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में मतगणना केंद्रों में वीआईपी लोगों को प्रवेश नहीं मिलेगा। राज्य के मंत्री हो या फिर केंद्र के मंत्री, मतगणना केंद्रों में उन्हें प्रवेश नहीं दिया जाएगा। केवल प्रत्याशी या पार्टी एजेंट को ही मतगणना केंद्र में आने की अनुमति होगी। इसके लिए चुनाव आयोग ने स्थिति साफ कर दी है। इसके अनुसार मंत्री, सांसद, विधायक।**

और महापौर गणना एजेंट भी नहीं बन सकेंगे। साथ ही शासकीय कर्मचारी भी पार्टियों के एजेंट नहीं बन सकेगें। इधर, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्य प्रदेश अनुपम राजन ने भी मंगलवार को मतगणना के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में राजन ने सभी जिला कलेक्टरों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने काउंटिंग को लेकर सभी जिलों में की जा रही तैयारियों को लेकर कलेक्टर्स एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। कलेक्टर्स ने भी तैयारियों के संबंध में उन्हें अवगत करवाया। इसके साथ ही स्ट्रांग रूम में रखी गईं ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी राजन ने जिला निर्वाचन अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कैमरा बंद होने की मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लिया जाए।

इस पर कलेक्टरों ने राजन को बताया कि ईवीएम को कड़ी सुरक्षा के बीच रखा गया है। पुलिस बल और केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से ईवीएम की निगरानी की जा रही है। इसके साथ सीसीटीवी कैमरों से भी बराबर मॉनिटरिंग की जा रही है। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि और प्रत्याशी ईवीएम को देख पाएं, इसके लिए भी विशेष इंतजाम किए गए हैं। उनके लिए परिसर में बाहर स्क्रीन लगाई गई है।



■ गणना एजेंट भी नहीं बन सकेंगे मंत्री, सांसद, विधायक व महापौर

**गार्ड की भी रहेगी नो एंट्री**

मंत्रीगण केवल उस स्थिति में ही मतगणना केंद्रों में प्रवेश पा सकेंगे, जब वे खुद विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार हों। वे केवल उसी विधानसभा क्षेत्र के मतगणना कक्ष में प्रवेश कर सकेंगे, जहां से वे चुनाव लड़ रहे हैं। लेकिन ऐसी स्थिति में उनकी सुरक्षा के लिए तैनात सशस्त्र गार्डों को मतगणना केंद्र के भीतर प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा।

प्रदेश में 230 विधानसभा सीटों के लिए 17 नवम्बर को मतदान हुआ है। अब तीन दिसंबर को सभी जिला मुख्यालयों पर वोटों की गिनती की जाएगी। सभी राजनीतिक दलों, प्रत्याशियों और आमजन को परिणामों का इंतजार है। वहीं दूसर ओर राजधानी भोपाल में सरकारी ऑफिसों में एक बार फिर रौनक दिखाई दी। हालांकि, दफ्तरों में लोग चुनावी चर्चा में मसरूफ दिखाई दिए। इसके पहले विधानसभा चुनाव में मतदान में ड्यूटी और दिवाली के त्योहार के चलते बीते कुछ दिनों से शासकीय कार्यालयों में माहौल ठंडा था। काम काज कछुए की चाल से किया जा रहा था। लेकिन चुनाव ड्यूटी में व्यस्थ कर्मचारी अधिकारी लौट आए हैं।

**उल्टा पुल्टा**

मरीज : डॉक्टर साहब ऑपरेशन पूरी सावधानी से करिएगा ?
डाक्टर : ऐसा क्यूं कहा ?
मरीज : क्यूकि सर्जन और विसर्जन में बस जरा सा ही अंतर है ?
ऑपरेशन सही हुआ तो आप सर्जन और अगर हाथ हिल गया तो मेरा विसर्जन...

# राजधानी दिल्ली में अब चलेंगी एप आधारित प्रीमियम बसें : केजरीवाल

## उपराज्याल की मंजूरी के बाद सेवा शुरू करने का रास्ता साफ



पब्लिक ट्रांसपोर्ट व्यवस्था में बहुत बड़ा बदलाव लाएगी एप बेस्ड प्रीमियम बस सेवा : अरविंद केजरीवाल

**नई दिल्ली,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। राजधानी दिल्ली में एप बेस्ड प्रीमियम बस सेवा शुरू करने का रास्ता साफ हो गया है। एलजी वीके सक्सेना की मंजूरी के बाद मंगलवार को प्रीमियम बस सेवा के लिए नोटिफिकेशन जारी हो गया। एप बेस्ड प्रीमियम बस सेवा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की महत्वाकांक्षी योजना है। इसके तहत लग्जरी बसें चलाई जाएंगी। इन बसों में एसी, वाईफाई, जीपीएस, पैनिक बटन, डिजिटल डिसप्ले जैसी अन्य अत्याधुनिक सुविधाएं होंगी। केजरीवाल ने ट्वीट कर लिखा कि मुझे उम्मीद है ये सेवा दिल्ली की पब्लिक ट्रांसपोर्ट व्यवस्था में बहुत बड़ा बदलाव लाएगी। लोग अपनी कार और स्कूटर छोड़कर बसों में सफर करना शुरू करेंगे। पिछले चार वर्षों में इसे सार्थक बनाने के लिए हम लोगों ने काफी मेहनत की। प्रीमियम बस चलाने के लाइसेंस धारक अपने अनुसार रूट और किराया निर्धारित कर सकते हैं। एप पर यात्री टिकट बुक करने से पहले किराया देख सकेंगे। डायनेमिक प्राइसिंग की अनुमति होगी। लाइसेंस धारक बस का किराया कम या ज्यादा अपने अनुसार कर सकता है, लेकिन डीटीसी के अधिकतम किराए से कम नहीं हो सकता. इतना ही नहीं, बस में यात्रियों से किराया केवल डिजिटल माध्यम से लिया जा सकेगा। इससे पारदर्शिता भी रहेगी और पेपरलेस टिकटिंग होगी. बस में किसी को फिजिकल टिकट नहीं दिया जाएगा। जो पहले से बुकिंग करेगा उसी को यात्रा की इजाजत होगी। मुख्यमंत्री केजरीवाल को उम्मीद है कि प्रीमियम बस सेवा शुरू होने से ट्रांसपोर्ट व्यवस्था में बड़ा बदलाव आएगा। लोग अपने निजी वाहन छोड़कर बसों में सफर करना शुरू करेंगे यदि लोग पब्लिक ट्रांसपोर्ट की ओर रुख करते हैं तो दिल्ली में जाम और प्रदूषण की समस्या से निजात मिलेगी, जो वर्तमान में एक बड़ी समस्या है।

### बुकिंग लेने के बाद यात्रा नहीं कर सकेंगे रद्द

प्रीमियम बस सेवा के लाइसेंस धारक यदि यात्रा की बुकिंग ले लेते हैं तो वह इसे रद्द नहीं कर सकेंगे। इससे यात्रियों को असुविधा नहीं होगी। सिर्फ आकस्मिक स्थिति में ही यात्रा को रद्दद्द किया जा सकता है।

# बाधाओं के बावजूद सरना ने सिख तीर्थयात्रियों के लिए वीजा प्राप्त किया



**नई दिल्ली,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। पाकिस्तान स्थित विभिन्न गुरुद्वारों के दर्शनों के लिए शिरोमणि अकाली दल श्रदालुओं को वीजा उपलब्ध करवा रहा है। सरना ने संवाददाताओं से कहा कि गुरु नानक पातशाह की दिव्य कृपा से, शिरोमणि अकाली दल पाकिस्तान में विभिन्न गुरुद्वारों के लिए वीजा की सुविधा दे रहा है और तीर्थ यात्राओं के लिए आयोजन कर रहा है, जिससे बड़ी संख्या में लोग इन आध्यात्मिक यात्राओं में भाग ले सकें।

पंथक नेता ने कहा कि हरमीत सिंह कालका और जगदीप सिंह काहलों जैसे व्यक्तियों द्वारा पैदा की गई बाधाओं के बावजूद, जो सरकारी समर्थन से डीएसजीएमसी को नियंत्रित करते हैं, दर्शन के लिए संगत की प्रार्थनाओं का उत्तर दिया गया है और इच्छुक भक्तों के लिए वीजा दिए गए हैं। सरना ने इस बात पर अफसोस जताया कि इन लोगों ने सीमा पार कर के पूजनीय स्थलों तक संगत की पहुंच को बाधित करने के लिए वीजा आवेदन प्रक्रिया में बाधा डालने के लिए काफी प्रयास किए।

# श्रद्धालुओं को छठ घाटों पर अव्यवस्था का सामना करना पड़ा : इकबाल सिंह

## छठ महापर्व की आधा अधूरी तैयारी को लेकर बोला हमला



**नई दिल्ली,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व महापौर राजा इकबाल सिंह ने हाल ही में संपन्न हुए छठ महापर्व की आधा अधूरी तैयारी करने के लिए निगम की आम आदमी पार्टी सरकार पर जोरदार हमला बोला। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि निगम की आप सरकार ने छठ घाटों के रखरखाव एवं साफ सफाई हेतु प्रति वार्ड 40 हजार रुपए की राशि तय की थी जो की अपर्याप्त थी। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि निगम के सभी 12 क्षेत्रों में 90 प्रतिशत से अधिक टेंडरों की बोली ही प्राप्त नहीं हुई।

छठ घाटों की सफाई एवं व्यवस्था के लिए टेंडर की बोली ना लगने का प्रमुख कारण इस राशि का इस कार्य के लिए पर्याप्त न होना था जिस कारण से छठ घाटों पर साफ सफाई एवं बिजली की व्यवस्था नगण्य थी और छठ घाटों पर साफ सफाई बिजली इत्यादि की कोई भी व्यवस्था नहीं थी एवं वहां पर अंधेरा एवं जगह जगह पर कूड़े के ढेर मौजूद थे। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि छठ महापर्व दिल्ली का एक प्रमुख त्यौहार है जिसे पूर्वांचल के लोग बड़ी आस्था एवं विश्वास के साथ मनाते हैं। लेकिन दिल्ली नगर निगम की आम आदमी पार्टी की सरकार का बेरुखी भरा नजरिया कहीं ना कहीं लोगों के आस्था के साथ एक बड़ा मजाक साबित हुआ। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि मैं दिल्ली की महापौर महोदया से कहना चाहता हूं कि आपके द्वारा छठ घाटों के रखरखाव के लिए घोषित फंड अपर्याप्त होने के चलते इस संदर्भ में कोई भी कार्य नहीं हो पाया एवं घाटों पर हर जगह अवव्यस्था का आलम था। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि दिल्ली की मेयर को लोगों की आस्था के साथ खिलवाड़ करने के कारण दिल्ली के नागरिकों से माफी मांगनी चाहिए।

## सार संक्षेप

### निरंकारी संत समागम 26 नवम्बर को

**नई दिल्ली।** प्रेम, शांति और एकत्व के शुभ भाव को आध्यात्मिक जागृति के द्वारा वैश्विक स्तर पर प्रसारित करने हेतु प्रतिबद्ध संत निरंकारी मिशन के तत्वावधान में एक विशाल निरंकारी संत समागम का आयोजन गाजियाबाद के लोनी स्थित डी पी एस स्कूल ग्राउंड में आगामी 26 नवम्बर रविवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक होना सुनिश्चित हुआ है जिसकी अध्यक्षता निरंकारी मिशन की सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता करेंगे। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए स्थानीय संयोजक उदयराज सिंह ने बताया कि लोनी में प्रथम बार यह समागम भव्य रूप में आयोजित होने जा रहा है। स्थानीय श्रद्धालु भक्तों में खुशी की लहर और उत्साह बना हुआ है। अपने सतगुरु के दिव्य दर्शनों हेतु सभी बेसब्री से प्रतीक्षारत हैं, साथ ही समागम की समुचित व भव्य तैयारियों में लगे हुए हैं ताकि समागम को व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न किया जा सके।

### नेत्र विज्ञान विभाग ने किया सीएमई कार्यक्रम आयोजित

**नई दिल्ली।** स्कूल ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च एसएमएसएंडआर के नेत्र विज्ञान विभाग ने मधुमेह नेत्र रोगों के प्रबंधन में हालिया प्रगति पर एक सतत चिकित्सा शिक्षा सीएमई कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम को शारदा यूनिवर्सिटी के मेडिकल कॉलेज, स्कूल ऑफ मेडिकल एंड रिसर्च के समुदायक चिकित्सा विभाग के डीन डॉ.निरुपमा गुप्ता और नेत्र विज्ञान विभाग के प्रोफेसर एवं हेड डॉ.जे.एल. गोयल के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। मधुमेह व नेत्र स्वास्थ्य के बीच संबंध के बारे में स्वास्थ्य पेशेवरों को शिक्षित करने के उद्देश्य से हुए कार्यक्रम में मधुमेह नेत्र रोग प्रबंधन में नवीनतम प्रगति पर चर्चा करने के लिए नेत्र रोग विशेषज्ञ, ऑप्टोमेट्रिस्ट, डायटीशियन व सामान्य चिकित्सकों जैसे प्रमुख विशेषज्ञों ने भाग लिया। जे.एल. गोयल, प्रोफेसर एवं हेड, नेत्र विज्ञान विभाग, एसएमएसएंडआर ने कहा कि प्रत्येक मधुमेह रोगी को हर छह महीने या सालाना अपनी आंखों की जांच करानी चाहिए, और यदि रोगी को पहले से ही मधुमेह संबंधी रेटिनोपैथी है, तो उन्हें हर तीन महीने में अपनी आंखों की जांच करानी चाहिए।

### 24 से 26 नवम्बर 2023 तक अमेजॅन की द ब्यूटी सेल

**नई दिल्ली।** 24 नवम्बर से अमेजॅन ब्यूटी पर पावर्ड बाई मेबेलिन अमेजॅन की द ब्यूटी सेल लोरियल प्रोफेशनल के सहयोग से शुरू होने जा रही है। अपनी सुंदरता को नई मुस्कान देकर सर्दियों और फेस्टिव सीजन का आनंद लीजिए और अपने पसंदीदा ब्यूटी प्रोडक्ट पर 60 प्रतिशत और लक्जरी ब्यूटी प्रोडक्ट पर 50 प्रतिशत तक की छूट का लाभ मिलेगा। इस साल की द ब्यूटी सेल को सौंदर्य प्रेमियों की विविध जरूरतों और पसंदों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। किसी भी प्रीमियम ब्यूटी प्रोडक्ट की शानदार लाइनअप, के-ब्यूटी से लेकर बार्बीकोर लुक तक ट्रेंडिंग जेन जेड पसंदीदा प्रोडक्ट, सस्टेनेबल ब्यूटी ब्रांड, मल्टीपर्पज प्रोडक्ट की एक विविध श्रृंखला और नवीनतम ब्यूटी डिवाइस में से अपना पसंदीदा प्रोडक्ट चुनिए। शादियों के मौसम के आगमन का समय, सौंदर्य प्रोडक्ट का स्टॉक करने का सही समय है।

### विज्ञापन बजट को आरआरटीएस खाते में स्थानांतरित करने का आदेश गंभीर मामला : वीरेंद्र

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिल्ली सरकार के विज्ञापन बजट को आरआरटीएस खाते में स्थानांतरित करने का आदेश एक गंभीर मामला है और अब समय आ गया है कि अरविंद केजरीवाल न केवल दिल्ली के लोगों को धोखा देने के लिए बल्कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों का उल्लंघन करने के लिए इस्तीफा दें।

# दिल्ली में हो सकती है पानी की किल्लत

## आतिशी ने उपराज्यपाल से की हस्तक्षेप की मांग



**नई दिल्ली,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली की जलमंत्री आतिशी ने कई इलाकों में पानी की किल्लत होने की आशंका जताई है। ऐसा न हो इसके लिए उपराज्यपाल से हस्तक्षेप करने की मांग की है। उन्होंने आशंका जताया है कि जल बोर्ड से संबंधित कार्य पूरे करने में फंड की कमी होने से ठेकेदार काम बंद करने वाले हैं। आतिशी के अनुसार, दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव नरेश कुमार के कहने पर वित्त सचिव आशीष वर्मा ने अगस्त से जल बोर्ड के सारे फंड को बंद कर दिया है। मंत्री ने कहा कि वित्त मंत्री के लिखित आदेश के बाद भी वित्त सचिव फंड जारी नहीं कर रहे. इसके चलते जल बोर्ड के पास सैलरी और रूटीन कामों के लिए भी पैसे नहीं हैं। सभी ठेकेदारों ने काम करने से मना कर दिया है। आने वाले दिनों में कई इलाकों में पानी की भारी किल्लत, गंदा पानी और सीवर ओवरफ्लो हो सकता है। यह एक इमरजेंसी जैसे हालात हैं, इसलिए उपराज्यपाल वीके सक्सेना को मामले में तुरंत हस्तक्षेप करना चाहिए।

### आपूर्ति बढ़ाने के लिए चल रहा काम

दिल्ली जल बोर्ड 990 मिलियन गैलन पर डे एमजीडी पानी की आपूर्ति करता है। दिल्ली में 15300 किलोमीटर पानी की पाइप लाइन बिछाई गई है और जहां पानी की पाइप लाइन नहीं है वह 1200 टैंकरों के माध्यम से पानी की आपूर्ति की जाती है। दिल्ली में गर्मी के दस्तक देने के साथ ही पानी की समस्या शुरू हो जाती है। इस बार ऐसा ना हो इसलिए दिल्ली जल बोर्ड ने अपने स्तर से समर एक्शन प्लान तैयार किया था। दिल्ली में पानी की आपूर्ति बढ़ाने के लिए दिल्ली जल बोर्ड द्वारा भूजल की बढ़ोतरी का काम चल रहा है। इसमें उचित जल स्तर वाले क्षेत्रों में नलकूपों, झीलों में अच्छी गुणवत्ता वाले पानी का भंडारण, छह स्थानों पर आरओ संयंत्रों से निकासी आदि शामिल है।



■ नई दिल्ली स्थित निजामुद्दीन के झुग्गी क्षेत्र में अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बुलडोजर से मकान ध्वस्त करता निगम कर्मी। फोटो इम्तियाज खान

# क्रेडिट सोसाइटियों का राष्ट्रीय अधिवेशन दो दिसंबर को होगा



**नई दिल्ली,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। दीनानाथ ठाकुर राष्ट्रीय अध्यक्ष सहकार भारती एवं प्रो. डॉ. उदय जोशी राष्ट्रीय महामंत्री सहकार भारती ने बताया कि 2 और 3 दिसंबर, 2023 को दिल्ली में क्रेडिट सोसाइटियों का एक विशाल, राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित करने का निर्णय किया है। क्रेडिट सोसाइटियों के इस राष्ट्रीय अधिवेशन में पूरे भारतवर्ष से दस हजार प्रतिभागी सम्मिलित होंगे। दीना नाथ ठाकुर राष्ट्रीय अध्यक्ष सहकार भारती ने कहा इस अधिवेशन हेतु एक स्वागत समिति का गठन किया गया है और इस स्वागत समिति के अध्यक्ष पद पर काम करने के लिए बुलडाणा अर्बन क्रेडिट को ऑप सोसाइटी लिमिटेड के संस्थापक अध्यक्ष राधेशाम चांडक ने स्वीकृति दी है।

उसी पद्धति से महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक ली, मुंबई, गुजरात स्टेट को ऑप बैंक ली, अहमदाबाद तथा महाराष्ट्र राज्य क्रेडिट सोसाइटी फेडरैशन, मुंबई इन संस्थाओं ने इस अधिवेशन में रूप में भूमिका अदा करने का निर्णय लिया है। और भी अन्य संस्थाएं रूप में सम्मिलित हो सकती है।

# व्यापार मेले में लुभा रहे हैं उत्तराखंड के उत्पाद

**नई दिल्ली,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजधानी के प्रगति मैदान में आयोजित 42वें भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले के दौरान मंगलवार को उत्तराखंड दिवस पर नाट्यशाला में आयोजित समारोह में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम ने ऐसा समा बांधा कि मेले में आए असंख्य लोग इस कार्यक्रम में उमड़ पड़े। उत्तराखंड सरकार में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू होने से पहले उत्तराखंड सरकार के कार्यों को रेखांकित किया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' और 'वन प्रोडक्ट वन डिस्ट्रिक्ट' आह्वान का दूरस्थ दुर्गम पहाडी क्षेत्रों में पूरी जागरूकता के

**नाट्यशाला में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित**

साथ लागू किया जा रहा है और राजय की मातृशक्ति तथा युवाओं द्वारा व्यापार मेले में लगाए गये स्टॉल में उन्होंने अपने जिस सामर्थ्य परिचय दिया है उसके गवाह मेले में आने वाले लोग बन रहे हैं।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के उत्पाद मेले में लोगों को लुभा रहे हैं और सबके लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। मंत्री ने कहा कि इसके अतिरिक्त दिसम्बर माह में आयोजित होने वाले उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की भी झलक मेले में देखने को मिल रही है।

### उत्तराखंड पवेलियन में लगाए गए हैं 36 स्टॉल

इस वर्ष उत्तराखंड पवेलियन में 36 स्टॉल लगाए गए हैं जिनमें हरिद्वार, देहरादून, नैनीताल, अल्मोड़ा, उत्तरकाशी, पौड़ी, चमोली, चम्पावत और टिहरी जिलों के हस्तशिल्प तथा हथकरघा के अलावा राज्य पर्यटन, खादी बोर्ड और औद्योगिक बोर्ड के भी स्टॉल मौजूद हैं। मेले में उत्तराखंड हथकरघा तथा हस्तशिल्प विकास परिषद के तहत हिमाद्रि ने भी अपना स्टॉल लगाया है।

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**(गति शक्ति) निविदा सूचना**

**विषयः– निविदा संख्या . 15-DyCEE-GSU-DLI-23-24R आमंत्रित करने हेतु सूचना**

उप. मुख्य परियोजना प्रबंधक विद्युत/गति शक्ति/उत्तर रेलवे, डीआरएम कार्यालय, नई दिल्ली–110001 द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। इसे दिनांक 21.11.2023 को IREPS वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य और स्थान का नाम | बल्लीमारान दिल्ली में नई दिल्ली यार्ड को पार करने के लिए कुतुब रोड और श्रद्धानंद मार्ग के बीच रेलवे लाइन पर एक सिरे से दूसरे सिरे तक सार्वजनिक एफओबी के निर्माण के लिए 25 केवी एसी सिंगल फेज ओएचई का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग। |
| 2. | निविदा सूचना संख्या | 15-DyCEE-GSU-DLI-23-24R |
| 3. | बयाना धन राशि (ऑनलाइन जमा करने के लिए) : रु. 1,92,100/– (रु. एक लाख, नब्बे हजार एक सौ मात्र) | |
| 4. | लगभग काम की लागत : रु. 96,04,994.79 (छियानवे लाख, चार हजार, नौ सौ चौरानवे और उनहत्तर पैसे मात्र) | |
| 5. | ई–निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 21.11.2023 को आईआरईपीएस वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर निविदा अपलोड कर दिया जायेगा। निविदादाता ई–निविदा में भाग ले सकते हैं, यह निविदा 14.12.2023 को 11:30 बजे खोली जाएगी। |
| 6. | निविदा के बारे में विस्तृत सूचना और दस्तावेज | विस्तृत ई–निविदा सूचना और निविदा दस्तावेज www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस वेबसाइट पर प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए उपलब्ध होगा www.ireps.gov.in 30.11.2023 से 14.12.2023. उपर्युक्त निविदा के संबंध में अन्य सभी निबंधन और शर्तें निविदा दस्तावेज में दी गई हैं। विस्तृत निविदा सूचना भी उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है। |

सं. 15-Dy CPM/E/GSU/DLI/23-24R दिनांक : 20.11.2023 3648/2023

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी–2, सैक्टर–ओमेगा–1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर–201308 (उ0प्र0)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि औरंगपुर में उप जिलाधिकारी, तहसील सदर जनपद गौतमबुद्धनगर के पत्रांक– 1005/एस0टी0–एस0डी0एम0/2022, दिनांक 01.08.2022, के अनुसार मृतक स्व0 श्री जुगेन्द्र पुत्र श्री तेजी निवासी ग्राम औरंगपुर परगना दनकौर तहसील सदर जनपद गौतमबुद्धनगर के स्थान पर उनके वारिसानों/पारिवारिक सदस्यों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | आयु लगभग | मृतक से संबंध | विवाहित/अविवाहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मथुरापुर | 16मि | स्व0 श्री जुगेन्द्र पुत्र तेजी निवासी ग्राम औरंगपुर परगना दनकौर तहसील सदर जनपद गौतमबुद्धनगर। | श्रीमती चन्दों | पत्नी | 38 वर्ष | |
| | | | श्री आशीष | पुत्र | 16 वर्ष | अविवाहित |
| | | | प्रियंका | पुत्री | 13 वर्ष | अविवाहित |
| | | | संजू | पुत्र | 11 वर्ष | अविवाहित |
| | | | प्रदीप | पुत्र | 10 वर्ष | अविवाहित |

उपरोक्त वारिसानों/पारिवारिक सदस्यों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

भूखण्ड संख्या–01, सैक्टर नॉलेज पार्क–4, ग्रेटर नोएडा–201310
जिला गौतमबुद्ध नगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है ग्राम/सैक्टर–पाली की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन सख्या–पी.ए.एल.447बी, भूखण्ड सख्या–104, पाकेट–डी, क्षेत्रफल–625 वर्ग मीटर श्री हरीराम पुत्र श्री मुशिया, निवासी–ग्राम–पाली, जिला–गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी श्री हरीराम पुत्र श्री मुशिया की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसानो श्री अवधेश कुमार पुत्र स्व0 श्री हरीराम, सर्वश्री राम मेहर, सुमेश पुत्रगण स्व० श्री हरीराम, श्रीमती श्यामवती (विवाहित), श्रीमती अमन (विवाहित) पुत्रीगण स्व0 श्री हरीराम, सर्वश्री जितेन्द्र, ज्ञानेन्द्र भाटी, ओमीन्दर भाटी, राहुल पुत्रगण स्व0 श्री श्यामवीर, श्रीमती सुमन पत्नी स्व0 श्री श्यामवीर पौत्रगण/पुत्रबधु स्व0 श्री हरीराम, निवासी–ग्राम–पाली, ग्रेटर नोएडा, जिला–गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 में से श्री अवधेश कुमार पुत्र स्व0 श्री हरीराम, निवासी–ग्राम–पाली, ग्रेटर नोएडा, जिला–गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० द्वारा अपने पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ–पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के सबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करे, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके वारिस श्री अवधेश कुमार पुत्र स्व0 श्री हरीराम, निवासी–ग्राम–पाली, ग्रेटर नोएडा, जिला –गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में उक्त भूखण्ड नामांतरित कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी )
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

भूखण्ड संख्या–01, सैक्टर नॉलेज पार्क–4, ग्रेटर नोएडा–201310
जिला गौतमबुद्ध नगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है ग्राम/सेक्टर–पाली की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन सख्या–पी.ए.एल.447सी, भूखण्ड सख्या–105, पाकेट–डी, क्षेत्रफल–625 वर्ग मीटर श्री हरीराम पुत्र श्री मुशिया, निवासी–ग्राम–पाली, जिला–गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी श्री हरीराम पुत्र श्री मुशिया की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसानों श्री सुमेश पुत्र स्व० श्री हरीराम, सर्वश्री राम मेहर, अवधेश कुमार पुत्रगण स्व० श्री हरीराम, श्रीमती श्यामवती (विवाहित), श्रीमती अमन (विवाहित) पुत्रीगण स्व० श्री हरीराम, सर्वश्री जितेन्द्र, ज्ञानेन्द्र भाटी, ओमीन्दर भाटी, राहुल पुत्रगण स्व० श्री श्यामवीर, श्रीमती सुमन पत्नी स्व० श्री श्यामवीर पौत्रगण/पुत्रबधु स्व० श्री हरीराम, निवासी–ग्राम–पाली, ग्रेटर नोएडा, जिला–गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० मे से श्री सुमेश पुत्र स्व० श्री हरीराम, निवासी–ग्राम–पाली, ग्रेटर नोएडा, जिला–गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० द्वारा अपने पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ–पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके वारिस श्री सुमेश पुत्र स्व० श्री हरीराम निवासी–ग्राम–पाली, ग्रेटर नोएडा, जिला–गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में उक्त भूखण्ड नामांतरित कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी )
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

भूखण्ड संख्या–01, सैक्टर नॉलेज पार्क–4, ग्रेटर नोएडा–201310
जिला गौतमबुद्ध नगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है ग्राम/सैक्टर–पाली की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन सख्या–पी.ए.एल.447ए, भूखण्ड सख्या–103, पाकेट–डी, क्षेत्रफल–625 वर्ग मीटर श्री हरीराम पुत्र श्री मुशिया, निवासी–ग्राम–पाली, जिला–गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी श्री हरीराम पुत्र श्री मुशिया की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसानों श्री राम मेहर पुत्र स्व० श्री हरीराम, सर्वश्री सुमेश, अवधेश कुमार पुत्रगण स्व० श्री हरीराम, श्रीमती श्यामवती (विवाहित), श्रीमती अमन (विवाहित) पुत्रीगण स्व० श्री हरीराम, सर्वश्री जितेन्द्र, ज्ञानेन्द्र भाटी, ओमीन्दर भाटी, राहुल पुत्रगण स्व० श्री श्यामवीर, श्रीमती सुमन पत्नी स्व० श्री श्यामवीर पौत्रगण/पुत्रबधु स्व० श्री हरीराम, निवासी–ग्राम–पाली, ग्रेटर नोएडा, जिला–गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० मे से श्री राम मेहर पुत्र स्व० श्री हरीराम, निवासी–ग्राम–पाली, ग्रेटर नोएडा, जिला–गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० द्वारा अपने पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ–पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय ने दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो मे इनके वारिस श्री राम मेहर पुत्र स्व० श्री हरीराम, निवासी–ग्राम–पाली, ग्रेटर नोएडा, जिला–गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में उक्त भूखण्ड नामांतरित कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी )
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

# कैपिटल ज़ोन

उवाच “

उपाध्यक्ष दो नितिन गौड़ क्या आदेश के बाद आज चित्तोली रोड पर अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान चलाया गया। जिसमें विनोद सैनी और संजय मोबाइल वाले द्वारा 4600 वर्ग मीटर भूमि पर, शाहनवाज द्वारा 8000 वर्ग मीटर भूमि पर, अयूब व शहीद मंसूरी द्वारा 4000 वर्ग मीटर पर, आस मोहम्मद गुड्डू और देवेंद्र द्वारा 2700 वर्ग मीटर भूमि पर अवैध रूप से प्लाटिंग की जा रही थी।

**प्रदीप कुमार सिंह, एचपीडीए सचिव**

# उच्च न्यायालय ने प्राधिकरण को दिया झटका

## ऐस बिल्डर को राहत, जमीन पर कब्जा देने, जीरो पीरियड और नक्शा पास करने का आदेश

**नोएडा,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। नोएडा के सेक्टर-150 में स्पोर्ट्स सिटी से जुड़े ऐस बिल्डर को प्रयागराज हाईकोर्ट ने बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने प्राधिकरण बोर्ड की ओर से लगाई गई पाबंदियों को रद्द कर दिया है। कंपनी को जमीन पर कब्जा देने और प्राधिकरण को नक्शा पास करने का आदेश दिया है। इतना ही नहीं, कंपनी को भूखंड आवंटन की तारीख से लेकर अब तक जीरो पीरियड का लाभ देने के लिए कहा है। ब्याज की धनराशि समायोजित करनी पड़ेगी।

दरअसल, नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टर-150 में स्पोर्ट्स सिटी प्रोजेक्ट के तहत भूमि आवंटन किया था, जिसमें ऐस बिल्डर भी हिस्सेदार है। कंपनी ने जमीन की एवज में पूरा पैसा जमा कर दिया दिया। इसके बावजूद प्राधिकरण ने 60 हजार वर्गमीटर की जगह 30 हजार वर्गमीटर जमीन ही नहीं दी गई। पूरी जमीन पर आज तक कब्जा नहीं दिया है। जब कंपनी ने भूखंड पर निर्माण करने के लिए संशोधित नक्शे दाखिल किए तो प्राधिकरण ने बोर्ड बैठक में लगाई गई पाबंदियों का हवाला देते हुए नक्शा पास करने से इंकार कर दिया। दूसरी तरफ, प्राधिकरण लगातार पैसा की मांग कर रहा है। कंपनी ने भुगतान रोका तो भूखंड आवंटन रद्द करने के लिए नोटिस भेज दिया गया।

ऐस इंफ्रासिटी डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड ने इलाहाबाद हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कंपनी ने हाईकोर्ट को बताया कि प्राधिकरण ने 2014-15 में स्पोर्ट्स सिटी योजना लॉन्च की थी। कंपनियों के कंसोर्टियम में ऐस इंफ्रासिटी डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड शामिल थी। कंसोर्टियम ने 12 लाख वर्गमीटर भूमि का आवंटन 19 हजार 400 रुपए प्रति वर्गमीटर की दर से किया गया। इसमें से ऐस इंफ्रासिटी डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड को आवंटित कुल क्षेत्रफल 60,000 वर्गमीटर था।

याचिकाकर्ता कंपनी ने जरूरी 20 प्रतिशत धनराशि 23 करोड़ 28 लाख रुपए जमा की और प्राधिकरण ने लीज डीड कर दी। लेकिन, इस भूखंड को चिह्नित करके वास्तविक भौतिक कब्जा नहीं दिया गया था। किसानों और भूमि मालिकों के साथ विवादों के कारण कंपनी को आज तक जमीन पर कब्जा नहीं मिल पाया। दूसरी तरफ पूरे कंसोर्टियम को केवल 3 लाख वर्गमीटर भूमि मिली, जबकि आवंटन 12 लाख वर्गमीटर का किया गया था। ऐस इंफ्रासिटी डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड ने लीज डीड करवाने के बाद 8 मार्च 2016 को भवन निर्माण योजनाओं की मंजूरी प्राप्त की। हालांकि, बड़े हिस्से का निर्माण शुरू नहीं हो सका। क्योंकि भूमि का अधिग्रहण नहीं किया गया और क्षेत्रीय बुनियादी ढांचा अस्तित्वहीन था।

### कंपनी ने अथॉरिटी में रिव्यू दाखिल किया

ऐस इंफ्रासिटी डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड ने इलाहाबाद हाईकोर्ट को आगे बताया कि 26 अगस्त 2022 को आवेदन करते हुए भवन योजनाओं का पुनरीक्षण अनुमोदन करने की मांग की। यह भी बताया कि 60,000 वर्गमीटर जमीन के लिए 31 मार्च 2023 तक 116,40,10,476 रुपए का भुगतान करना था। कंपनी 134,37,86,891 रुपए का भुगतान कर चुकी है। 7 अप्रैल 2015 को ऐस इंफ्रासिटी के नाम सब-लीज डीड हो गई थी। नोएडा प्राधिकरण संशोधित नक्शों को मंजूरी नहीं दे रही है। आज तक जमीन पर काम शुरू नहीं हो पाया है। कंपनी को कब्जा नहीं मिला है। इसके बावजूद अथॉरिटी ने 79,01,14,116 रुपए का और भुगतान करने का नोटिस भेजा है। भुगतान न करने पर याचिकाकर्ता को आवंटन रद्द करने का नोटिस जारी किया।



### जनवरी 2021 में प्राधिकरण ने स्पोर्ट्स सिटी पर नक्शा पास कराने पर लगाई थी रोक

गौरतलब है कि स्पोर्ट्स सिटी के लिए ओसी-सीसी जारी करने और नक्शा पास करने पर प्राधिकरण ने रोक लगाई थी। जनवरी 2021 में हुई बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पास कर यह रोक लगाई गई थी। सीसी पर रोक होने से करीब 15 हजार खरीदारों की रजिस्ट्री भी अटकी हुई है। इसके अलावा सीएजी ने प्राधिकरण के अन्य कामकाज की तरह स्पोर्ट्स सिटी की भी जांच की थी। इस परियोजना को लेकर 24 आपत्ति लगाते हुए 8643 करोड़ रुपए का घोटाला होना सामने बताया था।

### 3 बिल्डरों को पांच सेक्टरों में चार भूखंड किए थे आवंटित

तीन बिल्डरों को पांच सेक्टरों में जमीन दी गई थी स्पोर्ट्स सिटी के लिए नोएडा प्राधिकरण ने तीन बिल्डरों को पांच सेक्टरों में चार भूखंड आवंटित किए गए थे। श्री सी ग्रीन डेवलपर्स को सेक्टर-78, 79, 101 में, लॉजिक्स इंफ्रा प्राइवेट डेवलपर्स और श्री सी ग्रीन डेवलपर्स को 150 में और एटीएस होम्स प्राइवेट लिमिटेड को 152 में जमीन दी गई थी। अब इन चार भूखंड के 79 सबडिवीजन हो चुके हैं। इन बिल्डरों पर प्राधिकरण का करीब 8200 करोड़ रुपए बकाया हो गया है। बिल्डर प्राधिकरण का बकाया भी नहीं चुका रहे हैं।

### अब अदालत ने सुनाया यह आदेश

इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर और न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव की पीठ ने अपने आदेश में लिखा कि इन सारे तथ्यों में न्यायालय को निर्णय लेना है कि क्या याचिकाकर्ता शून्य अवधि के लाभ का हकदार है। भवन योजनाओं की संशोधित मंजूरी पर प्राधिकरण की 201वीं बोर्ड बैठक के प्रतिबंध वैध हैं? अभिलेखों से हमें पता चला कि याचिकाकर्ता ने आवंटित भूखण्ड के प्रीमियम के विरुद्ध 1,34,37,86,891 रुपए की धनराशि जमा की है, जो वास्तविक कीमत 1,16,40,10,476 रुपए से अधिक है। काम शुरू नहीं हुआ और विकास प्राधिकरण ने प्रीमियम राशि स्वीकार की है। भवन योजनाओं को मंजूरी नहीं दी गई और आगे 79,01,14,116 रुपए की बढ़ी हुई मांग की गई। हमारी राय में 201वीं बोर्ड बैठक के प्रतिबंध अनुचित हैं। याचिकाकर्ता की संशोधित भवन योजनाओं को मंजूरी दी जानी चाहिए। पैसे की अतिरिक्त मांग पूरी तरह से अनुचित है। नोएडा प्राधिकरण की 201वीं बोर्ड बैठक में लगाए प्रतिबंध गलत हैं। अदालत ने आगे कहा कि इस चर्चा के आलोक में हमारा मानना है कि याचिकाकर्ता कंपनी अपने हिसाब से काम पूरा नहीं कर पाई। पूरे क्षेत्र पर कब्ज़ा नहीं मिला। आंदोलन और किसानों द्वारा मौके पर रुकावट की गई। याचिकाकर्ता भूमि आवंटन की तिथि से अब तक शून्य अवधि का लाभ लेने का हकदार है। प्राधिकरण की अतिरिक्त मुआवजे की मांग ख़ारिज की जाती है। लीज प्रीमियम की किस्त और वार्षिक लीज किराया मांग खारिज की जाती है। सरकार और प्राधिकरण को निर्देशित किया जाता है कि लीज प्रीमियम राशि की वसूली न करें।

## सार संक्षेप

### अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता का उत्पीड़न

**बुलंदशहर।** चोला थाने के गांव नौसाना निवासी सोनी पुत्री अशोक ने एसएसपी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसका विवाह मार्च 2021 में सिकंदराबाद कोतवाली के गांव निवासी युवक से संपन्न हुआ। ससुराल वाले अतिरिक्त दहेज में एक बुलेट मोटरसाइकिल और एक प्लॉट की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर आरोपी ससुरालियों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### अवैध कालोनियों पर चलेगा बुल्डोजर

**बुलंदशहर।** ककोड़ नगर पंचायत चेयरमैन मोहित सिंघल ने जारी किए पत्र में बताया कि कस्बे क्षेत्र में कृषि भूमि समेत अन्य भूमि पर अवैध रूप से बनाई गई कालोनियों और बिना अनुमति के प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### जिले में 11 थानों में नए थाना प्रभारी तैनात

**नोएडा।** जिले में थाना प्रभारियों के सोमवार रात व्यापक स्तर पर तबादले किए गए हैं। मीडिया सेल की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक इंस्पेक्टर अरविंद कुमार बिसरख, अवधेश प्रताप सिंह कोतवाली सेक्टर 63, अमरेश कुमार बादलपुर के कोतवाली प्रभारी बनाए गए हैं। महिला थाने की प्रभारी निरीक्षक सरिता सिंह ईकोटेक 3, इंस्पेक्टर मुनेंद्र सिंह बीटा टू, देवेंद्र शंकर पांडे कासना, राघवेंद्र सिंह को रबूपुरा का प्रभार दिया गया है। साथ ही इंस्पेक्टर सुबोध कुमार को कोतवाली सेक्टर 126, राम प्रकाश को कोतवाली सेक्टर 49, किरण राज को महिला थाना और सुनील कुमार को जारचा थाने का प्रभार दिया गया है। एक ओर लिस्ट आगामी दिनों में आने की बात कही जा रही है। इसमें चार से पांच थाने के प्रभारी बदलेंगे।

### तीन महिलाएं व एक पुरुष देहव्यापार करते हुए गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस ने मंगलवार को सेन विहार में छापा मारकर तीन महिलाओं व एक पुरुष को देह व्यापार करने आरोप में गिरफ्तार किया है। इस सम्बंध में एसीपी सलोनी अग्रवाल ने बताया कि क्षेत्र के रहने वाले राजकुमार द्वारा सूचना दी गई कि सेन विहार गली नम्बर 01 सतवीर के मकान में अनैतिक देह व्यापार का कार्य किया जा रहा है जहां पर कुछ महिलाओं को बहला फुसलाकर देह व्यापार कराया जा रहा है । सूचना पर उन्होंने खुद पुलिस फ़ोर्स के साथ मौके पर छापा मारा और जहां पर तीन महिलाएं और एक पुरुष मिले । तलाशी लेने पर कुछ आपत्तिजनक सामग्री मिली। प्रकरण में थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पर अभियोग पंजीकृत किया गया है। जहीर नामक व्यक्ति यहां पर अनैतिक कार्य करने आया था।

### चलती कार में चालक ने महिला चिकित्सक से की छेड़खानी

**नोएडा।** क्लीनिक से घर लौटते समय कार चालक द्वारा महिला चिकित्सक के साथ छेड़खानी करने का मामला सेक्टर-113 थाने में सामने आया है। आरोपी कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। सुनसान जगह पर चालक ने महिला चिकित्सक के साथ गंदी हरकत की है। शिकायत में सेक्टर-50 निवासी महिला ने बताया कि वह पेशे से चिकित्सक है और ग्रेटर नोएडा एक्सटेंशन के गौर सिटी वन में उसकी क्लीनिक है।

## चितौली रोड पर चला एचपीडीए का पीला पंजा

**हापुड़,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। हापुड़ पिलखुआ विकास प्राधिकरण का बुलडोजर मंगलवार को चितौली रोड हापुड़ में चला । जहां पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया गया। यहां पर एचपीडीए से मानचित्र स्वीकृत किए बिना ही प्लाटिंग की जा रही थी।



एचपीडीए के सचिव प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि उपाध्यक्ष दो नितिन गौड़ क्या आदेश के बाद आज चित्तोली रोड पर अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान चलाया गया। जिसमें विनोद सैनी और संजय मोबाइल वाले द्वारा 4600 वर्ग मीटर भूमि पर, शाहनवाज द्वारा 8000 वर्ग मीटर भूमि पर, अयूब व शहीद मंसूरी द्वारा 4000 वर्ग मीटर पर, आस मोहम्मद गुड्डू और देवेंद्र द्वारा 2700 वर्ग मीटर भूमि पर अवैध रूप से प्लाटिंग की जा रही थी। जिसको पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया। प्रवर्तन प्रभारी प्रवीण गुप्ता, सहायक अभियंता नीरज शर्मा और अवर अभियंता राकेश तोमर प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# लोटस ग्रैंडर बैंक्वेट हाल में लगी आग, धुआं और लपटों से हड़कंप

**नोएडा,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। थाना सेक्टर-113 क्षेत्र के अंतर्गत लोटस ग्रैंडर बैंक्वेट हाल में आग लग गई। आग हॉल के निर्माणाधीन हिस्से में लगी। इस दौरान वहां कोई नहीं था। आग निर्माणाधीन हिस्से में वैल्डिंग मशीन से उठी चिंगारी से लगी। मौके पर दमकल की सात गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।

सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि ये बैंक्वेट हॉल सेक्टर-74 में है। निर्माणाधीन हिस्से में सजावटी सामान है इसलिए आग तेजी से फैली। आग में कोई व्यक्ति फंसा नहीं है और अब तक कोई जनहानि की जानकारी नहीं है। हालांकि हॉल मालिक का लाखों का नुकसान हुआ है।

नोएडा के थाना-113 क्षेत्र के सर्फाबाद गांव में बंगाली मार्केट के पास बने लोटस ग्रैंडर बैंक्वेट हॉल में भीषण आग लग गयी। सर्फाबाद निवासी सोनू यादव ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि बैंक्वेट हॉल के पीछे के हिस्से में कुछ मजदूर वेल्डिंग से काम कर रहे थे। शायद वेल्डिंग से निकली चिंगारी की वजह से बैंक्वेट हॉल में आग लग गई। कुछ ही देर बाद चिंगारी से निकली आग ने विकराल रूप ले लिया।



■ दमकल की 7 गाड़ियां मौके पर, आसपास की झुग्गियों को कराया गया खाली

आग की लपटों ने कुछ क्षण में ही पूरे बैंक्वेट हॉल को अपनी चपेट में ले लिया।

जिन स्थान पर आग लगी वहां से कुछ दूरी पर झुग्गी झोपड़ी है। आग की लपट और चिंगारी वहां भी पहुंच रही है। एहतियात के तौर पर लोग झुग्गी खाली किया। दमकल विभाग की ओर से वहां भी एक गाड़ी को तैनात किया गया है। साथ ही लोगों को झुग्गी खाली करने को कहा गया। आग पर करीब एक दो घंटे की मशक्त के बाद काबू किया गया। आग इतनी तेज है कई किमी से इसकी लपट देखी जा रही थी। आग से धुएं का गुबार कई किलोमीटर ऊपर तक था। ऐसे में दमकल विभाग की ओर से कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। वहीं लोगों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए थाना सेक्टर-113 की पुलिस मौके पर मौजूद तैनात किया गया।

## चलती कार में लगी आग

### एसी में हुआ था शॉट सर्किट, चालक ने कूदकर बचाई जान

**नोएडा,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। नोएडा के सेक्टर-71 बाबा बालक नाथ मंदिर के पास चलती कार में अचानक आग लग गई। आग एसी में शॉट सर्किट की वजह से लगी। मोके पर चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई। इसकी जानकारी करीब 12 बजकर आठ मिनट पर दमकल विभाग को मिली। जानकारी मिलते ही एक गाड़ी मौके पर भेजी गई। करीब 20 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग से कोई जनहानि नहीं हुई है। सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि बाबा बालक नाथ मंदिर सेक्टर 71 के पास जाती हुई कार (गाड़ी संख्या एचआर 26 बीडी 5471) में आग लगी। गाड़ी पेट्रोल वर्जन है। शॉट सर्किट की वजह से आग लगी और तेजी से आगे से पीछे की ओर बढ़ी। गनीमत रही कि जबतक पेट्रोल टंकी तक आग पहुंचती चालक गाड़ी से उतर चुका था। दमकल विभाग ने एक तरफ से यातायात को रोका और आग को बुझा दिया गया। क्रेन की मदद से आग को सड़क किनारे किया गया। जिसके बाद यातायात को सुचारु रूप से चलाया गया।



## संभव जनसुनवाई में आई 17 शिकायतें, निस्तारण के निर्देश

### गोविंदपुरम निवासियों ने समाधान पर कहा नगर आयुक्त को धन्यवाद



**गाजियाबाद,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। नगर निगम मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई संभव के दौरान 17 संदर्भ प्राप्त हुए नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की उपस्थिति में विभागीय अधिकारियों ने जन समस्याओं के समाधान पर कार्रवाई की सबसे कम शिकायत निर्माण विभाग से संबंधित प्राप्त हुई। संभव में प्राप्त समस्याओं पर तत्काल कार्रवाई से नगर आयुक्त महोदय द्वारा सभी अधिकारियों को मोटिवेट किया गया।

संभव जनसुनवाई में अधिकांश शिकायतें स्वास्थ्य विभाग तथा टैक्स विभाग से संबंधित प्राप्त हुई। जिसमें नगर आयुक्त द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए, पटेल नगर, विजय नगर, गोविंदपुरम, नंदग्राम, लाजपत नगर व अन्य क्षेत्रों से शिकायती प्राप्त हुई। गोविंदपुरम के निवासियों द्वारा समस्या के तत्काल समाधान पर गाजियाबाद नगर निगम का धन्यवाद जताया गया सी ब्लॉक गोविंदपुरम पार्थ इन होटल के पीछे अवैध अतिक्रमण की शिकायत प्राप्त हुई थी जिसको तत्काल निर्माण विभाग की टीम को भेज कर निस्तारित कराया गया क्षेत्र के निवासियों ने गाजियाबाद नगर निगम द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई पर कार्यों की सहाना की।

## गाजियाबाद महानगर में यूजर चार्ज को लेकर घंटों माथापच्ची

### अब सिटी जोन में नगर निगम खुद यूजर चार्ज वसूलेगा

**गाजियाबाद,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। यूजर चार्ज को लेकर गाजियाबाद नगर निगम के अधिकारियों के बीच महापौर के कार्यालय में विशेष बैठक आयोजित की गई जिसमें कई घंटे तक मंथन हुआ और कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जिसमें नगर निगम अप सिटी जॉन यानी पुराने शहर में यूजर चार्ज का कलेक्शन खुद करेगा इसके अलावा और भी कई बिंदुओं पर चर्चा हुई इस बैठक में महापौर सुनीता ध्यान नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक यूजर चार्ज को लेकर बन गई कमेटी के सदस्य शामिल रहे ।

बैठक के बाद महापौर न नगर आयुक्त ने बताया कि स्पैरो सॉफ्ट टैक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा गाजियाबाद नगर निगम में यूजर चार्ज वसूली का कार्य शहर में किया जा रहा है। जिसके लिए कंपनी को नगर निगम को 16 प्रतिशत +18जीएसटी पैसा देना है किंतु



अनुबंध में लिखित शर्तों का सही प्रकार से अनुपालन हो। इस विषय पर कमेटी द्वारा मंथन किया गया। कूड़े से सम्बंधित किसी भी कार्य में जीएसटी नहीं लगती इस लिए कंपनी को अतिरिक्त अतिरिक्त दिया जा रहा हैं। उन्होंने बताया कि डाटा का स्वामित्व निगम का होना चाहिए। जबकि ऐसा नहीं है। जिस पर समिति के सदस्यों द्वारा कंपनी द्वारा की जा रही अनियमितता पर नाराजगी भी जताई। इसके अलावा पांचो जोन में से सिटी ज़ोन में नगर निगम खुद यूजर चार्ज की वसूली करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा टारगेट को पूरा करने के लिए मेहनत और तेजी से कार्य करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित भी किया गया, कंपनी द्वारा की गई अनियमितताओं के लिए अधिकारियों को आदेश दिया गया कि भविष्य में इस प्रकार लापरवाही न हो और नगर निगम का कंपनी पर कन्ट्रोल होना चाहिए। साथ ही निगम कम्पनी को अपना कर्मचारी भी यूजर चार्ज कलेक्शन हेतु न दे,और सत्यापित बिलो के उपरांत ही कम्पनी का भुगतान किया जाए।

कमेटी के सदस्य पार्षद प्रवीण चौधरी, राजीव भाटी, अजय शर्मा, धीरेंद्र यादव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश कुमार, एमएनएलपी विवेक सिंह, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ. संजीव, जोनल प्रभारी कवि नगर सुनील राय उपस्थित रहे।

# चार पालिका परिषदों का नगर निगम में विलय के प्रस्ताव पर बुद्धिजीवी हैरत में

### यह बेमेल व अनावश्यक गठबंधन, किसी भी दृष्टि से हितकर नहीं : बालेश्वर त्यागी

**गाजियाबाद,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। खोड़ा, लोनी और मुराद नगर पालिका परिषद को मिलाकर गाजियाबाद नगर निगम के पुनर्गठन के प्रस्ताव को लेकर शहर के बुद्धिजीवी हैरत में हैं। उनका कहना है कि एक तरफ तो प्रशासनिक व्यवस्था को प्रभावी बनाने और विकास की गति को बढ़ाने की दृष्टि से छोटे राज्य, छोटे जिले गठित किए गए हैं। वहीं गाजियाबाद नगर निगम में तीन नगर पालिका परिषदों को

शामिल किए जाने की बात समझ से परे है। उनका कहना है कि इस प्रस्ताव पर अमल के बाद समस्याएं सुलझेंगी नहीं बल्कि समस्याएं निश्चित रूप से बढ़ेंगी। पूर्व मंत्री व शिक्षाविद बालेश्वर त्यागी इसको लेकर सबसे पहले खुलकर अपनी असहमति जाहिर की है। उनका स्पष्ट कहना है कि यह बेमेल अनावश्यक गठबंधन किसी के लिए हितकर नहीं होगा न प्रशासनिक दृष्टि से और न राजनैतिक



दृष्टि से हितकर होगा। बालेश्वर त्यागी कहते हैं कि मुझे यह प्रस्ताव समस्याओं के समाधान के स्थान पर समस्याओं को बढ़ाने वाला दिखता है। यह प्रशासनिक क्षमता का सर्व विदित सिद्धांत है कि जो यूनिट जितनी छोटी होगी, उसकी प्रशासनिक व्यवस्था उतनी ही प्रभावी होगी। इसी आधार पर भाजपा ने छोटे राज्यों का न केवल समर्थन किया बल्कि उत्तराखंड, झारखंड, छत्तीसगढ़ जैसे राज्य बनाये बल्कि इसी सिद्धांत के आधार पर आंध्र का बंटवारा करके तेलंगाना अलग राज्य बनाने का समर्थन किया। इसी आधार पर बड़े जिलों का विभाजन करके नए जिले बनाने का समर्थन किया है। किसी समय में मेरठ कमिश्नरी ने चार ही जिले थे, मेरठ, मुज्जफरनगर, सहारनपुर और बुलंदशहर, गाजियाबाद स्वयं मेरठ जिले की एक तहसील थी। अब मेरठ और सहारनपुर अलग कमिश्नरी बना दी गई हैं। मेरठ कमिश्नरी में ही 6 जिले गाजियाबाद हापुड़ गौतमबुद्धनगर, बागपत, मुजफ्फरनगर, शामली अलग जिले बना दिये गए हैं। इसके पीछे एक ही तर्क है कि जन समस्याओं के प्रभावी समाधान के लिए शासन की प्रशासनिक यूनिट जितनी छोटी होगी, उतनी ही प्रभावी होगी। यह प्रस्ताव प्रशासन की छोटी यूनिट प्रभावी यूनिट के सिद्धान्त के विरुद्ध होगा। उनका कहना है कि गाजियाबाद, खोड़ा, लोनी और मुरादनगर अलग अलग यूनिट हैं। चारों यूनिटों की अलग अलग संस्कृति है और अलग अलग समस्याएं हैं। गाजियाबाद बहुत समय से नगर नियोजन अधिनियम के अंतर्गत गठित गाजियाबाद सुधार मंडल और फिर गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के अंतर्गत विकास के रास्ते पर है। ये तो सम्भव है कि राजनैतिक रूप से इन नगरों के राजनैतिक नेतृत्व को हटाने में सफलता पा लें लेकिन ये तीनो नगरपालिका मिलकर गाजियाबाद नगर निगम के स्थापित राजनैतिक नेतृत्व को छीनने में सफल हो जाएगा। तब पछताने के अलावा कोई अवसर नहीं होगा। सच क्या है ये तो हमें नहीं पता लेकिन खोड़ा नगरपालिका के नेतृत्व को भाजपा में लाने के प्रयासों की खबरें उड़ती रहती हैं। लोनी में भी वर्तमान नेतृत्व पूर्व में भाजपा में ही था। वह किसी से निजी विवाद के कारण भाजपा से अलग हुआ। भाजपा में रहते उसने जो आर्थिक साम्राज्य खड़ा किया था, वह किसी से छुपा नहीं है।

## ऐप से दूध मंगाना पड़ गया भारी, खाते से गायब हुए 39,871 रुपए

**नोएडा,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। ब्लिंकिट ऐप के माध्यम से घर पर दूध मंगवाना एक व्यक्ति को खासा महंगा पड़ गया। दूध की डिलीवरी न होने पर पीड़ित ने जब भुगतान किए गए पैसे वापस लेने के लिए कस्टमर केयर से बताए गए नंबर पर संपर्क किया तो उसके खाते से 39,871 रुपए और निकल गए। साइबर ठगी का शिकार हुए व्यक्ति ने नोएडा के थाना सेक्टर 39 में मुकदमा दर्ज कराया है। नोएडा के सेक्टर 39 की हाइडिल कॉलोनी में रहने वाले नवदीप कपूर ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि उसने बीते 9 नवम्बर को ब्लिंकिट ऐप से दूध मंगवाने के लिए पेटीएम से 282 रुपए का भुगतान किया था। दूध की डिलीवरी न होने पर उसने 282 रुपए अपने खाते में क्रेडिट करवाने के लिए गूगल पर ब्लिंकिट के उपभोक्ता देखभाल के लिए उपलब्ध कराए गए एक मोबाइल नंबर पर संपर्क किया। उक्त नंबर पर कॉल करने के कुछ देर बाद उसके व्हाट्सएप पर एक अन्य नंबर से वीडियो कॉल आई। वीडियो कॉल रिसीव करने पर उक्त व्यक्ति ने 282 रुपए वापस करने के लिए उसे इविल्डेक्स एप डाउनलोड करने को कहा। पीड़ित के मुताबिक उसने ऐप डाउनलोड करने से इनकार कर दिया जिस पर उक्त व्यक्ति ने केवल इस ऐप से पैसा रिटर्न होने की बात कहकर फोन कॉल काट दी। कुछ देर बाद उसके व्हाट्सएप पर दोबारा कॉल आई। उक्त व्यक्ति ने उसे गुमराह करते हुए उसके मोबाइल फोन में उक्त ऐप को धोखाधड़ी के उद्देश्य से डाउनलोड करा दिया। ऐप डाउनलोड करने के पश्चात जालसाज ने उससे आईसीआईसीआई बैंक खाता का बैलेंस चेक करने के लिए पिन नंबर मांगा। पिन नंबर बताते ही उसके खाते से 39,871 रुपए ट्रांसफर हो गए।

आरोपी ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए थाने में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की शिकायत पर थाना सेक्टर 39 पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। इस मामले में सर्विलांस टीम भी आरोपी की तलाश में लगी हुई है।

उवाच

नामित डे-नोडल अधिकारी आवंटित ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम के 02-03 दिन पूर्व इस संबंध में ग्राम में मुनादी कराते हुए प्रचार-प्रसार कराना सुनिश्चित कराएंगे। ग्राम में कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों से समन्वय कर स्थान चिन्हित करते हुए बैनर, स्टाल आदि लगवाने की सम्पूर्ण व्यवस्था समय से करवाएंगे। **अभिषेक चौहान, नोडल अधिकारी**

# कैपिटल ज़ोन

## प्रदेश का पहला मेडिकल डिवाइस पार्क में मार्च तक तैयार हो जाएगा कॉमन फैसिलिटी सेंटर



- प्राधिकरण के सेक्टर-28 में मेडिकल पार्क में चार कॉमन फैसिलिटी सेंटर का चल रहा निर्माण
- यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने निर्माण कार्यों का लिया जायजा

**ग्रेटर नोएडा,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सेक्टर-28 में विकसित हो रहे मेडिकल डिवाइस पार्क में कंपनियों को तमाम तरह की सुविधाएं दी जाएंगी। कॉमन फैसिलिटी सेंटर के तहत चार बिल्डिंग का निर्माण चल रहा है। इन पर करीब 40 करोड़ रुपए खर्च होंगे। प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने मंगलवार को निर्माण कार्यों का जायजा लिया।

यमुना प्राधिकरण के सेक्टर-28 में मेडिकल डिवाइस पार्क विकसित किया जा रहा है। यहां पर 77 कंपनियों को जमीन आवंटित की जा चुकी है। इस पार्क में जल्द ही भूखंड की योजना लाई जाएगी। कंपनियों को एक छत के नीचे सारी सुविधाएं मिलेंगी। प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने मंगलवार को निर्माण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। प्राधिकरण सेक्टर-28 में 350 एकड़ में मेडिकल डिवाइस पार्क विकसित कर रहा है। इस पार्क में 74 कंपनियों को जमीन आवंटित की जा चुकी है। यहां आने वाली कंपनियों के लिए कॉमन फैसिलिटी सेंटर (सीएफसी) बनाया जाना है। इसके तहत यमुना प्राधिकरण सेक्टर-28 में एडमिस्ट्रेटिक ब्लॉक बना रहा है। इस एडमिस्ट्रेटिक ब्लॉक में एक्सपोर्ट, प्रमोशन एंड इन्क्यूबेशन सेंटर और सेंटर फॉर एक्सीलेंस स्किल डेवलपमेंट एंड इन्क्यूबेशन सेंटर का निर्माण कार्य चल रहा है। इस साल मार्च में यह काम शुरू हुआ था। अगले 26 मार्च तक यह काम पूरा हो जाएगा। इसमें 28 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। सेक्टर-28 में कॉमन टूलिंग रूम, थ्री डी डिजाइन, रैपिड पोटोटाइपिंग एंड टूलिंग लैब मैकेट्रोनिक जोन बनाया जा रहा है। यह काम इसी साल मार्च में शुरू हुआ था। अगले महीने यह काम पूरा हो जाएगा। इसमें करीब 10 करोड़ रुपए खर्च होंगे। सेक्टर-28 में इलेक्ट्रॉनिक एसेम्बली फैसिलिटी का निर्माण कार्य चल रहा है। इसी साल मार्च में काम शुरू हुआ था और अगले महीने यह काम पूरा हो जाएगा। इसमें करीब 3.5 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसके अलावा इलेक्ट्रॉनिक सिटस्म एंड डिजाइन फैसिलिटी सेंसर टेस्टिंग इंट्रीग्रेशन फैसिलिटी, इलेक्ट्रॉनिक केलिब्रेशन टेस्टिंग फैसिलिटी और डिजिटल डिस्प्ले जोन बनाया जा रहा है। अगले साल मार्च तक यह काम पूरा होने की उम्मीद है। इसमें करीब नौ करोड़ रुपए खर्च होंगे।

### यमुना प्राधिकरण में ई-नीलामी से 11.71 करोड़ में पेट्रोल पंप का भूखंड आवंटित

**ग्रेटर नोएडा**। यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण के सेक्टर-28 में पेट्रोल पंप के एक भूखंड के लिए ई-नीलामी में 11.71 करोड़ रुपए की बोली लगी है। भूखंड की बिड प्राइस 8. 65 करोड़ रुपए तय की गई थी। इससे प्राधिकरण को करोड़ो रुपए का फायदा हुआ है। यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण ने आवासीय व औद्योगिक सेक्टरों में पेट्रोल पंप के लिए चार भूखंडों की योजना बीते 8 मई 2023 को निकाली थी। भूखंडों का आवंटन ई-नीलामी के माध्यम से किया जाना था। यीडा के सेक्टर-28 में उपलब्ध 1600 वर्गमीटर के एक भूखंड के सापेक्ष आवेदन प्राप्त होने पर मंगलवार को ई-नीलामी के माध्यम से आवंटन की प्रक्रिया संपंन हुई। भूखंड संख्या- एफएस-4 की बिड प्राइस 08.65 करोड़ के सापेक्ष 11.71 करोड़ रुपए की सबसे बड़ी बोली लगी। उक्त भूखंड मैसर्स करनी अपारेल्स एसेसरीज को आवंटित किया गया। प्राधिकरण सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह का कहना है कि इससे क्षेत्र में विकास कार्यों में गातिशीलता आएगी। पेट्रोल पंप के भूखंड के आवंटन में पूरी पारदर्शिता बरती गई।

## नोएडा एयरपोर्ट के पास बसेगी 350 एकड़ में फिनटेक सिटी

- यमुना प्राधिकरण ने वित्तीय कारोबार से जुड़ी कंपनियों को आरएफपी तैयार करने के लिए किया आमंत्रित
- यमुना प्राधिकरण एयरपोर्ट के पास वित्तीय कारोबार से जुड़ी अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को लाने का प्रयास

**ग्रेटर नोएडा,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर के पास फिनटेक सिटी बसाई जाएगी। इसकी डीपीआर डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने के बाद अब यमुना प्राधिकरण ने वित्तीय कारोबार से जुड़ी कंपनियों को आमंत्रित करने के लिए आरएफपी (रिक्यूक्व फॉर प्रपोजल) निकाला है। फिनटेक सिटी के लिए सेक्टर-9 में 350 एकड़ जमीन आरक्षित की गई है। इसे मिनी मुंबई भी कहा जाएगा। प्राधिकरण का प्रयास यहां अंतरराष्ट्रीय स्तर की कंपनियों को लाने का है। फिनटेक के अंतर्गत वे कंपनियां आती हैं, जो प्रौद्योगिकी, सॉफ्टवेयर और इंटरनेट के उपयोग के माध्यम से ग्राहकों को बैंकिंग और बीमा जैसी वित्तीय सेवाएं प्रदान करती हैं।

दरअसल जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट की वजह से यमुना सिटी की अहमियत बढ़ गई है। बड़ी-बड़ी कंपनियां यहां निवेश करने के लिए आगे आ रही हैं। इसको देखते हुए यमुना प्राधिकरण अत्याधुनिक तकनीकी के माध्यम से वित्तीय कारोबार से जुड़ी कंपनियों को प्राथमिकता देने के लिए उनके लिए एक अलग से सेक्टर बसाने जा रहा है, जो फिनटेक सिटी के नाम से जाना जाएगा।

प्राधिकरण ने सेक्टर-9 में 350 एकड़ जमीन आरक्षित कर दी है। यमुना की फिनटेक सिटी में निवेश करने वाली कंपनी को नए प्रोडक्ट लॉन्च करने पर अलग से लाइसेंस लेने की जरुरत नहीं होगी। इसके अलावा प्राधिकरण व शासन द्वारा कई अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। फिनटेक सिटी को बसाने के लिए यमुना प्राधिकरण चार मॉडल पर विचार कर रहा है। एकल या एकाधिक आवंटियों को भूमि देने और सार्वजनिक निजी भागीदारी मॉडल या हाइब्रिड जैसे वित्तीय मार्डल पर विकास किया जा सकता है।

### क्या है फिनटेक

फिनटेक 'फाइनेंशियल टेक्नोलॉजी' का संक्षिप्त रूप है। वित्तीय कार्यों में प्रौद्योगिकी के उपयोग को फिनटेक कहा जा सकता है।

दूसरे शब्दों में यह पारंपरिक वित्तीय सेवाओं और विभिन्न कंपनियों तथा व्यापार में वित्तीय पहलुओं के प्रबंधन में आधुनिक तकनीक का कार्यान्वयन है। फिनटेक शब्द का प्रयोग उन नई तकनीकों के संदर्भ में किया जाता है, जिनके माध्यम से वित्तीय सेवाओं का प्रयोग, इसमें सुधार और स्वायत्तता लाने का प्रयास किया जाता है।

डिजिटल पेमेंट, डिजिटल ऋण, बैंक टेक, इंश्योर टेक, रेगटेक क्रिप्टोकरेंसी आदि फिनटेक के कुछ प्रमुख घटक हैं। हालांकि वर्तमान में फिनटेक के तहत कई अलग-अलग क्षेत्र और उद्योग जैसे-शिक्षा, खुदरा बैंकिंग, निधि जुटाना और गैर-लाभकारी कार्य, निवेश प्रबंधन आदि भी शामिल किये जाते हैं।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारी को लेकर नोडल अधिकारी ने की समीक्षा बैठक



- अधिकारियों को समय रहते कार्य योजना तैयार करते हुए तैयारी पूरा करने के दिए निर्देश

**ग्रेटर नोएडा,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। भारत सरकार से गौतमबुद्ध नगर जिले के लिए नामित नोडल अधिकारी अभिषेक चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। नोडल अधिकारी अभिषेक चौहान ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य है कि केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा जो भी लाभार्थीपरक योजनाएं चलायी जा रही हैं उनका लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक शत-प्रतिशत रूप से पहुंचना चाहिए, इसी उद्देश्य को दृष्टिगत रखते हुए अधिकारी गण विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में अपने-अपने विभागों से संबंधित योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए प्रत्येक पात्र वंचित व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए काम करेंगे। उन्होंने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में एक आई.टी. प्लेटफार्म (वेब आधारित पोर्टल) भी भारत सरकार द्वारा विकसित किया गया है, जिसमें आवश्यकता अनुसार विभिन्न स्तर पर लाग इन यूजर बनाए गए हैं। जहां से तिथि वार आयोजन से संबंधित कार्यक्रमों, वैन रूट चार्ट एवं निर्धारित गतिविधियों के फोटोग्राफ्स एवं वीडियो अपलोड करने व अनुश्रवण के संबंध में पोर्टल से जानकारी प्राप्त हो सकेगी। कार्यक्रम के लिए विकासखंड स्तर पर संबंधित खंड विकास अधिकारी नोडल होंगे, जो डे नोडल अधिकारी एवं ग्राम पंचायत नोडल अधिकारी से समन्वय स्थापित कर विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराएंगे। उन्होंने शासन के सभी दिशा निर्देशों की संबंधित अधिकारियों को विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई।

उन्होंने कहा कि नामित डे-नोडल अधिकारी आवंटित ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम के 02-03 दिन पूर्व इस संबंध में ग्राम में मुनादी कराते हुए प्रचार-प्रसार कराना सुनिश्चित कराएंगे। ग्राम में कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों से समन्वय कर स्थान चिन्हित करते हुए बैनर, स्टाल आदि लगवाने की सम्पूर्ण व्यवस्था समय से करवाएंगे। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने भारत सरकार के द्वारा जनपद के लिए नामित किए गए नोडल अधिकारी अभिषेक चौहान को आश्वस्त किया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफल बनाने के लिए जो आपके द्वारा दिशा निर्देश प्रदान किए गए हैं, उनका अधिकारियों के माध्यम से पालन सुनिश्चित कराया जाएगा। बैठक में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉक्टर नितिन मदान, जिला विकास अधिकारी सुधा कुमारी तथा अन्य अधिकारी शामिल हुए।

## ग्रेनो के प्रमुख बाजारों व सार्वजनिक जगहों की रात में भी होगी सफाई

- ग्रेनो प्राधिकरण सफाई के लिए बनाएगा क्विक रेसपोंस टीम
- कॉन्ट्रैक्टर के अधीन 300 सफाई कर्मियों की होगी क्यूआरटी
- सार्वजनिक जगहों पर कूड़े के ढेर की सफाई कर सजाने की तैयारी

**ग्रेटर नोएडा,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। सफाई कर्मियों की हड़ताल से सीख लेते हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने क्विक रेसपोंस टीम (क्यूआरटी) बनाने का फैसला किया है। हड़ताल या किसी अन्य विपरीत परिस्थितियों में यह टीम साफ-सफाई व्यवस्था को संभालेगी और खाली समय में उन जगहों की सफाई करेगी, जो वर्तमान समय में अछूते रह गए हैं। इसके साथ ही प्राधिकरण ने ग्रेटर नोएडा के प्रमुख बाजारों व सार्वजनिक जगहों पर रात में भी सफाई (नाइट स्वीपिंग) कराने का निर्णय लिया है।

कॉन्ट्रैक्टरों के अधीन सफाईकर्मियों के हड़ताल पर चले जाने से ग्रेटर नोएडा की सफाई व्यवस्था पर असर पड़ा है। कई दौर की वार्ता और अधिकांश मांगें मानने के बावजूद सफाईकर्मी हड़ताल की जिद पर अड़े हैं। प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर कॉन्ट्रैक्टरों ने अस्थाई सफाई कर्मियों की तैनाती कर सफाई व्यवस्था को संभाल लिया है, फिर भी भविष्य में इस तरह की परिस्थिति सामने आने पर सफाई व्यवस्था पर असर न पड़े, इसके लिए सीईओ ने क्विक रेसपोंस टीम का गठन करने का निर्णय लिया है। इस टीम में कॉन्ट्रैक्टरों के अधीन 300 सफाईकर्मी होंगे। ये स्वास्थ्य निरीक्षकों की निगरानी में सफाई व्यवस्था की कमान संभालेंगे। खाली समय में ये सफाईकर्मी उन जगहों की सफाई करेंगे जो किसी कारणवश मौजूदा मैनुअल स्वीपिंग व्यवस्था से अछूते रह गए हैं। प्राधिकरण ने एक और अहम फैसला लिया है, अब ग्रेटर नोएडा के बाजारों व प्रमुख सार्वजनिक स्थलों की रात में भी सफाई कराई जाएगी, जहां पर पब्लिक का आवागमन अधिक होता है। खासकर जगत फार्म, रामपुर मार्केट, तुगलपुर जैसे जगहों को इनमें शामिल किया गया है। इसके अलावा ग्रेटर नोएडा में ऐसे कई जगह हैं जहां पर कूड़े का ढेर लगा रहता है। ये सड़क से आते-जाते दिखते हैं। प्राधिकरण इन जगहों की सफाई कराकर सौंदर्यीकरण कराना चाह रहा है। इनको घूम-टहल के हिसाब से विकसित करना चाह रहा है। यहां बेंच लग जाएंगी। लो, यहां बैठकर गपशप कर सकेंगे। सीईओ ने इन निर्देशों पर शीघ्र अमल करने के निर्देश दिए हैं।

## तीन लाख टन कचरा निस्तारण के लिए एजेंसी की तलाश

- ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र के 25 एकड़ जमीन पर पुराना कचरा पड़ा

**ग्रेटर नोएडा,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण तीन लाख टन पुराने कचरे को निपटाने के लिए एजेंसी की तलाश शुरू कर दी है। चयनित कंपनी को यहां की 22 एकड़ भूमि को सुधारना होगा।

प्राधिकरण ने ग्रेटर नोएडा के लखनावली गांव के पास पांच लाख टन से अधिक कूड़ा पड़ा था। इसके लिए एक एजेंसी का चयन किया गया था। एजेंसी ने 2.40 लाख टन कूड़ा निस्तारित कर दिया। अब बचे हुए तीन लाख टन कूड़े को निपटाने की तैयारी है। इसके लिए एजेंसी की तलाश शुरू की गई है। प्राधिकरण ने रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) निकाली है। इसमें कंपनियों 22 नवम्बर तक प्रस्ताव दे सकती हैं। 24 नवम्बर को प्रस्तावों की प्रस्तुति देनी होगी। परियोजना का उद्देश्य कूड़ा निपटारा और भूमि को उसके मूल स्वरूप में लौटाना है। अधिकारियों ने बताया कि प्राधिकरण चयनित कंपनी को संयंत्र और मशीनरी स्थापित करने के लिए डंप साइट के अंदर तीन एकड़ तक जमीन उपलब्ध कराएगा। कंपनी इस काम के लिए आवश्यक वाहन और जनशक्ति तैनात करनी होगी।

## एनसीसी कैडेट्स प्रियंका नेगी का कला, सांस्कृतिक व खानपान आदान-प्रदान के लिए हुआ चयन



**ग्रेटर नोएडा,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। नॉलेज पार्क स्थित आईआईएमटी कॉलेज समूह की छात्रा प्रियंका नेगी का चयन युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के लिए हुआ है। 31 यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी की छात्रा प्रियंका नेगी का चयन कई चरणों की कठिन प्रक्रिया के बाद हुआ है। प्रियंका नेगी आईआईएमटी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट से बीबीए की पढ़ाई कर रही है। कॉलेज समूह के प्रबंध निदेशक डॉ. मंयक अग्रवाल ने छात्रा के चयन पर कहा है कि यह खुशी के बात है कि पूरे उत्तर प्रदेश से आईआईएमटी की छात्रा सीपीएल अधिकारी के रूप में युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम 2022-23 में भाग लेने के लिए नेपाल पहुंची है। इसी के साथ ही इस कार्यक्रम में देश के 16 कैडेट्स भाग ले रहे हैं। नेपाल में होने वाले इस कार्यक्रम के तहत एनसीसी कैडेट्स भारत और इसके राज्यों की कला संस्कृति एवं वेशभूषा, खानपान से लोगों को अवगत कराएंगे। दूसरी तरफ नेपाल के कैडेट्स भी भारत के कैडेट्स को नेपाली कला-संस्कृति से परिचय कराएंगे। युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम 21 नवम्बर से 29 नवम्बर के बीच होगा। प्रियंका नेगी को लेकर कर्नल देव सोनी का कहना है कि कॉलेज स्तर पर छात्रों को एनसीसी के लिए काफी प्रोत्साहित किया जाता है। यह उसी का परिणाम है कि छात्रा का चयन नेपाल जाने के लिए हुआ है। वहीं कॉलेज में एनसीसी की सीटीओ तनु शर्मा का कहना है कि कार्यक्रम के तहत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दोनों देशों के संबंधों में मजबूती कायम होगी।

## गोपाष्टमी पर गौ माता पूजन कर राष्ट्र की धरोहर घोषित करने की मांग



- श्री बालाजी मानव सेवा समिति एवं गौ सेवा सदन द्वारा किया गया गौ पूजन

**ग्रेटर नोएडा,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। गोपाष्टमी के पावन अवसर पर श्री बालाजी मानव सेवा समिति एवं श्री ग्रेनो गौ सेवा सदन द्वारा गौ माता पूजन का कार्यक्रम ग्रीन हाउस गार्डन सेंटर में आयोजित किया गया।

श्री बालाजी मानव सेवा समिति के मीडिया प्रभारी अमरजीत सिंह ने बताया कि संजय सूदन के द्वारा संचालित गौशाला में श्री बालाजी मानव सेवा समिति द्वारा आयोजित गौ पूजन कार्यक्रम संस्था के कोषाध्यक्ष एवं ग्रेनो गौ सेवा सदन के अध्यक्ष मनोज सिंघल एवं संस्था के उपस्थित पदाधिकारी एवं मातृशक्ति के सहयोग से पूर्ण हुआ ।

इस अवसर पर श्री बालाजी मानव सेवा समिति के संस्थापक संयोजक सतेन्द्र राघव विशेष रूप से उपस्थित रहे एवं उन्होंने कहा कि गौ माता सनातन धर्म का संजीवन प्राण है गौ सेवा एवं गौ संवर्धन से ही सनातन धर्म को शाश्वत रूप से सुरक्षित रखा जा सकता है सनातन धर्म का जीवन है गौ माता गौ माता का पालन करने वाले समस्त सनातन धर्मावलंबी गौ भक्त इस सृष्टि में सृष्टि सृजन एवं जय जवान जय किसान के उद्देश्य को पूर्ण करने में अपना योगदान दे रहे हैं, गौ माता के समस्त रोम रोम में देवी देवताओं का वास है गौ माता के गोबर में साक्षात माता लक्ष्मी निवास करती हैं एवं गौमूत्र में साक्षात मां सरस्वती का वास है इसी के कारण सनातन हिंदू धर्म में गौ माता के गोबर एवं गौमूत्र का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान है गाय के गौबर और गौमूत्र से पंचगव्य तैयार करके अनेक शारीरिक बीमारियों में उपयोग किया जाता है। साइंस के जमाने में वैज्ञानिकों ने भी माना है की देसी गाय के गौमूत्र से कैंसर जैसी बीमारी को भी रोका जा सकता है हम सब गौ माता की सेवा में अपना समर्पण समर्पित करते हैं एवं भारत सरकार से मांग करते हैं कि गौ माता को राष्ट्र की धरोहर के रूप में राष्ट्र गौ माता स्वीकार कर राष्ट्र गौ माता घोषित करने की कृपा करें। गोपाष्टमी के पावन अवसर पर गौ पूजन कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित श्री बालाजी मानव सेवा समिति के उपाध्यक्ष मुकेश यादव, सचिव अंकित मित्तल, पवन मित्तल, जयप्रकाश सिंह, प्रवीण अरोड़ा, बीना अरोड़ा, सीमा सिंह, रश्मि, सरोज अरोड़ा,मिली गुप्ता,रेनू सिंगल, सौनाली मित्तल, योगिता सूदन, श्रीजन सूदन आदि वरिष्ठजन मौजूद रहे।


पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संपर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida



ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्लाट नं0-01, सेक्टर-के0पी0-04 ग्रेटर नोएडा सिटी
जिला-गौतमबुद्धनगर।
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि Army Welfare Housing Organization, Gurjinder Vihar, के माध्यम से आवंटित भवन संख्या-1-H-104, 1st Floor, Sector- Chi-1, Builder's Area, P-5, Greater Noida क्षेत्रफल-195.17 वर्ग मीटर, Maj. Gen. Rajendra Singh Tanwar S/o Shri Ram Chandra & Mrs. Kamla Tanwar W/o Maj. Gen. Rajendra Singh Tanwar के पक्ष में आंवटित/पंजीकृत है। मूल आवंटी Maj. Gen. Rajendra Singh Tanwar की मृत्यु दिनांक-05.06.2013 को हो जाने के उपरान्त पूर्ण रूप से सह आवंटी Mrs. Kamla Tanwar W/o Late Maj. Gen. Rajendra Singh Tanwar ने उक्त भवन को अपने पक्ष में नामांतरण कराने हेतु आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराना सूनिश्चित करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मूल आवंटी Maj. Gen. Rajendra Singh Tanwar के स्थान पर पूर्ण रूप से सह आवंटी Mrs. Kamla Tanwar W/o Late Maj. Gen. Rajendra Singh Tanwar के नाम पर दर्ज कर दिया जायेगा।

महाप्रबन्धक (ग्रुप हाउसिंग)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा-201310
जिला गौतमबुद्ध नगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है ग्राम/सैक्टर-पाली की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन सख्या-पी.ए.एल.447, भूखण्ड सख्या-102, पाकेट-डी, क्षेत्रफल-625 वर्ग मीटर श्री हरीराम पुत्र श्री मुशिया, निवासी-ग्राम-पाली, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवटी श्री हरीराम पुत्र श्री मुशिया की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसानो सर्वश्री जितेन्द्र, ज्ञानेन्द्र भाटी, ओमीन्दर भाटी, राहुल पुत्रगण स्व0 श्री श्यामवीर, श्रीमती सुमन पत्नी स्व0 श्री श्यामवीर पौत्रगण/पुत्रबधु स्व0 श्री हरीराम, सर्वश्री श्यामवीर, राम मेहर, सुमेश, अवधेश कुमार पुत्रगण स्व0 श्री हरीराम, श्रीमती श्यामवती (विवाहित), श्रीमती अमन (विवाहित) पुत्रीगण स्व0 श्री हरीराम, निवासी-ग्राम-पाली, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 में से सर्वश्री जितेन्द्र, ज्ञानेन्द्र भाटी, ओमीन्दर भाटी, राहुल पुत्रगण स्व0 श्री श्यामवीर, श्रीमती सुमन पत्नी स्व0 श्री श्यामवीर पौत्रगण/पुत्रबधु स्व0 श्री हरीराम, निवासी-ग्राम-पाली, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 द्वारा अपने पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के सबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करे, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके वारिस सर्वश्री जितेन्द्र, ज्ञानेन्द्र भाटी, ओमीन्दर भाटी, राहुल पुत्रगण स्व0 श्री श्यामवीर, श्रीमती सुमन पत्नी स्व0 श्री श्यामवीर पौत्रगण/पुत्रबधु स्व0 श्री हरीराम, निवासी-ग्राम-पाली, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में उक्त भूखण्ड नामांतरित कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी )
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्लाट नं0-1, सेक्टर-नॉलिज पार्क-4 ग्रेटर नोएडा सिटी
जिला-गौतमबुद्धनगर।
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की ए01 आवासीय भूखण्ड योजना के अर्न्तगत भूखण्ड संख्या-जी-191, सैक्टर-अल्फा-02, आकार-40 वर्गमीटर आवंटन संख्या-ए012718, श्री विष्णु राम थगेला पुत्र स्वं० श्री सोनी राम थगेला के नाम आवंटित है। आवंटी श्री विष्णु राम थगेला पुत्र स्वं० श्री सोनी राम थगेला की मृत्यु दिनांक 12.09.2016 को हो जाने के उपरान्त उक्त भूखण्ड को विल के आधार पर उनकी पत्नी श्रीमती रामदुलारी थगेला पत्नी स्व० श्री विष्णु राम थगेला निवासी मकान नं0-575, आनन्द फार्म के पास, सेक्टर-22/बी, मोलाहेरा 65, पालम रोड, गुडगाँव, हरियाणा-122015 द्वारा उक्त भूखण्ड को अपने पक्ष में नामान्तरण करने हेतु प्राधिकरण कार्यालय में प्रपत्र प्रस्तुत किये हैं। इस नामान्तरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की तिथि से 35 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय मे दर्ज कराने का कष्ट करें। अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों मे उक्त भूखण्ड का विल के आधार पर नामांतरण श्री विष्णु राम थगेला पुत्र स्व० श्री सोनी राम थगेला के स्थान पर उक्त भूखण्ड को उनको पत्नी श्रीमती रामदुलारी थगेला पत्नी स्व० श्री विष्णु राम थगेला निवासी मकान नं0-575, आनन्द फार्म के पास, सेक्टर 22/बी, मोलाहेरा 65, पालम रोड, गुडगाँव, हरियाणा 122015 के नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

विशेष कार्याधिकारी (सम्पत्ति)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम रबूपुरा व मौहम्मदाबाद खेड़ा में उप जिलाधिकारी जेवर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 60/एस.टी.-एस.डी.एम./2023 दिनांक 11.10.2023 मृतक स्व0 श्री जयभगवान पुत्र लीला नि0 ग्राम भाईपुर ब्रहमनान, तहसील व जनपद गौतमबुद्धनगर, पत्र संख्या 357/एस.टी.-एस.डी.एम./2023 दिनांक 03.04.2023 मृतक स्व0 श्री छततरपाल पुत्र चिंता नि0 ग्राम मौहम्मदाबाद खेड़ा तहसील व जनपद गौतमबुद्धनगर तथा पत्र संख्या 627/एस.टी.-एस.डी.एम./2023 दिनांक 07.01.2022 मृतक स्व0 श्री ओमपाल पुत्र बलवन्त सिंह नि0 ग्राम मौहम्मदाबाद खेड़ा तहसील व जनपद गौतमबुद्धनगर के स्थान पर उनके वारिसानों/पारिवारिक सदस्यों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग |
|---|---|---|---|---|---|
| रबूपुरा | 886 | स्व0 श्री जयभगवान पुत्र लीला नि0 ग्राम भाईपुर ब्रहमनान तहसील व जनपद गौतमबुद्धनगर | रानी | पुत्री विवाहित | 54 वर्ष |
| | | | संजू | पुत्री विवाहित | 50 वर्ष |
| | | | चंचल | पुत्री विवाहित | 40 वर्ष |
| | | | पुनम | पुत्री विवाहित | 35 वर्ष |
| | | | अर्जुन शर्मा | पुत्र विवाहित | 30 वर्ष |
| | | | रेखा | पुत्री विवाहित | 26 वर्ष |
| मौहम्मदाबाद खेड़ा | 402 169 | स्व0 श्री छततरपाल पुत्र चिंता नि0 ग्राम मौहम्मदपुर खेड़ा तहसील व जनपद गौतमबुद्धनगर | नरेशवती | पत्नी | 68 वर्ष |
| | | | दुष्यन्त | पुत्र | 33 वर्ष |
| | | | अशोक कुमार | पुत्र | 53 वर्ष |
| | | | आशा देवी | पुत्री विवाहित | 50 वर्ष |
| | | | शशी भाटी | पुत्री विवाहित | 46 वर्ष |
| | | | गीता देवी | पुत्री विवाहित | 51 वर्ष |
| | | | उषा देवी | पुत्री विवाहित | 47 वर्ष |
| मौहम्मदाबाद खेड़ा | 07 | स्व0 श्री ओमपाल पुत्र बलवन्त सिंह नि0 ग्राम मौहम्मदाबाद खेड़ा तहसील व जनपत गौतमबुद्धनगर | श्रीमती शीला | पत्नी | 50 वर्ष |
| | | | सागर सिंह | पुत्र | 26 वर्ष |
| | | | पंकज | पुत्र | 26 वर्ष |
| | | | विनीता देवी | पुत्री विवाहित | 33 वर्ष |

उपरोक्त वारिसानों/पारिवारिक सदस्यों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करे, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा। तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औ0 विकास प्राधिकरण

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी
ग्रेटर नोएडा सिटी जिला-गौतमबुद्ध नगर ।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि M/s Sundram I.T. Parks Pvt. Ltd. भूखण्ड संख्या-TZ-13A, सेक्टर-टेकजोन के माध्यम से आवंटित यूनिट संख्या T2-R-GF-08B, Floor-Ground, Tower-Tech-2, क्षेत्रफल-48.33 वर्ग मीटर Mr. Taranath Parmeshwar Bhat S/o O.P.S. Bhat के पक्ष में पंजीकृत है। सबलेसी Mr. Taranath Parmeshwar Bhat S/o O.P.S. Bhat की मृत्यु दिनांक 25.05.2023 को हो जाने के कारण उनकी पत्नि Mrs. Nalini Taranath Bhat एवं उनके पुत्र Mr. Sameer Taranath Bhat द्वारा उक्त यूनिट को पूर्णरूप से Mrs. Nalini Taranath Bhat के पक्ष में नामान्तरण कराने हेतु आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराना सूनिश्चित करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में Mr. Taranath Parmeshwar Bhat के स्थान पर उक्त यूनिट को पूर्ण रूप से Mrs. Nalini Taranath Bhat के नाम पर दर्ज कर दिया जायेगा।

अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी
ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, बुधवार 22 नवम्बर 2023

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

## कानून को फिर ठेंगा दिखाया राम रहीम ने

विवादास्पद धर्मगुरु और डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख गुरमीत राम रहीम ने एक साल में पांचवी बार पैरोल हासिल कर एक बार फिर से बता दिया है कि रसूखदारों के समक्ष कानून की कोई बिसात नहीं है। गुरमीत राम रहीम इंसान के नाम से जाना जाने वाला यह धर्मगुरु एक रेप मामले में रोहतक की सुनारिया जेल में बंद था। उसे 21 दिनों की पैरोल मिली है। चार दिन पहले उसकी ओर से पैरोल की अपील की गई थी तथा वह मंगलवार की दोपहर जेल से निकलकर उत्तरप्रदेश के बागपत के बरनावा आश्रम में पैरोल के दिन काटने के लिये रवाना हो गया। उसे डीएसपी के नेतृत्व में एक पुलिस टीम बाकायदा बरनावा आश्रम तक सुरक्षित छोड़कर आयेगी। राम रहीम को जेल में लेने के लिये उसके कुछ शिष्य आये थे जो उनके साथ ही रहेंगे। स्वाभाविक है कि फरलो मंजूर होने के बाद राम रहीम के अनुयायियों और समर्थकों में खुशी की लहर है। यह भी बताया जाता है कि बरनावा आश्रम में उसके आने की भव्य तैयारियां कर ली गई हैं।

उल्लेखनीय है कि राम रहीम को अपनी दो शिष्याओं के साथ बलात्कार करने एवं एक पूर्व डेरा प्रबंधक रंजीत सिंह की हत्या के आरोप में 20 वर्ष की सुनाई गई है। अगस्त 2017 में पंचकूला की एक विशेष सीबीआई अदालत ने उसे दोषी करार दिया था। उनके आश्रम को लेकर अनेक तरह की बातें कही जाती हैं लेकिन कहते हैं कि सारी बातें उसके प्रभाव व भय से कभी सामने नहीं आ पाईं।

वैसे राम रहीम को फरलो पर बाहर आने के मसले को हरियाणा 2024 में होने वाले विधानसभा चुनाव के साथ भी जोड़ा जा रहा है। राम रहीम का एक बड़े वर्ग पर अच्छा-खासा प्रभाव है जो उसके अपराधी साबित होने के बाद भी कम नहीं हुआ है। कहते हैं कि हरियाणा की सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी पहले भी उसकी मदद अपने प्रचार के लिये अप्रत्यक्ष रूप से लेती रही है। इसके एवज में ही राम रहीम पर यह मेहरबानी होती है। उसे सबसे पहले 30 दिनों की पैरोल 17 जून 2022 को मिली थी। उस दौरान भी वह बरनावा आश्रम में रहा था। फिर 15 अक्टूबर को उसे दूसरी बार पैरोल मिली थी। 21 जनवरी, 2023 को तीसरी बार उसे 40 दिनों के लिये फरलो मिली। पैरोल पूरी कर वह तीन मार्च को वापस सुनारिया जेल चला गया था। चौथी बार फिर 20 जुलाई को 30 दिनों की पैरोल प्राप्त कर वह फिर अपने बरनावा आश्रम पहुंचा था।

यह सचमुच आश्चर्यजनक है कि ऐसे जघन्य अपराधों के लिये सजा काट रहा एक व्यक्ति कैसे मनमर्जी से पैरोल पा लेता है जबकि देश की जेलों में सजा काट रहे लाखों लोगों को एक दिन की छुट्टी पाना तक मुहाल हो जाता है- चाहे किसी के घर में मौत हुई हो या किसी का नज़दीकी सख्त बीमार पड़ा हो जो उसका मुंह आखिरी बार देखने के लिये तरस रहा हो। जेलों में बन्द बहुत से ऐसे लोग भी होते हैं जिन्हें सज़ा तक नहीं सुनाई गई होती और वे विचाराधीन यानी अंडर ट्रायल कैदी होते हैं। इतना ही नहीं, नियमों के अनुसार उनके परिजन या मित्र उनसे दो-चार मिनटों के लिये मिलने के लिये अवसर तक नहीं पा सकते क्योंकि मुलाकात कराने की प्रक्रिया बेहद दुरुह है। इसके अलावा सम्पूर्ण न्यायालयीन व कानूनी प्रक्रिया में फैला भयानक भ्रष्टाचार गरीबों व अभावग्रस्त लोगों को अपने अधिकार का लाभ उठाने से तक रोक देता है। भारत की किसी भी जेल के बाहर यह दृश्य आम होता है कि हजारों की संख्या में लोग जेलों में बन्द अपने किसी नज़दीकी से मिलने के लिये घंटों इंतज़ार करते रहते हैं। या तो उनकी मुलाकात हो ही नहीं पाती या फिर उन्हें बार-बार जेल के दरवाजों पर आना पड़ता है। केवल मुलाकात करने का आदेश पाना या फिर उसका क्रियान्वयन करा लेना अपने आप में एक बड़ी कठिन चुनौती होती है। इतना ही नहीं, बहुत छोटी सी जमानत राशि के अभाव में लाखों गरीब, दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक, निरक्षर, एकाकी लोग बगैर सजा मिले कई-कई साल जेलों की कोठरियों में गुजार देते हैं।

ऐसे में राम रहीम जैसों को चाहे जब पैरोल मिल जाना आश्चर्यकारी से अधिक दुखद ही कहा जा सकता है। जिस गति से उनकी अस्थायी मुक्ति के दस्तावेज़ एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय और एक टेबल से दूसरी टेबल की यात्रा करते हैं, वह बतलाता है कि देश में कुछ लोगों के लिये एक कानून है तो अन्य लोगों के लिये दूसरा कानून। कानून के समक्ष समानता का अधिकार यहां पानी मांगता नज़र आता है। हालांकि इसका बचाव करने वाले कहते हैं कि जो भी हो रहा है वह विधिसम्मत ही होता है। सवाल तो यह है कि सुविधाहीन एवं सामान्यजनों के लिये विधिप्रदत्त अधिकार कहां हवा हो जाते हैं। व्यवस्था वास्तविक रूप से ज़रूरतमंदों को ऐसी राहत कभी नहीं दे पाती।

सबसे दुखद तो यह है कि ऐसे अपराधियों का उपयोग राजनैतिक दल चुनाव जीतने के लिये करते हैं। पिछले कुछ समय से देश की जो हवा बदली है उसमें भाजपा को कांग्रेस व अन्य कई दलों द्वारा बनाये गये विपक्षी गठबन्धन इंडिया की ओर से गम्भीर चुनौतियां मिल रही हैं। हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में मिली हार के बाद जिस प्रकार से भाजपा के सिर पर जारी पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में भी खतरा मंडरा रहा है, भाजपा को हर ऐसे व्यक्ति की ज़रूरत है जो उसके वोट बैंक में इज़ाफ़ा कर सके। अपराधियों को यूं खुली छूट घातक है।

## कांग्रेस के हाथ में लौटा 'सामाजिक न्याय' का अस्त्र

10 वर्षों की धमाचौकड़ी के बाद अगर भारतीय जनता पार्टी और उनके सर्वेसर्वा बन बैठे नरेन्द्र मोदी ढलान पर दिख रहे हैं तो उसका कारण है कांग्रेस के हाथों में लौट आया 'सामाजिक न्याय' का वह अस्त्र, जिसके बल पर उसने देश की तस्वीर व तकदीर को संवारा है। भीषण गरीबी, निरक्षरता, बदहाली, असमानता और अनेकानेक काली परतों को चीरकर एक आत्मनिर्भर व चमकदार भारत का निर्माण इसलिये हो सका क्योंकि यह मुद्दा व आजादी का मसला अंतर्गुंफित थे। स्वतंत्रता की लड़ाई में सम्प्रभुता बेशक महत्वपूर्ण थी, लोगों के सशक्तिकरण की आकांक्षा कहीं अधिक बलवती थी। स्वतंत्रता का घोषित उद्देश्य स्वाभाविक तौर पर भारत की विदेशी साम्राज्यवाद से मुक्ति का था, पर महात्मा गांधी की अगुवाई में कांग्रेस द्वारा लड़े गये आजादी के आंदोलन का प्रमुख लक्ष्य करोड़ों लोगों को सामाजिक न्याय दिलाना था।

सामाजिक न्याय ही वह आकर्षण था जिसके कारण भारत का स्वतंत्रता संग्राम केवल राजा-महाराजाओं, जमींदारों या कुलीन वर्ग का होकर नहीं रह गया था। उन्होंने भी उसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था जो वंचित, शोषित, गरीब और कमज़ोर थे। गांधीजी ने अपने रहन-सहन, भाषणों, लेखों तथा कांग्रेस की बैठकों में इस बात को साफ कर दिया था कि उनके लिये आजादी के क्या मायने हैं और किनके लिये वे अपने जीवन को स्वाहा कर रहे हैं। जॉन रस्किन की जिस किताब 'अन टू दिस लास्ट' ने उन्हें रात भर सोने नहीं दिया तथा जिसे पढ़कर उन्होंने सर्वोदय को अपना तिलस्मा तैयार कर देश की सरकारों व संस्थाओं को दिया, वही 'सर्वोदय' की भावना एक तरह से लोक कल्याणकारी राज्य की अवधारणा के रूप में पल्लवित होता दिखता है। उनके विचारों की शब्द देह कही जाने वाली 'हिन्द स्वराज' पुस्तक में उनका यही मंत्र स्वतंत्र भारत की सरकारों के लिये कम्पास की तरह काम करता रहा और वही सामाजिक न्याय की गांधी की अवधारणा है।

देश स्वतंत्र होने के बाद कांग्रेस की तमाम सरकारों एवं उनके प्रमुख प्रधानमंत्रियों ने देश को इस मुद्दे पर कभी भी निराश नहीं किया। समाजवाद से प्रभावित पहले प्रधानमंत्री पण्डित जवाहरलाल नेहरू ने करोड़ों किसानों को घोर गरीबी से बाहर निकालने के लिये कृषि को संवारने का बीड़ा उठाया। बड़े बांधों और नहरों के जाल बिछाने के अलावा खाद कारखाने, कृषि सम्बन्धी शोध व अध्ययन को बढ़ावा दिया। किसानी के काम में छोटी जोत के व सीमांत किसानों, खेतिहर मजदूरों की संख्या अधिक थी और हाथ से काम करने वाले ये सारे समाज के निचले वर्गों से ही आते थे। अब भी काफी कुछ वैसा ही है। इसके बाद उल्लेखनीय काम किया इंदिरा गांधी ने। उनकी लाई गरीबी उन्मूलन योजना, 20 सूत्री कार्यक्रम, हरित क्रांति, साहूकारी व्यवस्था का अंत, बैंकों का राष्ट्रीयकरण, प्रीवी पर्स की समाप्ति आदि जैसे कार्यक्रम भी प्रकारांतर से सामाजिक न्याय के ही स्वरूप थे। बीच में आए लालबहादुर शास्त्री को उतना वक्त ही न मिल पाया



डॉ. दीपक पाचपोर

> कुछ समय से सामाजिक न्याय का मुद्दा फिर से कांग्रेस के हाथों में आ गया है जिसे पिछले दिनों हुए कर्नाटक विधानसभा के चुनावों में सफलता मिली है। छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश के हो चुके तथा राजस्थान व तेलंगाना के होने जा रहे विधानसभा चुनावों में (नतीजे 3 दिसंम्बर को) जातिगत जनगणना के माध्यम से लोगों को अवसर देने की गारंटी है।

परन्तु उन्होंने इस काम को कहीं रुकने नहीं दिया। 1984 में आये राजीव गांधी के बारे में सोचा गया कि वे विदेशी मानसिकता में पले-बढ़े हैं इसलिये देश का कहीं अधिक पश्चिमीकरण होगा जिसमें यह मुद्दा खूंटी पर टंग जायेगा। इसके विपरीत उन्होंने पंचायती राज को मजबूत किया, नवोदय स्कूल खोले, भारत को डिजीटल बनाने में मदद की, मताधिकार की आयु को घटाया। इन सबके कारण निचले तबके के लोगों के लिये बगैर भेद-भाव अवसरों के नये-नये दरवाज़े खुले। आधुनिक व्यवस्था के बीच में भी उनके समय सामाजिक न्याय ने अपनी जगह नहीं छोड़ी थी।

1991 में जब पीवी नरसिंह राव पीएम बने, नयी वैश्विक अर्थप्रणाली का आगमन हो चुका था। इस व्यवस्था के तहत रोज-रोज खुलते नये-नये उद्योग-धंधों व कारोबार ने सामाजिक न्याय के मुद्दे को विस्मृत ही नहीं वरन उसका तिरस्कार भी किया। पश्चिम प्रवर्तित नयी व्यवस्था के अंतर्गत देश के होते कार्पोरेटरीकरण के अनुसार हाशिये पर खड़े लोगों के लिये कुछ करना फिज़ूलखर्ची तथा इकानॉमी पर बोझ डालना बताया गया। मंडल आयोग की आरक्षण की सिफारिशों अब और कड़ी आलोचना का विषय बन गईं। यह देश का ऐसा बड़ा नरेशन बन गया कि उसके शोर-गुल में बाबरी मस्जिद के ढहाने का काम भी हो गया। इसी के बल पर पीएम बने अटल बिहारी वाजपेयी ने सामाजिक न्याय के मुद्दे को और भी पीछे ठेल दिया। वे इंडिया को शाइन करते रहे। 2004 में कांग्रेस सरकार में लौटी तो भारत के चाल बदलने की बहुत उम्मीद नहीं थी परन्तु कमान गांधी परिवार की बहू सोनिया गांधी के हाथ में थी- प्रधानमंत्री चाहे उसी वैश्विक अर्थव्यवस्था का प्रतिनिधित्व करने वाले डॉ. मनमोहन सिंह थे। वे मनरेगा, भोजन का अधिकार जैसी योजनाएं लेकर आये। उन्होंने पंचायती राज को फिर मजबूत किया, खनिज न्यासों की स्थापना की, ग्राम सभाओं के अधिकार बढ़ाये और इन सबके माध्यम से कल्याणकारी राज्य की अवधारणा को पुनर्जीवित किया।

पीवी नरसिंह राव एवं मनमोहन सिंह के काल में अलबत्ता एक ऐसा आत्मकेंद्रित व स्वार्थी नवधनाढ्य, खाया-पिया अघाया वर्ग तैयार हो गया जो सब्सिडी को गैर ज़रूरी मानता है, लोक कल्याणकारी योजनाओं से नफरत करता है और निचले तबकों को उसका वाजिब हक देना ही नहीं चाहता। वह पूरे समाज को थोड़े से टैक्स पेयरों व बड़े उद्योगपतियों की बपौती मानता है। सुविधायुक्त मकान, कार, अच्छा-खासा बैंक डिपॉजिट एवं टेक्नॉलाजी से सज्जित यह छोटा सा वर्ग सामाजिक व राजनैतिक शक्तियां हासिल कर हाशिये पर खड़े वर्गों को सफे से बाहर करने पर तुला है। यही वह वर्ग है जो भारतीय जनता पार्टी व मोदी को इसलिये पसंद करता है क्योंकि वे बहुजन विरोधी सोच पर आधारित हैं। गरीबों, दलितों, किसानों, मजदूरों, अल्पसंख्यकों से घृणा करने वाला इस बात के प्रति सतर्क रहता है कि कोई भी नेता या राजनैतिक पार्टी सामाजिक न्याय पर बात न करे। इसलिये मोदी के लाये काले कृषि कानूनों के समर्थन में यही वर्ग था जो खेतों में कभी उतरा भी न हो। ये ही वे लोग हैं जो किसानों, आदिवासियों, महिलाओं, अल्पसंख्यकों की आवाज उठाने वालों को जेल में डालने पर आनंदित होते हैं। कोरोना काल में सड़कों पर मरते मजदूर इनके मनोरंजन का विषय रहते हैं। सबके पीछे उनकी यही मंशा होती है कि उन्हें न्याय न मिले।

पिछले कुछ समय से सामाजिक न्याय का मुद्दा फिर से कांग्रेस के हाथों में आ गया है जिसे पिछले दिनों हुए कर्नाटक विधानसभा के चुनावों में सफलता मिली है। छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश के हो चुके तथा राजस्थान व तेलंगाना के होने जा रहे विधानसभा चुनावों में (नतीजे 3 दिसंम्बर को) जातिगत जनगणना के माध्यम से लोगों को अवसर देने की गारंटी है। इसकी नौबत इसलिये आई क्योंकि भाजपा ने अपने इस 10 वर्षीय शासन में दलितों, आदिवासियों, पिछड़े वर्गों के हकों को छीन लिया है। चोर दरवाजे से सारे अवसर पहले से सुविधासम्पन्न तथा ऊंचे तबकों को दिये जा रहे हैं।

ऐसे समय में जब लोगों के दिमाग से उनके ही पैसों से होने वाला निजी क्षेत्रों के पोषण का भूत उतर रहा है, भाजपा का ध्रुवीकरण का मुद्दा भोथरा हो चुका है- कांग्रेस का सामाजिक न्याय का मुद्दा फिर से राजनीति के सिर पर चढ़कर बोल रहा है। सामाजिक न्याय की कस्टोडियन व चैंपियन तो आखिरकार कांग्रेस ही है। विशेषकर, नेहरू-गांधी परिवार की भावना सामाजिक न्याय ही है। अब यह अस्त्र वापस गांधी परिवार के हाथ में आ गया है जिसके नये ब्रांड एंबेसडर राहुल गांधी हैं। भाजपा की मुसीबत यहीं से शुरू होती है क्योंकि उसकी न तो सामाजिक न्याय देने की हसरत है, न उसका ट्रैक रिकार्ड है और न ही उसके पास कोई ब्लू प्रिंट।

**(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं)**

## गरीबों को मुफ्त अनाज देने से चुनाव जीतने की संभावना नहीं

■ **नन्तू बनर्जी**

केन्द्र सरकार की ओर से 2020-21 में कोविड महामारी के दौरान लंबी लॉक डाऊन अवधि में देश में गरीबों और निम्न आय वर्ग के 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध कराना बहुत सोच-समझकर किया गया था। इस सुविधा को दो बार बढ़ाया गया था, आखिरी बार 1 जनवरी, 2023 को एक वर्ष की अवधि के लिए। पिछले विस्तार का संबंध संभवत:नागालैंड,त्रिपुरा, मेघालय, और कर्नाटक में चुनावों से अधिक था। अब वर्तमान पांच राज्यों के चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घोषणा की कि देश की लगभग 60प्रतिशत आबादी अर्थात 80 करोड़ से अधिक लोगों के लिए लगभग सालाना 15,000 करोड़ रुपये के सरकारी खर्च पर मुफ्त राशन (खाद्यान्न) योजना फिर से पांच साल के लिए, यानी 2028 तक बढ़ा दी जायेगी।

छत्तीसगढ़ के दुर्ग में एक चुनावी रैली में की गई घोषणा बेतुकी लगती है। यह सरकार के स्वयं के वार्षिक आर्थिक विकास के दावों और देश के बहुआयामी गरीबों की पंजीकृत संख्या में वार्षिक ऑन-पेपर गिरावट को चुनौती देता है। मुफ्त खाद्यान्न योजना के तहत, भारत में गरीबों की आबादी 2028 के अंत तक 80 करोड़ से अधिक स्थिर रहने की उम्मीद है। यह संख्या इस साल जुलाई में सरकार की अपनी रिपोर्ट के विपरीत है, जिसमें कहा गया था कि लगभग 13.5 करोड़ लोग या इसके करीब लोग गरीब हैं। दावा किया गया था कि मार्च 2021 तक पांच वर्षों में भारत की 10 प्रतिशत आबादी गरीबी से बच गई। गवर्नमेंट थिंक टैंक नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने कहा, 'पोषण में सुधार, वर्षों की स्कूली शिक्षा, स्वच्छता और खाना पकाने के ईंधन ने गरीबी को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।'

> दो प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठते हैं: देश के 80 करोड़ से अधिक गरीब लोगों के अनुमान का स्त्रोत क्या है जो सरकार द्वारा प्रदान किया जाने वाला बेहद सस्ता राशन भी नहीं खरीद सकते हैं और सरकार को क्या लगता है कि ऐसे लोगों की संख्या 2028 तक स्थिर बनी रहेगी। इसका उत्तर अगले साल जून से पहले लोकसभा और सिक्किम और संभवत: जम्मू-कश्मीर में चुनाव लड़ने के दबाव में हो सकता है।

इसके अलावा, नीति आयोग की रिपोर्ट में विस्तार से बताया गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी में सबसे ज्यादा गिरावट देखी गई। अध्ययन में कुपोषण, शिक्षा और स्वच्छता जैसे 12 संकेतकों के आधार पर संयुक्त राष्ट्र के बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआई) का उपयोग किया गया। रिपोर्ट के अनुसार, गरीबी में रहने वाली आबादी का प्रतिशत 2015-16 में 25 प्रतिशत से गिरकर 2019-21 में 15 प्रतिशत हो गया।' देश में बहुआयामी गरीबों की संख्या में 9.89 प्रतिशत अंकों की उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई, जो 2015-16 में 24.85 प्रतिशत से बढ़कर 2019-21 में 14.96 प्रतिशत हो गई। ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी में सबसे तेजी से गिरावट देखी गई जो 32.59 प्रतिशत से घटकर 19.28प्रतिशत हो गई।'

36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों और 707 प्रशासनिक जिलों के लिए बहुआयामी गरीबी अनुमान प्रदान करते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि बहुआयामी गरीबों के अनुपात में सबसे तेज कमी उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश, ओडिशा और राजस्थान राज्यों में देखी गई। क्विज़ली, ग्लोबल हंगर इंडेक्स-2023 में भारत को 125 देशों में से 111वें स्थान पर रखा गया था, जिसे सरकार ने ग़लत और दुर्भावनापूर्ण इरादे से खारिज कर दिया था। क्या ग्लोबल हंगर इंडेक्स ने भारत की गरीबी का आंकड़ा देश की मुफ्त खाद्यान्न योजना पर आधारित किया है?

दो प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठते हैं: देश के 80 करोड़ से अधिक गरीब लोगों के अनुमान का स्त्रोत क्या है जो सरकार द्वारा प्रदान किया जाने वाला बेहद सस्ता राशन भी नहीं खरीद सकते हैं और सरकार को क्या लगता है कि ऐसे लोगों की संख्या 2028 तक स्थिर बनी रहेगी। इसका उत्तर अगले साल जून से पहले लोकसभा और सिक्किम और संभवत: जम्मू-कश्मीर में चुनाव लड़ने के दबाव में हो सकता है। संयोग से मिजोरम में 7 नवंबर को, छत्तीसगढ़ में 7 और 17 नवम्बर को, मध्यप्रदेश में 17 नवम्बर को चुनाव हो गये। राजस्थान में 25 और तेलंगाना में 30 नवम्बर को चुनाव होंगे। राजनीतिक रूप से केन्द्र सरकार का नेतृत्व कर रही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए इस कैलेंडर वर्ष के बाद मुफ्त खाद्यान्न योजना को रोकने का समय काफी मुश्किल पैदा करने वाला हो सकता है। यह इस तथ्य के बावजूद है कि हाल के दिनों में मुफ्त राशन से भाजपा के लिए मतपेटियां नहीं भरीं। लेकिन, इसके बाहर होने से भाजपा काफी अलोकप्रिय हो सकती है। हाल ही में पार्टी को कर्नाटक में बड़ा झटका लगा था। भाजपा फिलहाल भारत के 28 राज्यों में से सिर्फ 10 में ही सत्ता पर काबिज है।

जाहिर है, सन् 2020 से 80 करोड़ से अधिक लोगों के लिए मुफ्त खाद्यान्न भाजपा को चुनाव जीतने में विशेष मदद नहीं कर रहा है। ऐसे खाद्यान्न का वितरण राज्य सरकारों के अंतर्गत आने वाली राशन दुकानों के माध्यम से किया जाता है। गरीबों और अशिक्षितों को इस बात की कोई चिंता नहीं है कि राशन की दुकानों पर मुफ्त अनाज का बिल कौन भरता है। मुफ्त राशन की आपूर्ति का श्रेय राज्य लेते हैं। इस प्रणाली ने खाद्यान्नों की खरीद और वितरण में शामिल राज्य मशीनरी को बुरी तरह से भ्रष्ट कर दिया है। राजस्थान में कांग्रेस सरकार की मुफ्त राशन किट योजना में 'भारी भ्रष्टाचार' का आरोप खुद भाजपा ने लगाया है। चुनावी राज्य राजस्थान की राज्य विधानसभा में विपक्ष के उपनेता, भाजपा के सतीश पूनिया ने हाल ही में आरोप लगाया कि अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली राज्य सरकार में भ्रष्टाचार को 'संस्थागत' बना दिया गया है। उन्होंने कहा कि मुफ्त राशन किट योजना भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने की एक 'सुनियोजित साजिश' है।

पश्चिम बंगाल में राशन में बड़े पैमाने पर हुए भ्रष्टाचार की जांच प्रवर्तन निदेशालय कर रहा है। इसने अब तक अनुमान लगाया है कि पिछले 10 वर्षों में भ्रष्टाचार का स्तर लगभग 1,000 करोड़ रुपये है। ईडी पहले ही राज्य के पूर्व खाद्य मंत्री, ज्योति प्रियमल्लिक (अब वन मंत्री) को उनके 'करीबी' सहयोगी, एक बड़े चावल मिल मालिक बकीबुर रहमान के साथ गिरफ्तार कर चुकी है। इसने राज्य में 300 से अधिक 'फर्जी' राशन दुकानों को सूचीबद्ध किया है। कथित तौर पर राशन सामग्री को खुले बाजार में बेचने से पहले उन फर्जी राशन दुकानों के लिए केंद्र सरकार की एजेंसियों से एकत्र किया जाता है। पश्चिम बंगाल में 21,000 से अधिक पंजीकृत राशन दुकानें हैं। भ्रष्टाचार खरीद स्तर पर शुरू होता है और डीलरशिप सिस्टम, राशन कार्ड जारी करने और कार्डधारकों को राशन वितरण के माध्यम से जारी रहता है।

बहुत कम लोग जानते हैं कि उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्यों में भ्रष्टाचार का स्तर क्या है, जहां 73,000 से अधिक पंजीकृत राशन दुकानें हैं, महाराष्ट्र में 50,000 से अधिक, बिहार में 44,000 से अधिक, आंध्र प्रदेश में 43,000 से अधिक, तमिलनाडु में 32,000 से अधिक, ओडिशा में 28,000 से अधिक, राजस्थान में 22,000 से अधिक, कर्नाटक में 20,000 से अधिक, और मध्यप्रदेश में 20,000 से अधिक। तमिलनाडु में 90 प्रतिशत ग्रामीण आबादी राशन की दुकानों का उपयोग करती है, जबकि पश्चिम बंगाल में केवल 35प्रतिशत ग्रामीण आबादी ऐसा करती है। तमिलनाडु की लगभग 94 प्रतिशत राशन दुकानें सहकारी समितियों द्वारा चलाई जाती हैं। पश्चिम बंगाल में, निजी डीलर सरकारी विभाग और लाभार्थियों के बीच मुख्य संबंध हैं। डीलर पॉइंट (राशन की दुकानों) के माध्यम से, लाभार्थी राशन कार्ड की श्रेणी और योजनाओं के आधार पर अपनी पात्रता के अनुसार राशन लेते हैं। डीलर कई कारकों के आधार पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किये गये लाइसेंस पर काम करते हैं - जैसे मौजूदा डीलरों के साथ जुड़े कार्डों की संख्या, भूगोल और सेवा के तहत क्षेत्र की पहुंच आदि। विभाग, डीलर, खरीदार और आपूर्तिकर्ता एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं।

माना जाता है कि मुफ्त खाद्यान्न वितरण प्रणाली कई स्तरों पर सिस्टम संचालकों के बीच भ्रष्टाचार को और बढ़ावा दे रही है। भ्रष्टाचार का स्तर इतना गहरा है कि राज्य सरकारों की मदद के बिना राष्ट्रीय सरकार के लिए अकेले ही स्थिति से निपटना संभव नहीं है। ब्रिटिश-प्रवर्तित राशन प्रणाली 1940 के दशक में बंगाल के अकाल के बाद शुरू हुई। देश भर में खाद्य आपात स्थितियों से निपटने के लिए सार्वजनिक कानून 480 के तहत अमेरिकी खाद्य सहायता की मदद से 1950 और 1960 के दशक के मध्य में इसका देश भर में विस्तार हुआ। हालांकि हरित क्रांति ने धीरे-धीरे स्थिति में सुधार किया और भारत एक महत्वपूर्ण खाद्यान्न निर्यातक के रूप में उभरा, गरीबों के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राशन प्रणाली का विस्तार जारी रहा।

दुर्भाग्य से सरकार ने इसके उचित क्रियान्वयन पर बहुत कम ध्यान दिया। सिस्टम में शामिल लगभग हर एजेंसी और उसके राजनीतिक दलालों ने गरीब आदमी के पेट की कीमत पर अपने लिए हजारों करोड़ रुपये खर्च करने के लिए भ्रष्टाचार किया। सरकार ने देश की आबादी की इतनी बड़ी संख्या को अगले पांच वर्षों तक कवर करने के लिए मुफ्त खाद्यान्न आपूर्ति प्रणाली जारी रखने से पहले संपूर्ण राशन प्रणाली को पुनर्जीवित करने और लाभार्थियों की उचित पहचान करने के लिए अच्छा काम किया होता।

## पावन प्रसंग

### समय का एक एक क्षण महत्वपूर्ण

समय के समग्र मूल्य को बेंजामिन फ्रैंकलीन ने पहचानते हुए कहा था- बीता हुआ समय कभी वापस नहीं आता है। यह वाक्य अत्यंत यथार्थ भी है, खोया हुआ धन अर्जित कर सकते हैं पर खोए हुए वैभव और समय के महत्वपूर्ण क्षण को पुन: प्राप्त नहीं किया जा सकता। समय को एक बार खो देने के बाद वापस प्राप्त करना बहुत मुश्किल ही नहीं असंभव है। इसीलिए यह कहावत कही गई है-

'काल करे सो आज कर, आज करे सो अब,
पल में परलय होएगी बहुरि करेगा कब।।'

प्रसिद्ध लेखक मेसन ने समय को महिमामंडित करते हुए कहा है- सोने के कण की तरह समय का हर क्षण मूल्यवान है। प्लेटफार्म पर खड़ी रेलगाड़ी भी अपने यात्रियों का इंतजार नहीं करती और देर से पहुंचने वाले यात्री हाथ मलते रह जाते हैं। उनके पास अफसोस करने के अलावा कुछ नहीं रह जाता। समय और समुद्र की लहरें किसी की प्रतीक्षा नहीं करतीं, समय के महत्व को दर्शाते प्रकृति के कई उदाहरण भी हैं, बरसात के समय वर्षा देर से आने से कृषि सूख जाती है। इसलिए कहा गया है -का वर्षा जब कृषि सुखावे' इसीलिए इतिहास में महान लोगों ने समय के साथ निज के अनुशासन और श्रम के महत्व को अपने जीवन में अपनाकर अपने आप को बड़ा बनाकर इतिहास में अपना नाम स्थापित किया है। समाज में जितने भी प्रसिद्ध, नामचीन और महान बने हैं, या उदाहरण देने लायक बने हैं, उन सब ने समय को समय देकर अपने आप को समाज में अग्रणी स्थान पर स्थापित किया है, और हजारों, लाखों लोग उनका सम्मान कर उनका अनुसरण भी करने लगते हैं। समय का महत्व और निज पर शासन फिर अनुशासन एक दूसरे से जुड़े तथा पर्यायवाची ही है। जिसमें भी समय के महत्व को समझते हुए उसका अनुशासन के साथ उपयोग किया है, वे अपनी जिंदगी में आर्थिक सामाजिक एवं वैश्विक रूप से अपने आप को सफल बना चुके हैं। विद्वानों में यह भी कहा है कि जो कार्य जिंदगी में आप को सबसे कठिन एवं क्लिष्ट लगने लगता है, उसे समय और अनुशासन के साथ सबसे पहले किया जाना चाहिए, और तब तक करना चाहिए जब तक वह कार्य अपनी परिणति तक न पहुंचे, और ऐसी प्रक्रिया से आप सफलता की सीढ़ी चढ़कर एक सफलतम व्यक्तित्व बन सकते हैं और सफल व्यक्ति ही समाज को दृढ़ समृद्ध और महान बना सकता है। पश्चिमी देशों में इंग्लैंड का नाम इसीलिए भी ग्रेट ब्रिटेन और यूनाइटेड किंगडम कहा जाता है। उन्होंने अनुशासन और समय का सर्वाधिक सदुपयोग कर पूरे विश्व में किसी समय राज किया था। हालांकि समय और अनुशासन का उन्होंने दमन नीति अपनाकर अनुचित उपयोग भी किया था। सकारात्मक रूप से भारत के वैज्ञानिकों ने समय तथा अनुशासन का पालन करते हुए अपने अन्वेषण और शोध में कठोर श्रम करके जो भी नवीन उपलब्धियां हासिल की, वह वैश्विक रूप से स्वीकार हुई, और उन्हें अनेक राष्ट्रीय,अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार भी प्राप्त हुए।

जो व्यक्ति अपना निश्चित कार्यक्रम बना कर मानसिक वृत्तियों को संयमित, मर्यादित कर कार्य करता है। उसे जीवन संग्राम में अवश्य बड़ी सफलता अर्जित होती है। समय के महत्व को समझने के लिए वैसे तो सभी वर्गों के लिए यह आवश्यक है, पर समय की महत्ता का सर्वाधिक महत्व विद्यार्थियों के लिए होता है।

**संजीव ठाकुर**

## आपके पत्र

### क्रिकेट कप के बहाने भारत को मिली सीख!

भारत में अंधश्रद्धा और पाखंड किस तरह हावी है उसकी आखिरकार पोल पट्टी खुल ही गई। ये तय था यदि भारत की जय होती तो सट्टाबाजार भले धराशाई हो जाता किंतु पाखंडियों का बाज़ार बहुत गर्म हो जाता। वैसे भी ऐसे कथित चमत्कारी बाबा अपना व्यवसाय बढ़ाए हुए हैं। अंधश्रद्धालुओं और कथित बागेश्वरधाम बाबा की सिट्टी-पिट्टी गुम है। क्या वे इस घटना से तनिक सा सबक सीखेंगे?

मैच को भाग्य का खेल मानने वाले ये भलीभांति समझ लें। यह खेल कड़ी मेहनत और चैतन्य नज़र का खेल है जरा सी चूक भारी पड़ जाती है। फिर चाहे हवन,पूजन हो, लाखों की तादाद में जनता हो या स्वत: देश का मुखिया मौजूद हो। आस्ट्रेलिया की जीत पर जिस तरह की ख़ामोशी स्टेडियम में छाई उससे तो यही लगता है ये सब क्रिकेट प्रेमी नहीं थे। खेल भावना का विकास यहां इन पाखंडियों और धूर्तों की वजह से नहीं पनप पाया। आज देश के मुखिया का व्यवहार जिस तरह आस्ट्रेलिया के कप्तान के प्रति हिकारत से लबरेज था वह भी बताता है कि जब सत्ता प्रमुख को के भावना का ज्ञान नहीं था तो आमजनता उतनी कसूरवार नहीं।

बहुत समय से क्रिकेट मैच के दीवाने लोगों को इस जीत के भूत की सवारी छोड़ देनी चाहिए। खेल भावना विकसित कर ही इस मैच का आनंद लिया जा सकता है। पाकिस्तान के साथ मैच होने पर जिस तरह की क्रूर टिप्पणियां होती हैं और स्थितियां विवाद से मारपीट तक पहुंचती हैं उसके लिए अल्पसंख्यकों को खुलेआम गालियां दी जाती रहीं हैं। यह संस्कार कहां से और कैसे, किसने विकसित किए उसको रोकना भी ज़रूरी है।

यह ख़ुशी की बात थी कि विश्व कप भारत में गुजरात के नामबदलू स्टेडियम में था। देश में मैच देखने की उमंग थी इतना शानदार आयोजन 10 गेमों की विजेता भारत यदि हार जाती है तो कोई तल्खी नहीं होगी चाहिए हम सिर्फ दो बार विश्व कप जीते हैं आस्ट्रेलिया पांच बार यह ट्राफी जीती चुका है। हम परदेश में ट्राफी जीते हैं कहीं किसी देश में हमारे कप्तान का ऐसा हाल नहीं किया गया जैसा आस्ट्रेलिया के साथ हमारे देश और मुखिया ने किया। दुनियां में इसका कैसा संदेश हमने दिया है वह शर्मनाक है।

इधर मोदी मीडिया ने जिस तरह मोदी के सर जीत का सेहरा बांधने की कोशिश की वह नाकाम हुई। इसे उन्होंने उनकी भविष्य की भारी जीत से भी जोड़ा तो क्या मोदी मीडिया यह भी लिखने का साहस जुटा पाएगी कि उनका भविष्य आगे अंधकारमय है। एक चाटुकार अख़बार ने इस मैच को धर्मयुद्ध कह डाला यदि जीत जाती तो क्या हिंदू अब सनातन धर्म की जय का परचम लहराया जाता? धर्म और नियम किसी खेल पर लागू नहीं होते इसलिए उस पर पैर रखना गंभीर बात नहीं। असली खेल तो सट्टाबाजार ने जीत लिया और हम गुबार देखते रहे गए। इस बात की जांच बनती है कि यहां कोई बड़ा खेल तो नहीं हुआ?

कुल जमा मामला ये है कि इन बिंदुओं पर गंभीरता से विचार होना चाहिए यदि वोटों की खातिर और व्यापार के लिए यह घिनौना राजनैतिक खेल चलता रहा तो निश्चित तौर पर यह मान लीजिए हम दुनिया में भारत को मिलने वाला सम्मान खो देंगे।

**-सुसंस्कृति परिहार**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

## चीन में शीत लहर को लेकर येलो अलर्ट जारी

**बीजिंग।** चीन के मौसम विज्ञान विभाग ने मंगलवार को देश के कुछ हिस्सों में कम तापमान और आंधी का अनुमान लगाते हुए शीत लहर के लिए येलो अलर्ट जारी किया। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार मंगलवार से शुक्रवार तक यांग्त्ज़ी नदी के मध्य और निचले इलाकों तथा उत्तरी क्षेत्रों में तापमान छह से 10 डिग्री सेल्सियस तक गिरने की संभावना है। पूर्वानुमान में कहा गया है कि इनर मंगोलिया स्वायत्त क्षेत्र और चीन के उत्तर-पूर्व के कुछ इलाकों में तापमान में 16 डिग्री सेल्सियस से अधिक की गिरावट देखी जा सकती है।



# इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने इमरान की 'जेल सुनवाई' को किया अवैध घोषित



■ सुनवाई के लिए 29 अगस्त की अधिसूचना को अवैध करार दिया

**इस्लामाबाद,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) ने मंगलवार को सिफर मामले में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की 'जेल सुनवाई' में सुनवाई के लिए 29 अगस्त की अधिसूचना को अवैध करार दिया। मीडिया के अनुसार, सिफर मामले में पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ (पीटीआई) प्रमुख श्री खान के खिलाफ जेल में सुनवाई को मंजूरी देने के एकल सदस्यीय पीठ के फैसले के खिलाफ श्री इमरान की ओर से दायर 'जेल सुनवाई' की अपील पर यह फैसला सुनाया गया। गौरतलब है कि 29 अगस्त को, इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने तोशाखाना मामले में श्री खान की सजा को निलंबित किया था, लेकिन आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के अंतर्गत स्थापित एक विशेष अदालत ने जेल अधिकारियों को सिफर मामले में श्री खान को न्यायिक हिरासत में रखने का निर्देश दिया था। न्यायमूर्ति मियांगुल हसन औरंगजेब और न्यायमूर्ति समन रिफत इम्तियाज की खंडपीठ ने अपने फैसले में श्री इमरान की 'जेल सुनवाई' की अपील को सुनवाई योग्य करार दिया। डॉन न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, अदालत ने कहा कि श्री इमरान के जेल ट्रायल के लिए कानून मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना अभी लागू नहीं है। सिफर मामला एक राजनयिक दस्तावेज से संबंधित है, जिसे संघीय जांच एजेंसी के आरोप पत्र में आरोप लगाया गया है कि इमरान ने कभी वापस नहीं किया था।

बुशरा बीबी के पूर्व पति का बड़ा खुलासा

## इमरान ने उनकी शादी को जबरदस्ती खत्म किया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के प्रमुख इमरान खान की तीसरी और मौजूदा पत्नी बुशरा बीबी के पूर्व पति ने आरोप लगाया है कि इमरान ने उनकी 28 साल पुरानी शादी को जबरदस्ती खत्म कर दिया। एक टीवी इंटरव्यू में खावर फरीद मनेका ने इमरान खान पर गंभीर आरोप लगाते हुए उन पर बुशरा बीबी से अपनी शादी जल्दी कराने के लिए तलाक की प्रक्रिया में हेरफेर करने का आरोप लगाया है। बुशरा बीबी, जिनकी मनेका से शादी को 28 साल हो गए थे और उनके कम से कम पांच बच्चे थे, धार्मिक और आध्यात्मिक पृष्ठभूमि के लिए प्रसिद्ध मनेका परिवार का हिस्सा बनने के बाद एक पीयर (आध्यात्मिक उपचारक) बन गईं। बुशरा, उर्फ पिंकी पीरनी, बाद में दुबई में अपनी बहन के माध्यम से इमरान खान से जुड़ी थी, जिसका उद्देश्य पूर्व प्रधानमंत्री को रेहम खान के साथ तलाक के बाद होने वाले अवसाद और आघात से उबारना था।

# आसियान चाहता है कि भारत आरसीईपी में शामिल हो



■ भारत 2019 में चीन के नेतृत्व वाले आरसीईपी से हो गया था बाहर

**जकार्ता,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों का संगठन (आसियान) के 10 सदस्य देशों ने इच्छा जतायी है कि भारत को क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक साझेदारी (आरसीईपी) में शामिल होना चाहिए। आसियान के सदस्य देशों में बूनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्यांमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम शामिल हैं। इंडोनेशिया के दौरे पर आए भारतीय मीडिया के प्रतिनिधिमंडल से बात करते हुए आसियान के महासचिव डॉ. काओ किम होर्न ने कहा कि समावेशी, खुले और नियम-आधारित व्यापार समझौते से सभी भागीदारों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि आरसीईपी में शामिल होने से भारत और अन्य देशों को लाभ होगा, क्योंकि इससे अधिक बाजार उपलब्ध होगी तथा यह व्यापार सौदे पारस्परिक हैं। भारत 2019 में चीन के नेतृत्व वाले आरसीईपी से यह कहते हुए बाहर हो गया था कि यह निर्णय स्थानीय उद्योग और राष्ट्र के हित में लिया गया था। उस समय एक आधिकारिक बयान में कहा गया था कि समझौते की संरचना भारत की चिंताओं का समाधान नहीं करती है। उल्लेखनीय है कि आरसीईपी आसियान सदस्य देशों और पांच अन्य देशों ऑस्ट्रेलिया, चीन, जापान, दक्षिण कोरिया और न्यूजीलैंड के बीच एक मुक्त व्यापार समझौता है। यह दुनिया के सबसे बड़े मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) में से एक है, जिसमें वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 30 प्रतिशत हिस्सेदारी और दुनिया की लगभग एक तिहाई आबादी शामिल है।

## सुडोकू 6383

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | | 7 | 9 | 1 | | |
| | 8 | 5 | | | 4 | | | |
| 1 | 6 | 9 | 5 | 2 | | | | |
| | 5 | 6 | 4 | 3 | | 2 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 3 | | 2 | | 5 | 8 | 9 | 7 | |
| | | | | 8 | 1 | 4 | 9 | 5 |
| | | | 2 | | | 6 | 3 | |
| | | 7 | 3 | 4 | | | 1 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : बुधवार 22 नवम्बर, 2023 कार्तिक शुक्ल पक्ष 9**

### राशिफल

मेष - आज भाग्य आपका साथ देगा। इनकम में वृद्धि हो सकती है। सामाजिक रूप से यश और कीर्ति मिलेगी। व्यापार में लाभ होगा। विवाह के योग्य जातकों का रिश्ता पक्का हो सकता है।

वृषभ - आज कोई पुरानी चिंता दूर हो सकेगी। शारीरिक रूप से भी आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। पारिवारिक जीवन में सुख-संतोष का अनुभव होगा। व्यवसाय में आपको यश मिलेगा।

मिथुन - आपका आज का दिन मिश्रित फलदायी है। स्वास्थ्य में भी कुछ उतार-चढ़ाव होगा। व्यापार में पार्टनर के साथ मतभेद हो सकते हैं। धन का व्यय अधिक होगा। संतान की चिंता सताएगी।

कर्क - आज मन को शांत रखकर ईश्वर के नाम का स्मरण करें। इससे एकाग्र होने में दिक्कत नहीं आएगी। गुस्से को वश में रखें। नेगेटिव विचार आपको परेशान कर सकते हैं। धन की तंगी रहेगी। फिर भी दोपहर के बाद आप प्रसन्न रहेंगे।

सिंह - आज आपको मनोरंजन के भरपूर साधन उपलब्ध होंगे। इससे आप मित्रों और स्नेहीजनों के साथ खुशी महसूस करेंगे। पर्यटन की संभावना है। दोपहर के बाद मानसिक रूप से आप थका हुआ महसूस करेंगे।

कन्या - आज का दिन आपके लिए शुभ फलदायक है। काम में सफलता मिलने से आज आप आनंदित रहेंगे। आपका यश बढ़ेगा। परिवार का वातावरण अनुकूल रहेगा।

तुला - लेखनकार्य और साहित्यिक गतिविधियों के लिए आज का दिन शुभ फलदायक है। किसी चर्चा में भाग ले सकते हैं। नौकरीपेशा लोग अपने टैलेंट की बदौलत कुछ अच्छा काम कर पाएंगे। यश और कीर्ति में वृद्धि होगी।

वृश्चिक - आज किसी बात को लेकर जिद्दी ना बने रहें। अपने इमोशन पर नियंत्रण रखें। वित्तीय मामलों में लाभ की आशा रख सकते हैं। वस्त्र-आभूषण एवं सौंदर्य प्रसाधनों के मामले में खर्च होगा। माता से लाभ होगा।

धनु - आज मन की कोई चिंता दूर होने से आप काफी हलकापन महसूस करेंगे। परिजनों के साथ किसी खास पारिवारिक चर्चा में भाग ले सकते हैं। मित्रों के साथ घनिष्ठता बढ़ेगी और विरोधी के समक्ष विजय होगी।

मकर - आज धार्मिक विचारों के साथ-साथ धार्मिक कामों पर धन खर्च होगा। अधिक वाद-विवाद से परिवार का वातावरण सौहार्दपूर्ण नहीं रहेगा। ऑफिस में काम में मन नहीं लगेगा। दोपहर के बाद आप का मन चिंता से मुक्त रहेगा।

कुंभ - आज सांसारिक विषयों की बजाए आध्यात्मिक विषयों की तरफ आप का झुकाव अधिक रहेगा।किसी नेगेटिव भावनाओं को महत्व न देकर मानसिक रूप से स्वस्थ रहने का प्रयत्न करें।

मीन - धन के लेन-देन, उगाही या निवेश करते समय आज सावधानी रखें। किसी के भी काम में जल्दबाज़ी करने से विघ्न आ सकता है। कोर्ट कचहरी की बातों में संभलकर चलने की सलाह आपको दी जाती है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## उत्तर कोरिया जासूसी उपग्रह का प्रक्षेपण कर सकता है : जापान

**प्योंगयांग,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। जापान ने कहा गया कि उत्तर कोरिया तीसरे जासूसी उपग्रह का प्रक्षेपण कर सकता है और यह संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों का उल्लंघन होगा। जापान ने कहा कि उत्तर कोरिया ने उसके मीडिया को मंगलवार को उपग्रह के लॉन्च के लिए नौ दिन के विंडो के बारे में सूचित किया।

जापान दक्षिण कोरिया के साथ मिलकर उत्तर कोरिया से प्रक्षेपण की प्रक्रिया को आगे न बढ़ाने का 'यथाशीघ्र आग्रह' करेगा। उसने कहा कि अगर उत्तर कोरिया इस तरह के उपग्रह का प्रक्षेपण करता है तो यह संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों का उल्लंघन होगा। उत्तर कोरिया इस साल अंतरिक्ष में जासूसी उपग्रह भेजने में दो बार विफल रहा है।

जापानी तट रक्षक ने कहा कि उत्तर कोरिया अधिसूचना में तीन समुद्री क्षेत्रों को चिह्नित किया गया है, जहां उपग्रह ले जाने वाले रॉकेट का मलबा गिरेगा। तीन क्षेत्रों में से दो कोरियाई प्रायद्वीप के पश्चिम में हैं और दूसरा फिलीपींस के लूजोन द्वीप के पूर्व में है। दक्षिण कोरियाई ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के संचालन के मुख्य निदेशक कांग हो-पिल ने चेतावनी दी कि प्रक्षेपण आगे बढ़ने पर 'आवश्यक उपाय' किया जायेगा।

# इजरायल ने लश्कर-ए-तैयबा को आतंकवादी संगठन किया घोषित




**नई दिल्ली,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। 26/11 मुंबई आतंकवादी हमले के 15 साल होने को लेकर इजरायल ने लश्कर-ए-तैयबा को एक आतंकवादी संगठन के रूप में सूचीबद्ध करने की घोषणा की। भारत सरकार द्वारा ऐसा करने का अनुरोध नहीं किए जाने के बावजूद, इजरायल ने औपचारिक रूप से सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी कर ली हैं और अवैध आतंकवादी संगठनों की सूची में लश्कर-ए-तैयबा को शामिल करने के परिणामस्वरूप सभी आवश्यक जांच और नियमों को पूरा कर लिया है।इजरायल केवल उन आतंकी संगठनों को सूचीबद्ध करता है जो उसकी सीमाओं के भीतर या उसके आसपास उसके खिलाफ सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। इजरायली रक्षा और विदेश मंत्रालय ने पिछले कुछ महीनों में संयुक्त रूप से इस तिथि पर लश्कर-ए-तैयबा संगठन की त्वरित और असाधारण सूची बनाने की दिशा में काम किया है। आतंकवाद से लड़ने में एकीकृत वैश्विक मोर्चे के महत्व को उजागर करने के लिए इजरायली रक्षा और विदेश मंत्रालय ने संयुक्त रूप से पिछले कुछ महीनों में इस तिथि पर एलईटी संगठन की त्वरित और असाधारण सूची की दिशा में काम किया है।

## गजा में अस्पताल के पास विस्फोट

गजा। फिलीस्तीन के मध्य गाजा में मंगलवार को अल-अक्सा अस्पताल के पास एक बड़ा विस्फोट हुआ। अरब टीवी चैनल अल-मायादीन ने यह जानकारी दी। प्रसारक ने कहा कि पीड़ितों के बारे में अब तक कोई जानकारी नहीं सामने नहीं आयी है। उल्लेखनीय है कि सात अक्टूबर को फिलिस्तीनी चरमपंथी हमास ने गाजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया था और सीमा का उल्लंघन कर पड़ोसी इजरायली समुदायों के लोगों की हत्या और अपहरण कर लिया।

## रूसी हवाई हमले में सीरिया के रेगिस्तान में आईएस के 6 आतंकवादी मारे गए



**दमिश्क,** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रांत होम्स के पूर्व में सीरियाई रेगिस्तानी क्षेत्र में आईएस के ठिकानों पर रूसी हवाई हमलों के दौरान सोमवार को इस्लामिक स्टेट के छह आतंकवादी मारे गए। सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा कि रूसी हवाई हमलों ने अल-सुखनेह क्षेत्र के रेगिस्तान और होम्स के पूर्वी ग्रामीण इलाके में दुबईट गैस क्षेत्र के आसपास आईएस के ठिकानों पर हमला किया। ह्यूमन राइट ने कहा कि उसी क्षेत्र में जमीनी संघर्ष में आईएस आतंकवादियों के साथ संघर्ष में सीरिया समर्थक चार सरकारी लड़ाके मारे गए। ब्रिटेन स्थित निगरानी समूह के अनुसार 2023 की शुरुआत से रेगिस्तानी क्षेत्र में सीरियाई बलों और आईएस आतंकवादियों के बीच सैन्य झड़प में 37 आईएस सदस्यों, 165 नागरिकों और 342 सीरियाई बलों और सरकार समर्थक लड़ाकों सहित कुल 544 लोग मारे गए।

## नाटो सर्बिया के साथ संबंधों के विस्तार के लिए तैयार

**मास्को,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) देश की तटस्थ स्थिति को कम किए बिना सर्बिया के साथ अपने संबंधों का विस्तार करने के लिए तैयार है। नाटो के प्रमुख जेन्स स्टोलटेनबर्ग ने मंगलवार को यह जानकारी दी। श्री स्टोलटेनबर्ग ने सर्बियाई राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वूसिक के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमने एक साथ अभ्यास किया है। इसका मतलब यह नहीं है कि यह सर्बिया की तटस्थता को कमजोर करता है।

सर्बिया ने स्पष्ट किया है कि वह सैन्य गुटों के बाहर एक तटस्थ देश के रूप में रहेगा, लेकिन सर्बिया नाटो के साथ करीबी संबंध बनाए रखेगा और मिलकर काम करेगा, इससे नाटो और सर्बिया दोनों को फायदा होगा। नाटो प्रमुख ने कहा, सर्बिया नाटो का एक महत्वपूर्ण क्षेत्रीय सक्रिय और लंबे समय से भागीदार है। हमारे सहयोग का एक ज्वलंत उदाहरण पिछले 10 वर्षों में नाटो के शांति कार्यक्रम के लिए विज्ञान हेतु किया गया संयुक्त कार्य है और हम विभिन्न क्षेत्रों में जिस तरह से एक साथ मिलकर काम करते हैं अपने आप में अलग है। शांति कार्यक्रम के लिए विज्ञान के तहत हम ऊर्जा, पर्यावरण सुरक्षा, उन्नत प्रौद्योगिकियों और साइबर रक्षा पर काम करते हैं।

## मैक्सिको में गोलीबारी, नौ लोगों की मौत

**मैक्सिको सिटी।** मैक्सिको के मोरेलोस राज्य की राजधानी कुर्नवाका में गोलीबारी में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। नागरिक सुरक्षा एवं सहायता के कुर्नवाका सचिवालय ने एक बयान में बताया कि मृतकों में दो पुलिस अधिकारी भी शामिल है। पुलिस अधिकारी सड़क पर शराब पी रहे दो नागरिकों में गोलीबारी की सूचना पर घटना स्थल पर पहुंचे थे। सचिवालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक यह घटना सोमवार सुबह अल्टाविस्टा में घटित हुई।

## वर्ग पहेली 6383

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | ■ | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. जिस पर विजय पाना कठिन हो, परमेश्वर
४. बंटवारा
६. माथा, ललाट
७. अनार
८. कोई चीज पाने के लिए हाथ बढ़ाना, झटपट चल पड़ना, किसी पर झपटना
१०. धमकाना, डराना, डांटना, क्रोध
११. शिकन आना, फर्क पड़ना (मुहावरा)
१३. गोलमाल, गड़बड़
१४. लोहे-बांस आदि की तीलियों आदि का बना एक तरह का टोकरा जैसी आकृति जिसमें पालतु पशु-पक्षी रखे जाते हैं
१५. कानूनी
१७. विफल (उर्दू)
१९. दूर में स्थित
२१. पाप रहित
२२. हवा में इधर-उधर होना
२४. कामना, अभिलाषा

**ऊपर से नीचे:-**

१. पीड़ादायक
२. राजप्रासाद
३. यमलोक की पीड़ा
४. किसी के खाते में खर्च की ओर कोई रकम लिखना
५. जन्म देने वाला
९. कठोर, जो कोमल न हो (उर्दू)
११. अधिकतर
१२. डर, खौफ़, दहशत
१३. कुल, वंश
१४. ललाई लिए हुए पीले रंग का, पीला
१५. पारिश्रमिक लेकर कार्य करने वाला
१६. बेजोड़, बेमिसाल
१८. मिस्र की राजधानी
१९. कठिन, मुश्किल
२०. दृढ़ और सूखी जमीन, स्थान
२३. अनेक, कई

## वर्ग पहेली-6382

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ ध | म | २ त | री | ■ | ■ | ३ ग | जा | ४ न | न |
| र्म | ■ | दु | ■ | ५ प | र्व | ण | ■ | जा | ■ |
| ६ शा | स | प | त्रि | त | ■ | ७ रा | त | रा | ८ नी |
| ल | ■ | रां | ■ | ९ वा | णि | ज्य | ■ | ■ | म |
| ■ | १० इ | त | ११ वा | र | ■ | ■ | १२ शे | र | पा |
| ■ | च्छु | ■ | र | ■ | १३ प्र | मु | ख | ■ | ग |
| १४ प्र | क | १५ र | ण | ■ | बं | ■ | १६ र | १७ म | ल |
| शं | ■ | वा | ■ | १८ रो | ध | १९ क | ■ | द | ■ |
| २० सि | वा | य | ■ | क | ■ | २१ लं | बो | द | २२ र |
| त | ■ | २३ त | म | ना | श | क | ■ | ■ | क्षा |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1808- दुनिया की मशहूर ट्रैवल कंपनी 'थॉमस कुक एंड संस' के संस्थापक थॉमस कुक का जन्म।

1830- अंग्रेजों के खिलाफ आजादी की जंग छेड़ने वाली रानी लक्ष्मीबाई की सेना की मुख्य सदस्य झलकारी बाई का जन्म।1864- भारत की प्रथम महिला चिकित्सक रुक्माबाई का जन्म हुआ।

1882- भारत के प्रसिद्ध उद्योगपतियों में से एक वालचंद हीराचंद का जन्म हुआ।

1920 - हकीम अजमल ख़ान जामिया के पहले चांसलर बने।

1943- द्वितीय विश्वयुद्ध[मृत कड़ियाँ] के दौरान जापान को हराने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति फ्रैंकलिन डेलानो रूज़वेल्ट, ब्रिटिश प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल और चीनी शासक च्यांग काई शेक के बीच मंत्रणा हुई।

1950- अमेरिका के रिचमंड हिल्स में रेल दुर्घटना में 71 लोगों की मृत्यु हो गई।

1963- अमेरिका के 35वें राष्ट्रपति जॉन एफ केनेडी की हत्या।

1968- मद्रास राज्य का नाम बदलकर तमिलनाडु करने के प्रस्ताव को लोकसभा से स्वीकृति मिली।

1971- भारत और पाकिस्तान ने एक दूसरे की हवाई सीमाओं का उल्लंघन किया और दोनों देशों के बीच हवाई संघर्ष शुरू हुआ। ग्यारह दिन बाद बंगलादेश मुक्ति युद्ध शुरू हुआ।

1975 - जुआन कार्लोस स्पेन के राजा बने।

1981- मंगल, शुक्र, शनि, यूरेनस, नेप्च्यून और चंद्रमा एक ही सीध में आये।

1986- ब्लेड रनर ऑस्कर पिस्टोरियस का जन्म।

परेशानी — *कश्मीर में शांति के भंग होने का खतरा*

# जम्मू कश्मीर में घुसपैठ की घटनाओं में आई तेजी

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 21 नवम्बर (देशबन्धु)। पिछले कुछ महीनों से एलओसी पार से घुसपैठ की बढ़ती घटनाओं ने जम्मू कश्मीर में सबको चिंता में डाल दिया है। इससे यहां सीजफायर दांव पर लगने लगा है वहीं कश्मीर में शांति के भंग होने का पूरा खतरा पैदा हो गया है। अधिकारियों के अनुसार, जम्मू और कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश में पिछले कुछ महीनों में घुसपैठ के प्रयासों में चिंताजनक वृद्धि हुई है, जिसके कारण सरकार और सुरक्षा बलों द्वारा सतर्कता बढ़ा दी गई है और मजबूत सुरक्षा उपायों को लागू किया गया है।**



■ पिछले कुछ महीनों में आई तेजी

■ सुरक्षा बलों ने सतर्कता बढ़ाई

नवीनतम मीडिया रिपोर्टों से पता चलता है कि इस वर्ष अकेले क्षेत्र में घुसपैठ का प्रयास करते समय 42 आतंकवादी मारे गए हैं, जो एलओसी की अखंडता को बनाए रखने में सुरक्षा कर्मियों के सामने आने वाली लगातार चुनौतियों को रेखांकित करता है।

सुरक्षा बलों के मुताबिक घुसपैठ की सबसे हालिया कोशिश की घटना 15 नवंबर को उड़ी सेक्टर में हुई, जहां दो अज्ञात आतंकी मारे गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि अक्तूबर एक विशेष रूप से सक्रिय महीना साबित हुआ, जिसमें सुरक्षा बलों ने 26 अक्तूबर को कुपवाड़ा जिले के मच्छेल सेक्टर में एलओसी पर पांच आतंकवादियों को मार गिराया। इसके अतिरिक्त, 22 अक्तूबर को, बारामुल्ला जिले के उड़ी सेक्टर में घुसपैठ की असफल कोशिश में दो आतंकवादी मारे गए, जो इस क्षेत्र के सामने आने वाले सुरक्षा खतरों की लगातार और विविध प्रकृति को उजागर करता है। यह स्थिति जून में हुई घटनाओं की श्रृंखला की याद दिलाती है, जहां कुल 11 घुसपैठिए मारे गए थे। इनमें से चार को मच्छेल सेक्टर में मार गिराया गया, जबकि पांच को केरन सेक्टर के पास के जुमागुंड इलाके में मार गिराया गया। इस बीच सुरक्षाधिकारियों ने बताया कि सरकार ने सुरक्षा बलों को चिन्हित घुसपैठ मार्गों पर अपनी निगरानी बढ़ाने का निर्देश दिया है। घुसपैठ के प्रयासों में हालिया वृद्धि ने सुरक्षा प्रोटोकॉल के पुनर्मूल्यांकन को प्रेरित किया है, जिसमें खुफिया सूचनाओं का लाभ उठाने, उन्नत निगरानी प्रौद्योगिकियों को तैनात करने और एलओसी के संवेदनशील हिस्सों पर नियमित गश्त करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इसका उद्देश्य घुसपैठियों के खिलाफ एक मजबूत निवारक बनाना और किसी भी संभावित खतरे को तेजी से बेअसर करना है। जैसे ही सुरक्षा बल इन उपायों को लागू करने के लिए तैयार हो रहे हैं, जनता से सहयोग का आह्वान किया जा रहा है।

## दुनिया को जानें

### बेल्जियम में 31 साल पहले गायब हुई महिला के शव की पहचान

**ब्रूसेल्स,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। बेल्जियम फूल टैटू वाली महिला के नाम से मशहूर एक मृत महिला की पहचान रीटा रॉबर्ट्स के रूप में की गई है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक मामला वर्ष 1992 का है, जब महिला की हत्या की गयी थी। उस दौरान, महिला का शव तलाशने के बाद भी पता नहीं चला था लेकिन इंटरपोल के साथ साझेदारी में बेल्जियम, डच और जर्मन पुलिस के नेतृत्व में एक सहयोगात्मक प्रयास से महिला का शव बेल्जियम के एंटवर्प के पास ग्रुट शिजन नदी में पाया है और उसकी पहचान रीटा रॉबर्ट्स के रूप में की है। मृतका के बाएं हाथ पर एक अद्वितीय काले फूल का टैटू बना हुआ है। इंटरपोल द्वारा प्रकाशित एक बयान में बताया गया कि महिला की औपचारिक रूप से पहचान तब हुयी, जब टीवी पर महिला के हाथ पर बने टैटू को दिखाया गया और उसे परिवार वालों ने पहचान लिया। मृतका के परिवार ने उसे एक भावुक, प्यार करने वाली और स्वतंत्र विचारों वाली बहन बताया और अपना अपना दुख व्यक्त किया।

# प्रादेशिकी

## सभी श्रमिकों को सुरक्षित निकालना हमारी शीर्ष प्राथमिकता: पीएम मोदी

देहरादून। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पुनः फोन कर सिलक्यारा, उत्तरकाशी में निर्माणाधीन सुरंग में फँसे श्रमिकों के राहत एवं बचाव कार्यों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को 6 इंच व्यास की पाइप लाइन के सफलता पूर्वक मलबे के आर पार किए जाने एवं इसके माध्यम से भोजन एवं अन्य आवश्यक सामान श्रमिकों तक पहुँचाने के विषय में अवगत कराया। सीएम धामी ने श्रमिकों से एंडोस्कोपिक फ्लेक्सी कैमरे की मदद से हुई बातचीत एवं उनकी कुशलता की जानकारी भी पीएम को दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि सभी श्रमिकों को सुरक्षित निकालना हमारी शीर्ष प्राथमिकता है।

## राज्यपाल ने की केन्द्रीय प्रायोजित योजनाओं की समीक्षा



**हिमाचल में आई आपदा के समय सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और आमजन ने आपदा राहत कार्यों में सराहनीय कार्य किया है। सभी के सहयोग से हिमाचल प्रदेश आपदा से उभरकर पुनः विकास पथ पर अग्रसर हुआ है: शिव प्रताप शुक्ल, राज्यपाल हिमाचल**

**शिमला,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि हाल ही में हिमाचल में आई आपदा के समय सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और आमजन ने आपदा राहत कार्यों में सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से हिमाचल प्रदेश आपदा से उभरकर पुनः विकास पथ पर अग्रसर हुआ है। राज्यपाल आज सोलन में कार्यान्वित की जा रही विभिन्न केन्द्रीय प्रायोजित योजनाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। श्री शुक्ल ने नशे की बुराई समाप्त करने के लिए सभी से एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नशे पर नियंत्रण के लिए जन-जन को सहभागी बनाना होगा जिसके लिए ग्राम स्तर तक जागरूकता उत्पन्न करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सोलन जिला को शिक्षा का हब माना जाता है और यहां जिला एवं पुलिस प्रशासन को युवाओं को नशे से दूर रखने में अधिक सक्रिय रहने की आवश्यकता है। राज्यपाल ने कहा कि इस बैठक का उद्देश्य सोलन जिला में क्रियान्वित की जा रही योजनाओं की समीक्षा के माध्यम से प्रगति पथ को सुदृढ़ करना है। उन्होंने कहा कि जिले का बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ क्षेत्र प्रदेश का औद्योगिक एवं फार्मा हब है। यहां उत्पादित की जा रही दवाओं की गुणवत्ता विश्व स्तरीय मानकों पर खरी उतरनी चाहिए। उन्होंने उपायुक्त सोलन को प्रदेश के इस फार्मा हब में उत्पादित की जा रही दवाओं की गुणवत्ता नियंत्रण का अनुश्रवण करने के निर्देश दिए।


राज्यपाल ने लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि जिला में आपदा के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों को बेहतर आवागमन के लिए सुचारू बनाया जाए। हिमाचल प्रदेश में आने वाले पर्यटकों से सोलन जिला भी लाभान्वित होता है और इस दिशा में सड़कों का रख-रखाव महत्वपूर्ण है। श्री शुक्ल ने निर्देश दिए कि विभिन्न केन्द्रीय प्रायोजित योजनाओं के कार्य समयबद्ध पूर्ण किए जाएं ताकि केन्द्र सरकार से धनराशि समय पर प्राप्त होती रहे। उन्होंने जिला में राज्य सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी ली। उन्होंने विभिन्न केन्द्रीय प्रायोजित योजनाओं की जिला स्तर पर प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। समीक्षा बैठक में अवगत करवाया गया कि सोलन जिला में विभिन्न केन्द्रीय प्रायोजित योजनाओं के अंतर्गत 90 प्रतिशत से अधिक के कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं। समीक्षा बैठक में आयुष्मान भारत, जननी सुरक्षा योजना, इंदिरा गांधी बालिका सुरक्षा योजना, तपेदिक मुक्त भारत, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, जल जीवन मिशन, दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण ज्योति योजना, विभिन्न कृषि योजनाओं, ई-राष्ट्रीय कृषि व्यापार योजना, विभिन्न केन्द्रीय प्रायोजित कल्याण योजनाओं, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पोषण अभियान, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, एक राष्ट्र-एक राशन कार्ड योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, समग्र शिक्षा अभियान, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी अधिनियम, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना सहित अन्य केन्द्रीय प्रायोजित योजनाओं पर सारगर्भित चर्चा की गई। इस अवसर पर, सोलन के उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने राज्यपाल का स्वागत किया तथा जिला स्तर पर कार्यान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं के प्रगति की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विश्वास दिलाया कि विभिन्न निर्देशों पर पूर्ण अमल किया जाएगा। सोलन के अतिरिक्त उपायुक्त अजय कुमार यादव ने बैठक की कार्यवाही का संचालन किया। पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह, नगर निगम सोलन के आयुक्त जफर इकबाल तथा विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में उपस्थित थे।

## बदायूं में घी कारोबरी पर बड़ी छापेमारी



बदायूं 21 नवम्बर (एजेंसियां)। अभिसूचना के आधार पर सहायक आयुक्त खाद्य सीएल यादव के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा अर्जुन नगर दातागंज बदायूं स्थित मैसस शुभ ट्रेडर्स प्रोपराइटर दिनेश चंद्र गुप्ता पुत्र गोकरन लाल गुप्ता निवासी अर्जुन नगर दातागंज बदायूं के घी निर्माण प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के उपरांत घी में मिलावट का संदेह होने पर घी के दो नमूने जांच हेतु संग्रहित किए गए तथा शेष 670 टीन घी प्रत्येक 15 किलोग्राम को नियमानुसार सीज कर उपरोक्त खाद्य कारोबारकर्ता की सुरक्षित अभिरक्षा में रखा गया, जिसका अनुमानित मूल्य 4690000 है। इस प्रकार कुल दो नमूने जांच हेतु संग्रहित कर प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी टीम में सहायक आयुक्त वास्ते सीएल यादव मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी डी के शुक्ल एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी गण भूपेंद्र सिंह एवं एतीस कुमार मौजूद रहे।

## पराली जलाने पर अंकुश लगाने के हरियाणा के प्रयासों की सराहना



**चंडीगढ़,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने पराली जलाने से होने वाला प्रदूषण नियंत्रित करने के लिये राज्य सरकार के प्रयासों पर मुहर लगाने के वास्ते उच्चतम न्यायासलय की उस टिप्पणी का स्वागत किया जिसमें उसने पराली से सम्बंधित वित्तीय प्रोत्साहन देने के तरीके के लिये पंजाब को हरियाणा से सीख लेने की नसीहत दी है। श्री खट्टर ने मंगलवार को यहां कहा कि उच्चतम न्यायालय ने पूरी तरह से स्पष्ट कर दिया है कि वास्तव में पराली के मामले में दोषी कौन है। उन्होंने इस कठिन कार्य को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिये अपने किसानों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पराली जलाने की समस्या को गम्भीरता से लिया है और किसानों के सहयोग से इसे जलाने की घटनाओं में कमी लाने में काफी सफलता पायी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदूषण एक ऐसा मुद्दा है जो स्वास्थ्य से सम्बंधित है और इस पर राजनीति नहीं होनी चाहिये। इस समस्या के समाधान के लिये सभी को मिलकर काम करने की जरूरत है, लेकिन दुख की बात है कुछ राजनीतिक दल और पड़ोसी राज्यों की सरकारें इस पर राजनीति कर रही हैं।

वर्ष 2021 में हरियाणा में पराली जलाने की 5993 घटनायें सामने आयीं जबकि 2022 में यह घटकर 3233 रह गईं। इसी तरह वर्ष 2023 में ये और कम होकर 1986 रह गयीं। वर्ष 2022 से 2023 के बीच राज्य में पराली जलाने की घटनाओं में 39 प्रतिशत की कमी आयी है जबकि पंजाब में इस वर्ष पराली जलाने की 31932 घटनायें सामने आयी हैं जो राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में प्रदूषण का मुख्य कारण हैं। श्री खट्टर ने कहा कि राज्य में पराली जलाने की घटनाओं में गिरावट से यह साबित होता है कि फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर सरकार किसानों को जागरुक करने में सफल रही है।

### सार संक्षेप

#### तेज रफ्तार ट्रक ने दो को कुचला, एक की मौत

**हरिद्वार।** लक्सर रोड पर सुल्तानपुर क्षेत्र में एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दो लोगों के कुचल दिया। जिससे मौके पर दर्दनाक मौत हो गयी। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हुआ है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घायल को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया जिसकी तलाश जारी है। मिली जानकारी के अनुसार सुल्तानपुर स्थित हनुमान चैक के समीप बाइक पर सवार होकर दो लोग लक्सर की ओर जा रहे थे, जिन्हें तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया। जिसके बाद मौके पर भीड़ जमा हो गयी। हादसे के की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लिया तथा घायल को उपचार के लिए चिकित्सालय भेज दिया गया। हादसे में रतीराम उम्र 58 वर्ष निवासी पंडित पुरी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि विजेंद्र पुत्र कलीराम निवासी सुल्तानपुर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद ट्रक चालक मौके पर वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस फरार आरोपित की तलाश में जुटी है।

#### बनभूलपुरा में पुलिस ने चलाया सत्यापन अभियान, कई लोगों के काटे चालान

**हल्द्वानी।** आपराधिक वारदातों पर अंकुश लगाने के मकसद से पुलिस ने बनभूलपुरा क्षेत्र में सत्यापन अभियान चलाया। इस दौरान कई लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई भी की गई। पुलिस द्वारा चलाए गए सत्यापन अभियान से क्षेत्र में हडकंप का माहौल रहा। पुलिस ने मकान स्वामियों को किराएदारों का सत्यापन कराने की हिदायत दी है। साथ ही चेताया है कि अगर बिना सत्यापन के किराएदारों को रखा गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। मंगलवार की तडके एसपी सिटी हरवंश सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बनभूलपुरा क्षेत्र में वृहद स्तर पर सत्यापन अभियान चलाया। सुबह-सुबह चार बजे चलाए गए सत्यापन अभियान से क्षेत्र में अफरार तफरी का माहौल देखने को मिला। इस दौरान दर्जनों लोगों के चालान भी काटे गए। सत्यापन अभियान सफदर का बगीचा, लाइन नंबर 17, लाइन नंबर 12, नई बस्ती, गफूर बस्ती, बरेली रोड, आंवला चैकी गेट आदि क्षेत्रों में चलाया गया। सत्यापन अभियान के दौरान एसपी सिटी हरवंश सिंह के अलावा सीओ भूपेंद्र सिंह धौनी, कोतवाल हरेंद्र चैधरी, एसओ बनभूलपुरा नीरज भाकुनी, एसओ मुखानी प्रमोद पाठक, एसओ काठगोदाम विमल मिश्रा समेत तमाम एक प्लाटून पीएसी व पुलिस कर्मी भी मौजूद रहे।

#### सुडोकू 6383 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 | 1 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |
| 1 | 6 | 9 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 8 |
| 9 | 5 | 6 | 4 | 3 | 7 | 2 | 8 | 1 |
| 4 | 7 | 8 | 9 | 1 | 2 | 5 | 6 | 3 |
| 3 | 1 | 2 | 6 | 5 | 8 | 9 | 7 | 4 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 8 | 1 | 4 | 9 | 5 |
| 8 | 4 | 1 | 2 | 9 | 5 | 6 | 3 | 7 |
| 5 | 9 | 7 | 3 | 4 | 6 | 8 | 1 | 2 |

## हादसे के 10वें दिन जिला प्रभारी मंत्री पहुंचे घटनास्थल पर

**उत्तरकाशी,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। सिलक्यारा टनल में फंसे 41 मजदूरों को निकालने के लिए राहत बचाव का कार्य जारी है। पिछले 10 दिन से टनल से मजदूरों को रेस्क्यू करने की कोशिश लगातार की जा रही है। अब इंटरनेशनल टनलिंग अंडरग्राउंड स्पेस के अध्यक्ष प्रोफेसर अर्नोल्ड डिक्स भी उत्तरकाशी पहुंच चुके हैं। राहत की बात है कि अब 6 इंच वाली पाइप के जरिए मजदूरों के लिए गर्म खाना भेजा जा रहा है। लेकिन गजब की बात है कि उत्तरकाशी जिले के प्रभारी मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल घटना के 10वें दिन उत्तरकाशी के लिए रवाना हुए हैं। घटनास्थल के छठवें दिन यानी 17 नवंबर को उत्तरकाशी के प्रभारी मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल के घटना स्थल पर ना जाने को लेकर खबर प्रकाशित की थी। खबर प्रकाशित किए जाने के बाद अब प्रभारी मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल उत्तरकाशी के लिए रवाना हुए। तय कार्यक्रम के मुताबिक दोपहर करीब 3 बजे कैबिनेट मंत्री एवं उत्तरकाशी जिले के प्रभारी मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल घटना स्थल पर पहुंच गए हैं। जहां वे राहत एवं बचाव कार्यों का निरीक्षण कर रहे हैं।

## 30 नवम्बर तक सड़कों को गड्ढ़ा मुक्त न बनाने वाले अफसरों पर होगी कार्रवाई: धामी



- सचिव लोनिवि एवं अन्य सर्कल ऑफिसरों को सड़कों का स्थलीय निरीक्षण करने के दिये निर्देश
- निरीक्षण के दौरान मौके पर ही निलंबित होगें लापरवाह अधिकारी
- निगरानी के लिए नोडल अधिकारी बनाए गए

**देहरादून,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सचिवालय में लोक निर्माण विभाग की बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि 30 नवम्बर तक सड़को को पूर्ण रूप से गड्ढा मुक्त बनाया जाय। सचिव लोक निर्माण विभाग एवं अन्य सर्कल ऑफिसर सड़कों का स्थलीय निरीक्षण करें। उन्होंने निर्देश दिये कि निर्धारित समयावधि में सड़को के गड्ढ़ा मुक्त न होने की स्थिति में और कार्यों के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही पर संबंधित अधिकारियों पर मौके पर ही निलंबन की कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे कभी भी सड़कों के निर्माण कार्यों एवं पैच वर्क से संबधित कार्यों का औचक निरीक्षण कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि स्मार्ट सिटी के कार्यों और आतंरिक सड़क मार्गों के कार्यों में भी युद्धस्तर पर कार्य किये जाएं। शहर में सड़कों के निर्माण कार्य रात्रि के समय तेजी से किये जाएं। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये जो भी सड़के बनाई जा रही हैं, उनमें गुणवत्तापूर्वक कार्य हो, इसकी निगरानी के लिए सचिव लोक निर्माण विभाग को नोडल अधिकारी बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि जहां पर भी निर्माण कार्य प्रगति पर है वहां पर बैरिकेटिंग सही तरह से लगे, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि लोगों को आवागमन के लिए अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। सड़कों पर डिवाईडर, रिफ्लेक्टर, साइनेज लाईटिंग की अच्छी व्यवस्थाएं रखने के निर्देश भी मुख्यमंत्री ने दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि देहरादून में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट और आपदा प्रबंधन पर 6वीं अन्तरराष्ट्रीय कांग्रेस दो बड़े आयोजन होने इसके दृष्टिगत भी सभी तैयारियां समय पर पूर्ण कर ली जाएं। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि जिन क्षेत्रों में पानी का बहाव अधिक होता है, ऐसे क्षेत्रों में व्हॉइट टापिंग तकनीक का प्रयोग किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि यह भी सुनिश्चित किया जाए की सड़कों पर बिजली के तार न झूल रहे हों। सड़कों के चैड़ीकरण के दौरान बिजली के पोल को भी सड़कों से बाहर शिफ्ट किया जाए। सड़कों पर किसी को भी अतिक्रमण न करने दिया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में पर्यटन एवं तीर्थाटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण राज्य है। राज्य में पर्यटकों और श्रद्धालुओं की संख्या में हर साल तेजी से वृद्धि हो रही है। इसके लिए रोड कनेक्टिविटी का मजबूत होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि सड़कों के विस्तार और विद्युत उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए हमें तेजी से आगे बढ़ना होगा। बैठक में अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, सचिव डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, अपर सचिव विनीत कुमार, नगर आयुक्त मनुज गोयल एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## हर हाथ में हो किताब अभियान चला रही उत्तराखण्ड पुलिसः डीजीपी

### बोले बच्चों को उनका बचपन देना जरूरी




**देहरादून,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। ऑपरेशन मुक्ति के सम्बन्ध में आमजन को जागरूक किये जाने के लिए पुलिस लाईन देहरादून में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डीजीपी अशोक कुमार, ने कहा कि उत्तराखण्ड पुलिस का यह अभियान भिक्षा नहीं शिक्षा की ओर अग्रसर है। 'हर हाथ में हो किताब' इस उद्देश्य के साथ पुलिस विभाग ने अन्य संस्थाओं के सहयोग से ऑपरेशन मुक्ति अभियान चलाया रही है। उन्होंने कहा कि बच्चों को उनका बचपन देना जरुरी है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि बच्चों को भिक्षा देकर हम उनकी मदद नहीं करते, बल्कि उन्हें भिक्षावृत्ति की ओर धकेल रहे हैं, जिसके दूरगामी परिणाम समाज के हित में नहीं हैं। ड्रॉपआउट की समस्या पर उन्होंने ऑपरेशन मुक्ति टीम को सम्बोधित करते हुए कहा कि बच्चों की स्कूली शिक्षा दीक्षा एवं कल्याण के लिए प्रचलित सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर बच्चों को उनसे भी लाभान्वित करने का प्रयास करें। वर्ष 2017 से प्रारम्भ किये गये इस अभियान में अभी तक 3603 बच्चों का स्कूल में दाखिला कराया गया है। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि ऑपरेशन मुक्ति अभियान में पुलिस कर्मियों की विशेष कार्ययोजना से मिले सकारात्मक परिणाम हम सबके सामने हैं।

इससे पूर्व कार्यक्रम के दौरान पुलिस महानिदेशक उत्तराखण्ड द्वारा अभियान के अन्तर्गत विद्यालयों में दाखिला कराये गये बच्चों को आवश्यक पाठन सामग्री वितरित की गयी। कार्यक्रम में राजकीय प्राथमिक विद्यालय शिवनगर सेलाकुई, राजकीय प्राथमिक विद्यालय रायपुर, प्राथमिक स्कूल रानीपोखरी एवं खुड़बुड़ा के बच्चों द्वारा मनमोहक कविता का प्रस्तुतिकरण किया गया। इस अवसर पर अभियान में सहयोग करने वाले आरोग्यधाम अस्पताल के डॉ विपुल कंडवाल, आदित्य बिड़ला के जोनल हेड डॉ. अभिषेक कपूर, एसडीएफसी के सर्किल हेड डॉ बकूल सिक्का, एडिटर मोहम्मद सलीम सैफी, रिटायर्ड बैंक मैनेजर एसपी जयसवाल, बचपन बचाव आन्दोलन से सुरेश उनियाल, रिटार्ड साईन्टिस्ट डॉ टीएन जौहर को पुलिस महानिदेशक, उत्तराखण्ड ने सम्मानित किया। अभियान की टीम में जनपद देहरादून, हरिद्वार, ऊधमसिंहनगर, नैनीताल में चार टीम उपनिरीक्षक-1, आरक्षी-4, 4 टीमों में से 1 टीम एण्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की। शेष जनपदों में एण्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की टीम ने उक्त अभियान को चलाया। रेलवेज में भी एक टीम उपनिरीक्षक-1, आरक्षी-4 का गठन किया गया।

प्रत्येक टीमों की सहायता के लिए 1-1 विधिक अभियोजन अधिकारी एवं टेक्निकल टीम डीसीआरबी को शामिल किया गया है। इस कार्यक्रम मे अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध एवं कानून व्यवस्था एपी अंशुमान, पुलिस महानिरीक्षक, गढ़वाल परिक्षेत्र करन सिंह नगन्याल , एसएसपी अजय सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## दिल्ली हाट में प्रदर्शित किए जाएंगे हिमाचली हस्तशिल्प उत्पाद

शिमला, 21 नवम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश सरकार के एक प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि 16 से 31 दिसम्बर, तक दिल्ली में आयोजित होने वाले दिल्ली हाट में राज्य के विभिन्न उपक्रमों द्वारा 60 स्टॉल स्थापित किए जाएंगे जिसमें से हिमक्रॉफ्ट निगम द्वारा 35 स्टॉल, हिमाचल प्रदेश विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण परिषद द्वारा 5 स्टॉल और राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा 20 स्टॉल स्थापित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त आगतुंकों को हिमाचल प्रदेश के पारम्परिक व्यंजन परोसने के लिए 5 अन्य स्टॉल भी स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि दिल्ली हाट में भाग लेने के इच्छुक कारीगरों और शिल्पियों को अपने विस्तृत विवरण, कला, हस्तशिल्प और अन्य गतिविधियों की जानकारी के साथ प्रबंध निदेशक, हिम क्राफ्ट और अन्य प्रतिभागी विभागों से सम्पर्क करना होगा। इसके दृष्टिगत एक कमेटी का गठन किया गया है जो अंतिम निर्णय लेगी। हस्तशिल्पियों को रोजमर्रा के खर्च के लिए प्रति स्टॉल प्रति दो व्यक्ति 3000 रुपए की राशि प्रदान की जाएगी। प्रवक्ता ने बताया कि इस आयोजन का शुभारम्भ 18 दिसम्बर को राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल करेंगे। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू 30 दिसम्बर, 2023 को आयोजन के समापन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। आयोजन के दौरान भाषा, कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा प्रदेश की समृद्ध संस्कृति पर आधारित सांस्कृति कार्यक्रमों की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र होगी।

## पीएसपीसीएल द्वारा औद्योगिक सुविधा सेल की शुरुआत : हरभजन सिंह



**चंडीगढ़,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। औद्योगिक क्षेत्र के लिये सेवाओं को प्राथमिकता देने और उचित बनाने के लिए पंजाब स्टेट पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड (पी.एस.पी.सी.एल) ने एक समर्पित सेल-औद्योगिक सुविधा सेल (आई.एफ.सी.) की शुरुआत की है जिसकी पी.एस.पी.सी.एल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक के कार्यालय द्वारा निगरानी की जायेगी। इस पहलकदमी का उदेश्य उद्योगपतियों को नये कनेक्शन जारी करना, लोड बढ़ाने और बिजली सम्बन्धी अन्य मामलों से सम्बन्धित मुद्दों को तुरंत हल करना है। पंजाब के बिजली एवं लोक निर्माण मंत्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ ने मंगलवार को बताया कि सितम्बर में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के साथ अमृतसर, जालंधर, लुधियाना और एसएएस नगर (मोहाली) जैसे प्रमुख औद्योगिक हबों में उद्योगपतियों के साथ बैठकें की थीं। उन्होंने कहा कि आई.एफ.सी की स्थापना इस क्रमानुसार बैठकों के दौरान उद्योगपतियों द्वारा उठायी गयी मांगों को ध्यान में रखते हुये की गयी है।

बिजली मंत्री ने कहा कि इन बैठकों के दौरान उद्योगपतियों द्वारा बिजली आपूर्ति और रख-रखाव सम्बन्धी अलग-अलग चिंतायें व्यक्त की गयीं थी। इन समस्याओं को तुरंत हल करने के लिए एक समर्पित विधि की जरूरत पर जोर दिया था। उन्होंने कहा कि उद्योगपतियों की इन चिंताओं के हल के लिए पंजाब सरकार द्वारा पी. एस. पी. सी. एल के ढांचे में औद्योगिक सुविधा सेल की स्थापना करने के लिए तेज़ी से कार्रवाई की गई। आई. एफ. सी द्वारा पेश की जाने वाली नयी सेवाओं के बारे विस्तार में बताते हुए बिजली मंत्री ने कहा कि एक समर्पित हेल्पलाइन व्हाट्सऐप नंबर 9646119141 और एक ईमेल पता लांच किया गया है। उन्होंने कहा कि यह संचार माध्यम उद्योगपतियों और आई. एफ. सी के दरमियान निर्विघ्न बातचीत की सुविधा प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि उद्योगपति अब लिखित तौर पर इस व्हाट्सऐप या ईमेल के द्वारा आसानी से अपनी शिकायतें दर्ज करवा सकते हैं और इन शिकायतों की तरफ तुरंत ध्यान देते हुये इनको पहल के आधार पर निपटाया जायेगा। बिजली मंत्री ने कहा कि आई. एफ. सी की स्थापना से समस्याओं के हल में तेज़ी आयेगी और यह सेल औद्योगिक क्षेत्र और पी. एस. पी. सी. एल के बीच संचार को और मज़बूत करेगा।

## जसपुर की फीका नदी में अवैध खनन पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक



### डीएम से चार हफ्ते में मांगा जवाब

नैनीताल। उत्तराखंड हाईकोर्ट नैनीताल ने उधमसिंह नगर के तहसील जसपुर की फीका नदी में अवैध खनन किए जाने के मामले पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ ने जिला अधिकारी उधमसिंह नगर को निर्देश दिए हैं कि अवैध खनन पर रोक लगाएं। उधमसिंह नगर के जिलाधिकारी से चार सप्ताह के भीतर जवाब भी मांगा गया है। मामले की अगली सुनवाई के लिए जनवरी पहले सप्ताह की तिथि नियत की गई है। मामले के अनुसार जसपुर निवासी फईम अहमद ने नैनीताल हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी। फईम अहमद ने अपनी जनहित याचिका में कहा है कि तहसील जसपुर के किशनपुर, पूरनपुर, गूलरभौजी, राजपुर, विक्रमपुर आदि क्षेत्रों में फीका नदी बहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि अनीश अहमद, शमीम अहद, अहसान, फैजान और इलाके के चार पांच अन्य लोगों के द्वारा अवैध खनन करने के साथ साथ फीका नदी के किनारों से मिट्टी का खुदान भी किया जा रहा है।फईम अहमद के अनुसार इस वजह से राज्य सरकार को राजस्व का नुकसान होने के साथ किसानों को खेती करने में कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जब इसकी शिकायत प्रशासन से की गई, तो प्रशासन ने उनकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की। फईम अहमद का आरोप है कि खनन माफिया आपराधिक किस्म के लोग हैं। अवैध खनन को बढ़ावा देने के लिए पुलिस इनको सहयोग कर रही है। जनहित याचिका में कोर्ट से प्रार्थना की गई है कि नदी में हो रहे अवैध खनन पर रोक लगाई जाए।

# प्रादेशिकी

## पुलिस ने शस्त्र बनाने की फैक्ट्री सहित तीन को किया गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। पुलिस व एसओजी टीम को सोमवार को बड़ी कामयाबी मिली। दोनों के संयुक्त अभियान में शस्त्र बनाने की फैक्ट्री सहित तीन को गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष कंपिल अशोक कुमार, एसओजी प्रभारी अमित गंगवार व सर्विलांस टीम नें थाना कम्पिल के ग्राम रैदा मजरा शादनगर खेतों से संचालित हो रही शस्त्र फैक्ट्री पकड़ी जिसमे कुल 37 अधबनें असलहें, 20 देशी तमंचा 12 बोर, 9 तमंचा 315 बोर, 4 अधवने तमंचे बाड़ी, 3 अधवने नाल 12 बोर, 1 देशी राइफल की नाल 315 बोर आदि सामग्री बरामद की। मौके से थाना कंपिल के नगला रैंदा निवासी पवन कुमार पुत्र रोशन लाल, राकेश पुत्र काली चरन व ग्राम सिरसा निवासी प्रमोद शर्मा पुत्र हरिनन्दन को गिरफ्तार किया। पुलिस लाइन सभागार में एसपी नें मामले का अनावरण किया।

## समयबद्ध तरीके से हो राजस्व वादों का निस्तारण : सुधीर गर्ग

- संतोषजनक जवाब न मिलने पर हो सकती है बड़ी कार्रवाई
- अक्टूबर माह की समीक्षा बैठक में सामने आई लापरवाही
- राजस्व मामलों के निस्तारण में लापरवाही पर सात मंडलायुक्तों व सात जिलाधिकारियों से जवाब तलब

**लखनऊ,** 21 नवबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर राजस्व वादों के निस्तारण में लेटलतीफी, लापरवाही, अनियमितता बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अक्टूबर माह में राजस्व वादों के खराब निस्तारण पर प्रदेश के सात मंडलायुक्त और सात जिलाधिकारियों से जवाब तलब किया है। वहीं माना जा रहा है कि जवाब संतोषजनक जवाब न मिलने पर अधिकारियों के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जा सकता है। अपर मुख्य सचिव राजस्व सुधीर गर्ग ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के विभिन्न राजस्व न्यायालयों में लम्बित राजस्व वादों के त्वरित और समयबद्ध निस्तारण के लिए 60 दिन का विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। साथ ही विशेष अभियान की हर मंगलवार को शासन स्तर पर समीक्षा करने के निर्देश दिए थे। ऐसे में अक्टूबर माह की समीक्षा बैठक में पाया गया कि प्रदेश के सात मंडलायुक्त (वाराणसी, सहारनपुर, आजमगढ़, बस्ती, चित्रकूट धाम, अयोध्या, अलीगढ़) और सात जिलाधिकारी (बागपत, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, चित्रकूट, ललितपुर, अमरोहा) द्वारा राजस्व के लंबित और नए वादों के निस्तारण में लापरवाही बरती जा रही है। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर शासन ने लापरवाह अधिकारियों से जवाब तलब किया है। साथ ही लम्बित राजस्व वादों का मानक एवं निर्धारित लक्ष्य के अनुसार समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराने के सख्त निर्देश दिये हैं। वहीं माना जा रहा है कि जवाब संतोषजनक न मिलने पर बड़ी कार्रवाई की जा सकती है। अपर मुख्य सचिव राजस्व ने बताया कि प्रदेश के पांच मंडलों में लंबित मामलों के निस्तारण में लापरवाही बरती जा रही है। उन्होंने बताया कि वाराणसी मंडल में चार राजस्व न्यायालय हैं, जहां पर 440 लंबित राजस्व वादों के सापेक्ष 82 वादों का ही निस्तारण किया गया। इसी तरह सहारनपुर मंडल में चार राजस्व न्यायालय हैं, जहां पर 280 लंबित राजस्व वादों के सापेक्ष 54 वादों का ही निस्तारण किया गया जबकि आजमगढ़ मंडल में पांच राजस्व न्यायालय हैं, जहां पर 481 लंबित राजस्व वादों के सापेक्ष 126 वादों का ही निस्तारण किया गया।

## अवैध अतिक्रमण के खिलाफ हरकत में आई थाना पुलिस



**मवाना,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। मुख्य मार्ग पर लगने वाले जाम की शिकायत के बाद अवैध अतिक्रमण व पार्किंग को हटाए जाने के आदेश के मवाना पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया है। सोमवार को पुलिसए प्रशासन ने नगर पंचायत के साथ मिलकर कस्बा में अस्थाई अतिक्रमण हटवाया। वहीं अतिक्रमण करने वालों को कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। मेरठ हस्तिनापुर मार्ग पर अवैध अस्थाई अतिक्रमण के चलते लगने वाले जाम के खिलाफमवाना पुलिस और नगर पालिका सोमवार को हरकत में नजर आई। सोमवार को थाना पुलिस और नगर पालिका के संयुक्त तत्वाधान में मुख्य मार्ग के दोनों और फुटपाथ पर अवैध रुप से किए गए अस्थाई अतिक्रमण को हटाया।

## शिक्षिकाओं में सोनिया व छात्राओं में दिव्या ने बाजी मारी




**मवाना,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। नगर स्थित ए एस इंटर कॉलेज मवाना मेरठ में भारत निर्वाचन आयोग के तत्वावधान में मतदाता जागरूकता हेतु जिलाधिकारी दीपक मीणा व मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल के निर्देशन में विद्यालय में आयोजित कराए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत छात्राओं के द्वारा वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया जिसमें शिक्षिकाओं तथा छात्राओं के मध्य प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया शिक्षिकाओं में सोनिया ने बाजी मारी कोऑर्डिनेटर अंजू सिंह वह प्रॉक्टर विभा जैन को पछाड़ा तथा अंग्रेजी माध्यम की कक्षा 10 की दिव्या ने प्रथम स्थान प्राप्त किया ए दूसरे स्थान पर माही तथा तीसरे स्थान पर पूर्वी व पूर्णिमा रहे विद्यालय के प्रबंधक पवन कुमार रस्तोगी व प्रधानाचार्य डॉक्टर मेघराज सिंह ने छात्र.छात्राओं व शिक्षिकाओं को उत्कृष्ट कार्य के लिए शुभकामनाएं प्रदान की।

## जीटीबी के संस्थापन की याद में इंटर स्कूल डिबेट प्रतियोगिता आयोजित



- एआई से दिमाग पर होने वाले दुष्प्रभाव पर कराई वाद-विवाद प्रतियोगिता
- आस-पास के करीब 26 स्कूलों के विद्यार्थियों ने की प्रतिभागिता
- प्रतियोगिता को दो अलग-अलग टीमों में बांटा गया
- छात्रों ने पक्ष-विपक्ष में रहकर विचार व्यक्त किए
- गुरू तेग बहादुर पब्लिक स्कूल के संस्थापक चौधरी नरेन्द्र सिंह की याद में आयोजन किया गया

**मेरठ,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। मंगलवार को कैंट के वेस्ट एण्ड रोड स्थित गुरू तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में इंटर स्कूल डिबेट कॉम्पीटिशन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम गुरू तेग बहादुर पब्लिक स्कूल के संस्थापक चौधरी नरेन्द्र सिंह की याद में आयोजित किया गया था। जिसमें गुरू तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में पंद्रहवां इंटर स्कूल डिबट आर्टिफिशयल इंटेलिजेंन्स इस निगेटिवली इम्पेक्टिंग दॉ यंग्स माइंड्स पर वाद–विवाद प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। जिसममें लगभग 26 स्कूलों ने प्रतिभाग किया। डिबेट का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। प्रतियोगिता को दो टीमों में विभाजित किया गया। एक टीम ने पक्ष में तथा दूसरी टीम ने विपक्ष में अपने विचार प्रस्तुत किए गए। बच्चों के विचारों को सुनने के लिए नरेश कुमार कुशवाह, शर्मिला बासु रॉय तथा सचिन आहुजा टीम में रहें। पक्ष में बोलते हुए प्रथम स्थान पर यूविका ठाकुर, गुरू तेग बहादुर पब्लिक स्कूल, द्वितीय स्थान भावी सिंह मेरठ पब्लिक स्कूल व अंश कालका पब्लिक स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

विषय के विपक्ष में विचार रखते हुए प्रथम स्थान पर एनी त्यागी, मेरठ पब्लिक स्कूल, द्वितीय वर्धमान एकेडमी तथा दर्श खारी, गुरू तेग बहादुर पब्किल स्कूल से तीसरे स्थान पर रहे। प्रधानाचार्य, डॉ. कर्मेन्द्र सिंह एवं ज्यूरी मैम्बर्स ने विजेताओं को पुरस्स्कार वितरण किया गया। परिणामस्वरूप रॉलिंग टॉर्फी मेरठ पब्लिक स्कूल, मेन विंग के नाम रही। डिबेट कॉम्पीटिशन में उपस्थित ज्यूरी, चीफगेस्टस, प्रिसिंपल्स, टीचर्स आदि ने सभी बच्चों के विचारों को सराहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रभा रॉव, अंजिल शर्मा, विशाल गौड़, भारती नागर, पूजा मेहता, शीरी, मनमोहन सिंह, ईशा जैन, गुंजन जैन, हरषो साहनी, आशिमा खन्ना आदि का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में चौयरमेन इंद्रजीत सिंह सालवान एवं प्रधानाचार्य डॉ. कर्मेन्द्र सिंह ने डिबेट में उपस्थित सभी का तहे दिल से धन्यवाद व्यक्त किया तथा कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास की भावना को ओर जाग्रत किया जा सकता है तथा उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित भी करती है।

## हक की बात डीएम के साथ कार्यक्रम आयोजित

**मेरठ,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश में महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षा सम्मान तथा स्वावलंबन हेतु मिशन शक्ति के विशेष अभियान मेगा इवेंट हक की बात जिलाधिकारी के साथ कार्यक्रम का आयोजन लाला लाजपत रॉय स्मारक मेडिकल कालेज के ऑडिटोरियम में किया गया जिसमें जनपद स्तर पर यौन हिंसा, लैंगिक समानता, घरेलू हिंसा, कन्या भ्रूण हत्या, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न तथा दहेज चिंता से पीड़ित महिलाओं के संरक्षण तथा सुरक्षा तंत्र के संबंध में सुझावों एवं सहायता के संबंध में विभिन्न विद्यालयों व विश्वविद्यालय के छात्र–छात्राओं द्वारा संवाद किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी दीपक मीणा, मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल, उप जिलाधिकारी सदर गामिनी सिंगला व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्रुति शर्मा द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम में मल्लू सिंह आर्य कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत गाकर अधिकारीगण का स्वागत किया गया। श्रावस्ती कल्चरल पार्टी द्वारा योजनाओं के संबंध में गीत गाकर मनमोहन प्रस्तुति प्रदर्शित की गई साथ ही मल्लू सिंह आर्य कन्या इंटर कॉलेज व रघुनाथ गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा महिला सशक्तिकरण व बाल विवाह पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर सभागार में उपस्थित लोगों को जागरूक किया गया व लोगों से अपील की कि वे बाल विवाह को विरोध करें वह समाज से इस कुरीति को मिटाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

## कार्यालय-खण्ड विकास अधिकारी रजपुरा, मेरठ

पत्रांक : 4011/लेखा0/निविदा./2023–24 दिनांक 21/11/2023

E-Tender Notice (ई–निविदा आमन्त्रण सूचना)

महामहिम राज्यपाल महोदया, उ0प्र0 की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि से कार्य कराये जाने हेतु उ0प्र0 इलैक्टोनिक लिमेटिड में पंजीकृत ठेकेदार से दिनांक 23–11–2023 से 02–12–2023 तक अपरान्ह 2.00 बजे तक आनलाईन निविदा आमन्त्रित की जाती हैं। निविदा सम्बन्धी समस्त नियम व शर्तें ई – निविदा पोर्टल https://etender.up.nic. पर उपलब्ध है। इच्छुक शासकीय विभाग में पंजीकृत ठेकदारों द्वारा दिनांक 02–12–2023 अपराहन 2–00 बजे तक अपनी निविदायें उपरोक्त ई –निविदा पोर्टल की वेबसाइट पर अपलोड की जा सकती है। निविदादाता द्वारा 02 प्रतिशत धरोहर राशि एफ डी0आर0 खण्ड विकास अधिकारी रजपुरा के नाम बन्धक कराकर अपलोड करनी होगी। शेष 8 प्रतिशत धरोहर राशि निविदा स्वीकृति के समय एफ डी0आर0 खण्ड विकास अधिकारी रजपुरा के नाम बन्धक कराकर जमा करनी होगी अन्यथा भुगतान के समय कटौती कर ली जाएगी। वेबसाइट पर प्राप्त निविदा दिनांक 02–12–2023 को अपराहन 3–00 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके द्वारा नामित प्रतिनिधि के समक्ष अधोहस्ताक्षरी द्वारा गठित समिति द्वारा खोली जायेगीं। अवकाश/ अपरिहार्य स्थिति में यह निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। निविदादाता द्वारा निविदा सम्बन्धी समस्त प्रपत्र कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी–रजपुरा, मेरठ को ई टेन्डरिंग के माध्यम से निविदा सबमिट करने की अन्तिम तिथि से एक कार्य दिवस के अन्दर पंजीकृत डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से उपलब्ध कराना अनिवार्य है ऐसा न करने की स्थिति में निविदा नॉन रेसपोन्सिव मानी जायेगी। निविदा सम्बन्धी नियम एवं षर्तों की जानकारी दिनॉक 23–11–2023 को प्रातः 10–00 बजे से दिनॉक 02–12–2023 को अपरान्ह 1.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**रजपुरा, मेरठ।**

## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी–रजपुरा (मेरठ)

पत्रॉक : 4012/लेखा0/टेन्डर नोटिस/23–24 दिनॉक 21–11–2023

–:निविदा आमंत्रण सूचना:–

एतद् द्वारा महामहिम राज्यपाल महोदया उ0प्र0 की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा सांसद निधि/पंचम राज्य वित्त/15 वॉ वित्त आयोग निधि से निम्न कार्य कराये जाने हेतु पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक निविदादाता दिनॉक 22–11–2023 से दिनॉक 05–12–2023 तक प्रातः 10.00 बजे से अपराहन 2.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से खाता संख्या प्राप्त कर खण्ड विकास अधिकारी रजपुरा के खाते में निविदा प्रपत्र मूल्य जमा कराकर निविदा क्रय कर सकते हैं तथा दिनॉक 05–12–2023 अपराहन 2.00 बजे तक कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निविदा प्रपत्र के साथ फर्म का पंजीयन प्रमाण पत्र, श्रम कार्यालय का पंजीयन प्रमाण पत्र, पैन नं0, जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेषन नं0, षपथ पत्र, क्रास चैक संलग्न करना अनिवार्य है। निविदादाता द्वारा 2 प्रतिशत/10 प्रतिशत धरोहर राशि एफ0डी0आर0 खण्ड विकास अधिकारी रजपुरा के नाम बन्धक कराकर देनी होगी। निविदा उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष दिनॉक 05–12–2023 को अपराह्न 3–00 बजे खोली जायेगी। निविदा की अन्य षर्ते निविदा के साथ दी जायेगी। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार खण्ड विकास अधिकारी में निहित है।

| क्र0 सं0 | मद | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत लाख रू0 | 10 प्रति0 धरोहर राशि रू0 | निविदा प्रपत्र मूल्य 18 प्रति0 जी0एस0टी0 स्टेशनरी चार्जेज कुल मूल्य रू0 | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 15वित /रा0वि | ग्राम लडपुरा वाले रास्ते से अनुपम के मकान तक सी0सी0/इन्टरलाकिंग टाईल्स निर्माण कार्य | 240000–00 | 24000–00 | 225+41+500=766 | तीन माह |
| 02 | 15वित /रा0वि | ग्राम पी0 पी0 सांवल में महेश के मकान से मुख्य मार्ग तक सी0सी0/इन्टरलाकिंग टाईल्स निर्माण कार्य | 300000–00 | 30000–00 | 225+41+500=766 | तीन माह |
| 03 | 15वित /रा0वि | ग्राम अम्हैड़ा में मुकुट के मकान से उमेश के मकान तक सी0सी0/इन्टरलाकिंग टाईल्स निर्माण कार्य | 480000–00 | 48000–00 | 225+41+500=766 | तीन माह |
| 04 | 15वित /रा0वि | ग्राम साधारणपुर में चरन सिंह के मकान से प्राईमरी स्कूल तक सी0सी0/इन्टरलाकिंग टाईल्स निर्माण कार्य | 480000–00 | 48000–00 | 225+41+500=766 | तीन माह |
| 05 | 15वित /रा0वि | ग्राम सिसौली में गढ़रोड से शहीद अनिल तोमर की प्रतिमा के सामने से प्राईमरी स्वास्थ केन्द्र की ओर सी0सी0/इन्टरलाकिंग टाईल्स निर्माण कार्य | 800000–00 | 80000–00 | 300+54+500=854 | तीन माह |
| 06 | 15वित /रा0वि | ग्राम सिसौली में ओम धर्म काटें किशोरी मास्टर की ओर सी0सी0/इन्टरलाकिंग टाईल्स निर्माण कार्य | 800000–00 | 80000–00 | 300+54+500=854 | तीन माह |
| 07 | 15वित /रा0वि | ग्राम रजपुरा में बिजली के घर से जोनी के घर तक सी0सी0/इन्टरलाकिंग टाईल्स निर्माण कार्य | 480000–00 | 48000–00 | 225+41+500=766 | तीन माह |
